2 फरीदाबाद
एक दूसरे के सहयोग से ही तोड़ सकते हैं कोरोना वायरस की चेन : पराग शर्मा

6 अभिमत
शराबबंदी की राजनीति

8 देश/विदेश
कोरोना वायरस पर ट्रंप और बाइडेन की नोक-झोंक

11 स्पोर्ट्स
मध्यक्रम के लिए अपनी क्षमता दिखाने का उपयुक्त मौका था: पांडे

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 254
फरीदाबाद, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




चित्रों में कृष्ण के उपदेश
पेज-12

## ‘जब कश्मीर का झंडा हमारे हाथ में होगा, तब उठाऊंगी तिरंगा’

**एजेंसी।** श्रीनगर

**एक** प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कश्मीर में 370 लागू करने के लिए विरोधियों के साथ गठबंधन बनाने वाली महबूबा मुफ्ती ने मोदी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आर्टिकल 370 की वापसी होने तक वे तिरंगा नहीं उठाएंगी और न ही चुनाव लड़ेंगी। महबूबा ने जम्मू-कश्मीर के झंडे की ओर इशारा करते हुए कहा कि तिरंगे से हमारा रिश्ता इस झंडे से अलग नहीं है। और, जब यह झंडा हमारे हाथ में आ जाएगा, तभी हम तिरंगे को उठाएंगे।



### हम एकजुट हैं और लोगों को भी होना चाहिए एकजुट

महबूबा ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो नेताओं के बीच वह अपना खून देने वाली पहली व्यक्ति होंगी। हम (नेता) एकजुट हैं और लोगों को भी एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह डॉ. फारूख अब्दुल्ला, सज्जाद लोन या किसी और नेता की नहीं, सभी की लड़ाई है। धारा-370 को निरस्त कर दिया गया था, इसलिए सरकार ने सभी जनविरोधी फैसले लेकर लोगों की भावनाओं को आहत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वे जम्मू और कश्मीर के लोगों को नहीं चाहते हैं। चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि महबूबा का चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, उन्होंने अपनी बात में यह जोड़ा कि पार्टी के नेता और सहयोगी दलों के साथी एक साथ बैठेंगे और उसी के अनुसार कोई निर्णय लेंगे।

इस सवाल पर कि क्या उन्हें भाजपा के साथ गठबंधन करने का कोई अफसोस नहीं है। महबूबा ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास करने का बहुत ज्यादा पछतावा है। वह ऐसी पार्टी से हैं, जिसका अटल बिहारी वाजपेयी भी हिस्सा थे। उन्हें बिहार में वोट हासिल करने के लिए अनुच्छेद-370 का सहारा लेना पड़ रहा है। वह जब भी नाकाम होने लगते हैं, तो वे कश्मीर और 370 जैसे मुद्दे उठाते हैं। वास्तविक मुद्दों पर वह बात ही नहीं करना चाहते।

14 महीने की नजरबंदी से रिहा होने के बाद अपने घर में बुलाई गई इस पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में महबूबा ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी देश के संविधान को अपनी पार्टी के घोषणापत्र के हिसाब से बदलने की कोशिश कर रही थी। हमारी लड़ाई अनुच्छेद-370 की बहाली तक सीमित नहीं है, बल्कि कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए भी है। कश्मीर मुद्दे से कोई भी अपनी आंखें नहीं मूंद सकता। जो ये सोचते हैं कि हम आर्टिकल-370 को भूल गए हैं, वे गलतफहमी में जी रहे हैं। यहां के लोगों ने इसके लिए बहुत से बलिदान दिए हैं। हम उनके बलिदान को बेकार नहीं जाने देंगे।

## कपिल देव को हार्ट अटैक, एंजियोप्लास्टी हुई

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारतीय** क्रिकेट टीम को पहला वर्ल्ड कप जिताने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव को हार्ट अटैक आया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीने में दर्द के बाद शुक्रवार को उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हार्ट में ब्लॉकेज के कारण कपिल देव की एंजियोप्लास्टी हुई है।

डॉक्टर्स के मुताबिक, कपिल देव की हालत स्थिर है। वे खतरे से बाहर हैं। हार्ट अटैक की खबर के बाद सोशल मीडिया पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली समेत कई फैंस ने उनके जल्द ठीक होने की दुआ की।

● विस्तृत खबर पेज-11

### नवमीं माता सिद्धिदात्री



मध्य कपाल में इनका ध्यान किया जाता है। सभी सिद्धियां प्रदान करती हैं।

मंत्र- ‘ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं सिद्धिदात्यै नमः।’

● विस्तृत सामग्री पेज-12

INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 34.03°C
न्यूनतम 24.01°C

## क्विक न्यूज

**IPL आज के मैच**
सनराइजर्स हैदराबाद VS किंग्स इलेवन पंजाब

### चेन्नई सुपर किंग्स के नौ विकेट पर 114 रन



**शारजाह।** मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को नौ विकेट पर 114 रन बनाए।

● विस्तृत खबर पेज-11

### दार्जिलिंग-सिक्किम में शस्त्र पूजा करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 24 और 25 अक्टूबर को क्रमश: दार्जिलिंग और सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। इस दौरान वह क्षेत्रों का दौरा करेंगे और सैनिकों के साथ बातचीत करेंगे। इसके अलावा दशहरा के शुभ अवसर पर वह शस्त्र पूजा भी करेंगे। वहीं, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित एक बुनियादी ढांचा परियोजना का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी।

### आलोक वर्मा बने एचपीएससी के चेयरमैन, ली शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने शुक्रवार को आलोक वर्मा को हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया। राज्यपाल ने आलोक वर्मा को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में पद की निष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे।

### पटाखा फैक्ट्री में धमाका महिलाओं समेत पांच मरे

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि केमिकल मिक्स करते समय घर्षण के चलते आग लग गई, जिससे सिलसिलेवार धमाके हुए।

### कोरोना मीटर

| | |
|---|---|
| **विश्व** | |
| कुल | 41,820,333 |
| मौतें | 1,138,955 |
| ठीक | 28,403,953 |
| **भारत** | |
| कुल | 77,81,746 |
| मौतें | 117,474 |
| ठीक | 69,65,699 |

स्रोत: www.covid19india.org

### मोदी ने तीन रैली कर 24 सीट, राहुल ने दो रैली कर 12 सीट कवर की

## बिहार को लूटा परिवार की तिजोरियां भरी

**एजेंसी।** गया



**बिहार** की राजनीति के लिए शुक्रवार का दिन काफी अहम रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में तीन रैलियों को संबोधित किया। सासाराम में जहां प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार के साथ मंच साझा किया। वहीं गया में जीतन राम मांझी के लिए प्रचार किया। भागलपुर में उन्होंने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लालू परिवार ने बिहार को लूटकर परिवार की तिजोरियां भरीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार विकास, अच्छी शिक्षा का हकदार है। इसे कौन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने विपक्ष पर एमएसपी को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि एनडीए की ही सरकार है, जिसने किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने की सिफारिश लागू की थी। बीते सालों में बिहार में 3500 किमी के राष्ट्रीय राजमार्ग या तो बने हैं या उन्हें चौड़ा किया जा रहा है। अब बिहार के गांवों में, छोटे शहरों में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था का और विस्तार होगा। जो नए कानून बने हैं उससे यहां के आम, मक्का, लीची, केले की पैदावार करने वाले किसानों को बहुत मदद मिलने वाली है। मोदी ने कहा कि एनडीए के विरोध में आज जो लोग खड़े हैं, वो देशहित के हर फैसले का विरोध कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाने का फैसला हो, ये लोग विरोध में हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को नए अधिकार देना हो, ये लोग विरोध में हैं। बिहार के रहने वालों का खून-पसीना इस देश के हर हिस्से की माटी में गुथा हुआ है। फिर भी दशकों तक वे बुनियादी जरूरतों से वंचित रहें। जबकि उनके द्वारा चुने गए नेताओं ने उनके की रुपये से अपना साम्राज्य बना डाला।

### बिहार का बीमार, लाचार बनाना रहा है इनका मॉडल

देश को तोड़ने की, देश को बांटने की वकालत करने वालों पर जब एक्शन लिया जाता है, तो ये लोग उनके साथ खड़े हो जाते हैं। इन लोगों का मॉडल रहा है बिहार को बीमार और लाचार बनाना। एनडीए के विरोध में इन लोगों ने मिलकर जो ‘पिटारा’ बनाया है, जिसे ये लोग महागठबंधन कहते हैं, उसकी रग-रग से बिहार के लोग वाकिफ हैं। वो लोग जो नक्सलियों को, हिंसक गतिविधियों को खुली छूट देते रहे, आज वो एनडीए के विरोध में खड़े हैं।

## देश दो-तीन उद्यमियों के हाथ में होगा

**एजेंसी।** नवादा



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को बिहार के नवादा में चुनावी रैली की। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत पीएम मोदी पर हमले के साथ की। उन्होंने चीन के सीमा विवाद के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा। साथ ही, बेरोजगारी का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा कि जिस भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। वहां किसानों का कर्ज माफ किया गया है। मोदी अडानी और अंबानी के लिए रास्ता साफ कर रहे हैं। ऐसा ही रहा तो देश दो-तीन उद्योगपतियों के हाथ में चला जाएगा।

राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों पर आक्रमण करने के लिए तीन कानून बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों से पूछा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का भाषण कैसा लगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि भारत 22 दिनों में कोरोना फ्री हो जाएगा। मैं फरवरी से कह रहा हूं कि भारत के गरीब, मजदूर, किसानों को कोरोना से काफी नुकसान होगा। लेकिन मेरी नहीं सुनी गई। पीएम मोदी ने कहा था कि 22 दिन में हम कोरोना को खत्म कर देंगे। आखिर कैसे? बर्तन बजाने और मोबाइल का फ्लैश लाइट जलाने से? आपने भी सोचा कि वो कह रहे हैं तो कर लेते हैं। 6-7 महीने हो गए, कोरोना बढ़ रहा है, लेकिन पीएम ने एक शब्द भी नहीं कहा।

### बिना खाना-पानी के हजारों किमी चले बिहारी

बिहार के मजदूर अपने गृह राज्य जाने के लिए बिना खाना-पानी के हजारों किमी चले। क्या पीएम ने आपकी मदद की? क्या उन्होंने कहा कि वो सोच नहीं पाए और गलती की? क्या उन्होंने कहा कि उन्होंने गलती की। क्या उन्होंने लोगों को घर जाने के लिए बस ट्रक, ट्रेन आदि का इंतजाम किया। मैं कोरोना के दौरान मजदूरों से मिला, उन्होंने मुझे कहा कि अगर पीएम ने उन्हें दो दिन दिए होते तो वे आसानी से घर पहुंच जाते। उन्हें समझ नहीं आया कि पीएम ने उन्हें एक दिन भी क्यों नहीं दिया।

बिहार के मजदूर देश के अलग-अलग हिस्सों में काम कर रहे थे। चाहे मुंबई हो, दिल्ली हो या पंजाब। जैसे हमारे जवान लद्दाख में खड़े थे, बिहार के मजदूर देश के लिए पसीना बहा रहे थे। मोदी ने आपको एक दिन भी नहीं दिया और लॉकडाउन कर दिया। उन्होंने एकबार भी नहीं सोचा कि बिहार के मजदूरों को पैसे कहां से आएगा। कहा से वे खाना और पानी लाएंगे।




सेक्टर-24 स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस बार भी नवरात्र के शुभ अवसर पर माता की भव्य चौकी का आयोजन किया गया। स्लेजहैमर समूह के डायरेक्टर प्रदीप मोहंती, एमडी केसी मोहंती, प्रवीण मोहंती एवं अंकुर कौशिक ने समस्त परिवार के साथ मां दुर्गा का गुणगान किया। सभी के लिए सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस मौके पर प्रदीप मोहंती दीप प्रज्जवलित करते हुए।

### केंद्र ने प्याज की भंडारण सीमा तय की

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने प्याज की कीमत नियंत्रण में लाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, सरकार ने प्याज व्यापारियों के लिए भंडारण की सीमा तय करने का निर्णय लिया है। इसके तहत खुदरा विक्रेता को स्टॉक में मात्र 2 टन प्याज रखने की इजाजत होगी। वहीं थोक विक्रेता को मात्र 25 टन स्टॉक रखने की इजाजत होगी। उपभोक्ता मंत्रालय की सचीव लीना नंदन ने यह जानकारी दी। लीना नंदन ने बताया कि यह पहली बार है जब हमने एक लाख मीट्रिक टन प्याज का बफर स्टॉक बनाया है, ताकि उस स्टॉक की कैलिब्रेटेड रिलीज से बढ़ती कीमत का ध्यान रखा जा सके। कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार प्याज की आपूर्ति की। अब तक 35 हजार मीट्रिक टन प्याज राज्यों को कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए दिया गया है।

## पाक को झटका, एफएटीएफ ने ‘ग्रे’ लिस्ट में रखा बरकरार

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**आतंकवादी** फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग पर नजर रखने वाली दुनिया की सबसे बड़ी संस्था फाइनेंशल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने शुक्रवार को पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए इसे ‘ग्रे’ लिस्ट में बरकरार रखा। 27 पॉइंट एक्शन प्लान को लागू करने में नाकामयाब रही इमरान सरकार से एफएटीएफ ने आतंकवाद के खिलाफ और कदम उठाने को कहा है। घरेलू राजनीति में बुरी तरह घिर चुके नियाजी के लिए यह एक और बड़ा झटका है।

इमरान खान के लिए यह इसलिए भी बेहद निराश करने वाली खबर है, क्योंकि उनकी सरकार ने एफएटीएफ की आंखों में धूल झोंकने के लिए कई हथकंडे अपनाए थे और ‘ग्रे’ लिस्ट से बाहर होने के लिए लॉबिंग फर्म कैपिटल हिल की सेवा भी ली थी। पाकिस्तान की ओर से पोषित आतंकवाद से सबसे अधिक पीड़ित रहे भारत ने शुक्रवार की बैठक से पहले टोन सेट कर दिया था और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से नामित आतंकवादियों जैसे जैश-ए-मोहम्मद चीफ मसूद अजहर, लश्कर-ए-तैयबा ऑपरेशन कमांडर जकिउर रहमान लखवी और दाऊद इब्राहिम के लिए सुरक्षित पनाहगाह बने रहने को लेकर जमकर फटकार लगाई थी।

## एसपी ऑफिस के बाहर रेप पीड़िता को गाड़ी ने रौंदा

**जींद।** जींद में पूर्व पति और चाचा ससुर पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगा इंसाफ की मांग कर रही युवती हादसे का शिकार हो गई। गुरुवार से एसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठी इस युवती को शुक्रवार सुबह 11.30 बजे एक सरकारी अफसर की गाड़ी ने रौंद दिया। इसके बाद घटनास्थल पर माहौल तनावपूर्ण हो गया।



जींद जिले के गांव कमास खेड़ा की युवती जब कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पढ़ती थी, तब उसकी दोस्ती दिल्ली निवासी से हुई। बाद में दोनों ने शादी कर ली। युवती का आरोप है कि उसके पति के अपनी चाची के साथ संबंध है। विरोध करने पर चाचा ने पति के साथ मिलकर रेप कर दिया। शिकायत पर कार्रवाई न होने पर युवती गुरुवार को धरने पर बैठी थी। शुक्रवार सुबह हादसा हो गया।

**चंबा में 2.7 तीव्रता का भूकंप : शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शुक्रवार को एक बार फिर भूकंप का झटका लगने से लोग सहम गए। भूकंप का झटका 12 बजकर 15 मिनट पर महसूस किया गया।

## गरीबी में आए व्यवसायी ने पत्नी-बच्चों संग की खुदकुशी

**एजेंसी।** बठिंडा



**पंजाब** के बठिंडा में आर्थिक तंगी और कर्ज ने एक परिवार को निगल लिया। ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवसाय बिटक्वाइन का बिजनेस करने वाले व्यवसायी देवेंद्र गर्ग ने अपनी पत्नी और दो बच्चों को गोली मारी फिर खुदकुशी कर ली। देवेंद्र गर्ग की कभी बठिंडा के नया बस स्टैंड पर दुकान होती थी, लेकिन ऑनलाइन व्यापार ने रातोंरात उसे करोड़पति बना दिया था।

मृतक के भाई अश्वनी गर्ग के बयान पर पुलिस ने मनजिंदर सिंह धालीवाल, राजू कोहनूर, अमन कोहनूर, बब्बू काल्डा, संजय जिंदल निवासी बठिंडा, परवीन बांसल, अभिषेक जोहरी, अशोक कुमार निवासी रामां और मनी बांसल के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने गर्ग की कंपनी में मोटा पैसा निवेश कर रखा था, जो देवेंद्र से गैरवाजिब तरीके से अपने निवेश किए गए रुपये वापस मांग रहे थे। लेकिन कोरोना वायरस के कारण व्यापार में मंदी के चलते व्यवसायी की हालत खराब हो गई थी। वो पंचवटी नगर में अपनी आलिशान कोठी को छोड़कर ग्रीन सिटी में किराए की कोठी में दोनों बच्चों एवं पत्नी के साथ रहने लगा था। बीती रात मानसिक परेशानी के चलते देवेंद्र ने पहले पत्नी व फिर दोनों बच्चों को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

## खादी को ब्रांड बनाने की तैयारी में हरियाणा सरकार

### प्रदेश के सभी जिलों में खुलेंगी खादी बोर्ड की दुकानें, कपड़ों के साथ मिलेंगे बाजरे के बिस्कुट और नमकीन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर आगामी छह माह में ‘हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड’ की दुकानें खोली जाएंगी, जिनमें बोर्ड द्वारा बनवाए गए उत्तम गुणवत्ता के उत्पादों की बिक्री की जाएगी। नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में भी एक बड़ी दुकान खोली जाएगी, ताकि देश की राजधानी में हरियाणा के खादी उत्पादों को विदेशों से आने वाले पर्यटक भी खरीद सकें।



ये सभी दुकानें एक ही स्टैंडर्ड-साइज और डिजाइन में आकर्षक बनाई जाएंगी।

### ‘लोगो’ लगाकर बेचे जाएंगे सभी उत्पाद



दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ‘हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड’ के अंतर्गत बनाए जाने वाले उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा प्रमोट करना चाहती है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा सभी उत्पादों पर ‘लोगो’ लगाकर बेचा जाएगा ताकि ‘हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड’ एक ब्रांड बनकर उभरे। इस अवसर पर बैठक में ‘हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड’ की मुख्य प्रशासक रितु, उपमुख्यमंत्री के ओएसडी कमलेश भादू के अलावा ‘हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड’ व उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम, जिनके पास विकास एवं पंचायत तथा पुनर्वास विभाग का प्रभार भी है, उन्होंने शुक्रवार को ‘हरियाणा खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड’ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खादी के वस्त्र जैकेट, कुर्ता-पाजामा, बैड-शीट, रजाई, अचार, शहद, साबुन, तेल, शैंपू और मसालों के अलावा अन्य पारंपरिक उत्पादों के साथ-साथ बाजरा के बिस्कुट, कुरकुरे व अन्य नए उत्पादों का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ‘आत्मनिर्भर भारत’ योजना के अंतर्गत उक्त उत्पादों का व्यवसाय करने वाले लोगों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के तहत मुद्रा-लोन दिलवाया जाएगा।

-पॉलीटिकल विजन-

## एक दूसरे के सहयोग से ही तोड़ सकते हैं कोरोना वायरस की चेन : पराग शर्मा

कोरोना महामारी से निपटने के लिए हमें पार्टी, जाति और धर्म से ऊपर उठकर एक दूसरे का सहयोग करना होगा। हम आपसी सहयोग और बचाव के नियमों के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करके ही कोरोना वायरस की चेन तोड़ने में कामयाब हो पाएंगे। कोरोनाकाल में हुए लॉकडाउन की वजह देश का आम व्यक्ति बुरी तरह परेशान हैं। लाखों की संख्या में युवा बेरोजगार हो चुके हैं। कामधंधे बुरी तरह चौपट हो चुके हैं। यह कहना है युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता पराग शर्मा का। पराग शर्मा लॉकडाउन के दौरान शहर में अपनी टीम के साथ मिलकर लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही थी। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और पराग शर्मा की बातचीत के कुछ खास अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : पराग शर्मा
**जन्मदिन** : 21 सितंबर 1986
**पिता** : योगेश चंद शर्मा
**माता** : अर्चना शर्मा
**पति** : कैप्टन कुशल कौशिक
**परिवार** : बेटा कैविन कुशल
**स्कूल** : 12वीं - मॉडर्न विद्या निकेतन स्कूल, सेक्टर 17, फरीदाबाद
**उच्चशिक्षा** : बीए, एलएलबी, एमए
**रूचि** : समाजसेवा और बैडमिंटन खेलना

**सवाल : आपने वकालत का पेशा किसकी प्रेरणा से अपनाया।**
**जवाब** : मेरे दादाजी जगदीश चंद दिल्ली के प्रसिद्ध अधिवक्ता थे। उनके काम करने का तौर तरीका और रहन-सहन काफी खास था। उनसे प्रेरणा लेकर ही मैने अधिवक्ता बनने का फैसला लिया था।

**सवाल : शिक्षा के दिनों में क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेती थीं।**
**जवाब** : कॉलेज के दिनों में मैं बैडमिंटन और एथलेटिक्स की खिलाड़ी थी। इनमें मैंने कई पुरस्कार हासिल किए हैं। वर्ष 2006 में मुझे एमडीयू में बेस्ट प्लेयर की ट्रॉफी मिली थी।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने कॅरियर की शुरूआत कैसे की।**
**जवाब** : वर्ष 2010 में दिल्ली यूनीवर्सिटी से एलएलबी करने के बाद मैंने दिल्ली की कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। वर्तमान में कई विदेशी कंपनियों के लिए लीगल कंप्लेन का काम करती हूं। साथ ही मैं कई बैंकों की पैनल अधिवक्ता भी हूं।

**सवाल : आपने राजनीति में कब और क्यों कदम रखा।**
**जवाब** : कॉलेज के अंतिम वर्ष प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को काफी परेशान किया जा रहा था। जिसे देखते हुए हमने हड़ताल शुरू कर दी थी। बाद में प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद विद्यार्थियों की मांगों को स्वीकार कर लिया गया था। जिसके वर्ष 2006 में मुझे एनएसयूआई में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डीयू से एमए करने के दौरान वर्ष 2011 में मैंने एनएसयूआई की तरफ से महासचिव का चुनाव लड़ा था।

**सवाल : फिलहाल कांग्रेस पार्टी में आप किस पद पर हैं।**
**जवाब** :शुरू में मुझे हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वर्तमान में मार्च से कांग्रेस में राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी सम्भाल रही हूं।

**सवाल : कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए आप क्या प्रयास कर रही हैं।**
**जवाब** : भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। नोटबंदी से आम व्यक्ति को कोई फायदा नहीं हुआ। वहीं कोरोनाकाल में सरकार की विफलता स्पष्ट हो चुकी है। इस मुश्किल घड़ी में कांग्रेस ने गरीब मजदूरों का दामन थाम कर उनकी हरसम्भव मदद की है। मजदूरों को घर पहुंचने के लिए सोनिया गांधी के आदेश पर सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने फंड में से पैसा दिया था।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**
**जवाब** : लॉकडाउन के पहले दिन से ही हम अपनी टीम के साथ जरूरतमंदों की मदद में जुट गए थे। इस दौरान भोजन, सेनेट्री नेपकिन, राशन और बच्चों की जरूरत का सामान वितरित किया गया।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**
**जवाब** : अभी कोरोना का खतरा टला नहीं हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को आगे आकर नियमित रूप से रोज अपने इलाके सेनिटाइज कराने होंगे। लोगों को कम कीमत पर मास्क और सेनिटाइजर उपलब्ध कराने होंगे। लापरवाही बरत रहे लोगों को समझा कर जागरूक करने की जरूरत है।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**
**जवाब** : लॉकडाउन से पहले सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए थी। अचानक लॉकडाउन करने से लाखों मजदूरों को पैदल यात्रा करनी पड़ी।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 33.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 17.02 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- विजय रामलीला कमेटी द्वारा अखंड रामायण का समापन : दोपहर 1 बजे
- सेक्टर- 52 में श्रीराम कथा का आयोजन: दोपहर 4 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरना: सुबह 11 बजे
- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे
- मंदिरों कंजक पूजन में : सुबह 8 बजे
- मंदिरों में दुर्गा पूजा का आयोजन: सुबह 8 बजे

**निवेश गुरु**

### शुद्ध निवेश

एक निश्चित अवधि के अंर्तगत (आमतौर पर एक साल) कुल निवेश को अगर कुल पूंजी से हटा दिया जाए तो जो रकम बचेगी, उसे शुद्ध निवेश कहा जाएगा। आमतौर पर लोगों को लगता है की निवेश करना पेचीदा काम है, परन्तु इसकी सही जानकारी के साथ, आप अपने आवशयकता अनुसार सही जगह निवेश कर सकते हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### एसकेजीसीए ने जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठा ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में एसकेजीसीए ने जेबी स्पोर्ट्स को 1 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था। ये मैच एसकेजीसीए और जेबी स्पोर्ट्स के साथ खेला गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अमित सागवान (डिविज़न मनैजर फूड कॉर्परेशन ऑफ इंडिया) आदि उपस्थित रहे। जेबी स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एसकेजीसीए की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 303 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए सौरया सिंह ने 93 रन, और ध्रुव परासर ने 47 रन बनाए। जेबी स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए यश चौधरी ने 4 विकेट, आदित्या वर्मा ने 3 विकेट और काव्या ने 1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए जेबी स्पोर्ट्स की टीम को 50 ओवर में 9 विकेट में 302 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

**क्विक न्यूज**

### किशोरी को परिवार को सौंपा

**फरीदाबाद।** सैनिक कालोनी चौकी पुलिस ने 22 अक्टूबर को घर से नाराज होकर जाने वाली एक नाबालिग लड़की को तलाश कर उस के परिजनो को सौंपने का एक सराहनीय कार्य किया है। मामला सैनिक कालोनी के अंतर्गत आने वाली नेहरु कालोनी फरीदाबाद एरिया का है। एक नाबालिग लड़की घर से नाराज होकर चली गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने थाना डबुआ में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने अपने सूत्रों एवं इलेक्ट्रोनिक माध्यम से लड़की को फरीदाबाद एरिया से बरामद परिजनों को सौंपा है।

# शहर के लिए नासूर बन चुका है अतिक्रमण

## नगर निगम की लापरवाही से अतिक्रमण की भेंट चढ़ा नीलम पुल

राजेश दास। फरीदाबाद

सिटी इश्यू



फोटो: राजेश पुंजानी

**नगर** निगम की लापरवाही के कारण अवैध कब्जे और अतिक्रमण की समस्या शहर के लिए नासूर बन चुकी है। शहर में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां लोगों ने अवैध कब्जे न कर रखे हो। लेकिन नगर निगम को अवैध कब्जों से कोई सरोकार नहीं हैं। यहां तक कि शहर के चारों रेलवे फ्लाइओवर भी लंबे समय से अवैध कब्जों के शिकार हैं। नगर निगम की इस लापरवाही की वजह से नीलम फ्लाइओवर अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया। इस पुल के नीचे अवैध रूप से बनाए गए कबाड़े के गोदाम में लगी भयानक आग की वजह से पुल के तीन मजबूत पिलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है। इस दुर्घटना की वजह से प्रशासन को पुल से वाहनों का आवागमन रोकना पड़ गया है। इसका खामियाजा लोगों को अन्य पुलों पर लगने वाले जाम के रूप में झेलना पड़ रहा है। पायनियर ने इस समस्या को देखते हुए चारों रेलवे फ्लाइओवर के नीचे हो चुके कब्जों के बारे में समाचार प्रकाशित कर नगर निगम को चेताया था। निगम यदि समय रहते कदम उठा लेता तो ये हादसा नहीं होता।

**नहीं लिया सबक**

नीलम फ्लाइओवर के नीचे रेलवे लाइन से मात्र 10 से 15 कदम की दूरी पर अवैध रूप से कबाड़े का गोदाम बनाया हुआ था। इस कबाड़ी ने यहां भारी मात्र में पेंट के डिब्बे व ड्रम और रबड़ जैसे ज्वलनशील पदार्थों को स्टोर करके रखा हुआ था। इसी वजह से चिंगारी गिरते ही कबाड़े के इस ढेर में भयानक आग लग गई। आग इतनी भयनक थी कि शुक्रवार को भी इसमें से धुआं उड़ रहा था। लेकिन इस आग लगने की घटना के बाद भी नगर निगम ने कोई सबक लेने की जरूरत महसूस नहीं की। नीलम पुल के नीचे शनिवार को भी लोगों के कब्जे बरकरार हैं। नीलम चौक पर स्थित एक कार शोरूम के संचालक ने अपने कर्मचारियों की बाइक खड़ी करने के लिए अवैध रूप से पार्किंग बनाई हुई हैं। वहीं शोरूम में सर्विस के लिए आने वाली कारों को भी बड़ी संख्या मे पुल के नीचे ही खड़ा किया जाता है। इसके अलावा अन्य लोगों ने पशुओं का तबले बनाकर और अन्य तरीकों से कब्जा किया हुआ है। नीलम पुल के नीचे अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ तत्कालीन निगम आयुक्त मोहम्मद शाइन ने एफआईआर भी दर्ज कराई थी। लेकिन राजनैतिक दबाव के कारण आज तक कार्रवाई नहीं हो पाई।

**निगम की लापरवाही**



हिंद मजदूर सभा के प्रदेशाध्यक्ष एसडी त्यागी ने कहा है कि जब अवैध कब्जे होते हैं, तब नगर निगम आंखें मूंदकर सोता रहता है। इसी वजह से क्षतिग्रस्त हुए नीलम पुल को बंद किया गया है। जिससे अन्य पुलों पर जबरदस्त जाम लगने से काम पर जाने वाले मजदूरों को भारी परेशानी हो रही है। आने वाले कई दिनों तक शहर के लोगों को इस परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नगर निगम को इस हादसे से सबक लेते हुए अभी से अन्य पुलों के नीचे से अवैध कब्जे हटाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

### सभी पुल कब्जों का शिकार



फरीदाबाद एनआईटी को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए शहर में चार रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज बने हुए हैं। इनमें बड़खल रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज, नीलम फ्लाईओवर ब्रिज, बाटा रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज और बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज शामिल है। इन चारों की फ्लाईओवरों का निर्माण वर्षों पहले नगर निगम और रेलवे की तरफ से करवाया गया था। वर्षों बीत जाने के बावजूद नगर निगम ने इन चारों फ्लाईओवरों के नीचे खूबसूरती बढ़ाने अथवा नीचे की जमीन का सदुपयोग करने की कोई ठोस योजना अब तक नहीं बनाई। जिसके कारण इन चारों ही पुलों के नीचे स्थित जमीन पर अवैध कब्जे करने का सिलसिला वर्षों पहले ही शुरू हो गया था। जब कब्जों का सिलसिला शुरू हुआ था, उस समय निगम अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण इन सभी पुलों के नीचे आस-पास के दुकानदारों ने कब्जे कर लिए हैं। कुछ जगह पर लोग अवैध बस्ती बनाकर रहने लगे। कुछ स्थानों पर रेहड़ी और फड़ लगाने वाले जम गए। शेष बची जमीन पर जगह जगह कूड़े और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है।

### बेकसूरों को परेशानी

नगर निगम की तरफ से शहर में होने वाले अतिक्रमण की तरफ गंभीरता के साथ ध्यान ही नहीं दिया जाता। पहले तो अतिक्रमण हटाए ही नहीं जाते और जब कभी किसी वरिष्ठ अधिकारी के दबाव में निगम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो राजनैतिक दबाव के कारण वापस लौटना पड़ जाता है। आग लगने के बाद नीलम फ्लाइओवर के जिस हिस्से में पिलर क्षतिग्रस्त हुए हैं, वह रेलवे लाइन के काफी नजदीक है। रेलवे लाइन के ऊपर से गुजरने वाले हिस्से की मरम्मत करवाने की जिम्मेदारी रेलवे की होती है। यदि यह पिलर रेलवे के हिस्से में आए तो निगम की गलती का खामिया रेलवे को उठाना पड़ जाएगा। वहीं दूसरी तरफ नीलम पुल बंद होने के कारण शहर में यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। बल्लभगढ़, बाटा और बड़खल रेलवे फ्लाइओवरों पर यातायात का दबाव एक दम से बढ़ गया है। इन तीनों ही पुलों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। मरम्मत में करीब दो महीने का समय लग सकता है। तब तक लोगों को परेशानी झेलने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



# 26 गांव फिर उतरे सड़क पर, डीसी को सौंपा ज्ञापन

### किसी भी गांव को जबरदस्ती नगर निगम में शामिल नहीं किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**26 गांव** को नगर निगम में शामिल किए जाने का विरोध शांत होने का नाम नहीं ले रहा है, फिर एक बार 26 गांव के युवा, पंच सरपंच और बुजुर्ग अपने पूरे दलबल के साथ सेक्टर 12 राजस्थान भवन से हरियाणा सरकार और नगर निगम के खिलाफ पैदल मार्च करते हुए, नगर निगम मुर्दाबाद, 26 गांव की एकता जिंदाबाद, हम अपने गांव को नगर निगम में शामिल नहीं करेंगे नहीं करेंगे, डीसी साहब हमारी मांगे पूरी करो नारे लगाते हुए सचिवालय पहुंचे और अपनी पंचायतों से पास करवाया हुआ रेजूलेशन जिला उपायुक्त को सौंपा। जिसमें लिखा गया कि उनकी पंचायतें निगम में शामिल नहीं होना चाहती हैं।

हाथों में विरोधस्वरूप लिखी हुई तख्तियां, जुबान से निकलते हुए विरोध के स्वर लेकर ग्रामीण अपने गांवों को नगर निगम में शामिल न करने की मांग को लेकर पहले दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। 26 गांव को नगर निगम में लिए जाने को लेकर ग्रामीणों ने इससे पहले अपने-अपने हल्का के विधायकों और नेताओं को ज्ञापन दिए, यहां तक कि युवाओं ने गांवों को नगर निगम में शामिल ना करने को लेकर अपने खून से लिखे पत्र को भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को भी भेजा, लेकिन अभी तक इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के चलते आज करीब 15 गांवों के पंच सरपंचों ने अपनी पंचायतों से रेजूलेशन पास करवा के जिला उपायुक्त को सौंपा है। जिसमें लिखा गया है कि उनकी पंचायतें नगर निगम में शामिल होना नहीं चाहती हैं। जिसपर जिला उपायुक्त ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि उनकी मांगें को वह आगे तक पहुंचायेंगे। युवा पंचायत अध्यक्ष जसवंत पवार ने बताया कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला ने कहा कि जिन गांव ने नगर निगम के खिलाफ अपने रेजुलेशन दे दिए हैं ऐसे किसी भी गांव को जबरदस्ती नगर निगम में शामिल नहीं किया जाएगा।

फरीदाबाद नगर निगम पहले से ही बहुत कंगाल और घोटालेबाज है, आए दिन नगर निगम में नये-नये घोटाले उजागर होते हैं। अगर यह गांव भी नगर निगम में आ गए तो इन खुशहाल गांव को भी नरक बना दिया जाएगा। हम अपने गांव किसी भी कीमत पर नगर निगम में नहीं जाने देंगे अगर सरकार ने हमारी मांगे नहीं मानी तो सरकार के खिलाफ आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे

वहीं सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष महिपाल आर्य ने बताया कि हम नेताओं, विधायकों और प्रशासन के सभी बड़े अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक भी हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई है अगर सरकार हमारी जल्द सुनवाई नहीं करती है तो हम आगे भूख हड़ताल करने को मजबूर हो जाएंगे, सभी सरपंचों ने एक स्वर में कहा कि कुछ भी हो जाए लेकिन हम अपने गांव नगर निगम में नहीं जाने देंगे इस मौके पर सरपंच महिपाल आर्य, युवा पंचायत अध्यक्ष जसवंत पवार चंदावली, भगत सिंह सिरोही, धीरज यादव,प्रेम धनकड़, यशपाल यादव, नरेश पंडित फरीदपुर, ब्लॉक सदस्य राजकुमार गोगा, निशार खान सरपंच, गुलशन कीन्हा सरपंच, किशन सिंह चहल, रण सिंह सरपंच, नरेश सिरोही सरपंच, सचिंन चंदीला बडोली, विक्रांत गौड, राधे पंडित तिलपत, कृष्ण यादव सरपंच, टेकचंद सरपंच, राजबीर नागर नीमका, प्रेम बोहरे सरपंच, गिर्राज यादव सरपंच, राजवीर सरपंच मुजेडी, कमांडो ज्ञानचंद, दुष्यंत, राहुल कोशिक, अजय डागर, सुंदर कपासिया, नंदकिशोर शर्मा पूर्व सरपंच, ताराचंद मालिक पूर्व सरपंच, ज्ञानचंद सैनी सहित सैंकड़ों मौजिज मौजूद थे।

**संक्षिप्त समाचार**

### किसान विरोधी कानूनों को वापस ले सरकार : अग्रवाल




**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सैलजा के निर्देशानुसार बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव संजय त्यागी ने संयुक्त रूप से किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ शुक्रवार को बल्लभगढ़ अनाज मंडी सहित कई जगहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने जहां किसानों की समस्याओं को जाना वहीं सरकार द्वारा लाए गए कृषि विधेयकों से होने वाले नुकसान के बारे में भी उन्हें जानकारी दी। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में लाए गए तीन कृषि विधेयकों के माध्यम से सरकार ने किसान, आढ़तियों खेत- मजदूर, छोटे दुकानदार, मंडी मजदूर, कर्मचारियों की आजीविका पर एक क्रूर हमला बोला है। ये विधेयक किसान, खेत और खलिहान के खिलाफ एक घिनौना षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तीन काले कानूनों के माध्यम से देश की हरित क्रांति को हराने की साजिश कर रही है। देश के अन्नदाता व भाग्यविधाता किसान तथा खेत मजदूरों की मेहनत को चंद पूंजीपतियों के हाथों में गिरवी रखने का भाजपाई कुप्रयास है। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की इन किसान विरोधी नीतियों और काले कानूनों के खिलाफ बल्लभगढ़ विधानसभा से 10 हजार लोगों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से महामहीम राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। वहीं कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव संजय त्यागी ने कृषि विधेयकों को पूरी तरह से किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि इन काले कानूनों के माध्यम से किसानों को ठेका प्रथा में फंसाकर उन्हें अपनी ही जमीन में मजदूर बना दिया जाएगा।

### जीवा में मनाया दशहरे का त्योहार



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में छात्रों ने दशहरे का त्योहार वर्चुअली मनाया। छात्रों का यह एक अद्भुत व अनोखा प्रयास है। विद्यालय में प्रात:काल सभी कक्षा के छात्रों ने असेंबली के दौरान अपनी-अपनी कक्षा में परम्परागत तरीके से एवं पूर्ण श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम छात्रों ने देवी दुर्गा की स्तुति की व श्री राम के भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया, शारदीय नवरात्रि भगवान राम के द्वारा की गई मां दुर्गा की अराधना का प्रतीक माना जाता है। संपूर्ण भारत में शरद नवरात्रि को शक्ति की उपासना एवं अधर्म की पराजय व धर्म की विजय के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के प्राइमरी के छात्रों ने रंग बिरंगे परम्परागत भारतीय वेशभूषा के साथ दवी दुर्गा को समर्पित भजन व गीत प्रस्तुत किए, कुछ छात्रों ने अत्यंत आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रामायण का भी संक्षेप में मंचन किया जो वास्तव में आकर्षण का केंद्र रहे साथ ही छात्रों ने क्रोध व लोभ इत्यादि के त्याग का संदेश दिया। उच्च कक्षाओं में भी छात्रों ने प्रार्थना सभा के दौरान दशहरे के त्योहार की विशेषताओं एवं महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं का आदर, सम्मान व माता पिता के प्रति कर्तव्य पालन करने की भावनाओं का समावेश करना है, वहीं विद्यालय के छात्रों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अद्भुत व उच्च कोटि का संदेश दिया।

### कोरोना बढ़ा पर श्रद्धा नहीं हुई कम




**फरीदाबाद।** शहर की 70 वर्ष पुरानी एनआईटी स्थित श्री विजय रामलीला कमेटी ने अपना वार्षिक दशहरा पर्व मनाया। सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य रूल्स को ध्यान में रखते हुए संस्था ने निर्णय लिया कि वह मंचन नहीं करेंगे और किसी कीमत पर भी जन मानस की जान के साथ रिस्क नहीं लेंगे, क्योंकि रामलीला मैदान में कार्यक्रम के दौरान भीड़ सम्भले नहीं सम्भलती, लेकिन जिस मंच की मिट्टी पर पिछले 70 सालों से मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की जीवन लीला दर्शाई जा रही है उस मंच को खाली भी नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसी विचार के साथ रामचरित्र मानस की चापुआइयों के माध्यम से कमेटी में अखण्ड रामायण की ज्योत जलाई गई, कम से कम लोगों को सम्मिलित किया गया। सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए भव्य दरबार लगा कर कमेटी के सदस्यों ने ही ज्योत प्रचण्ड की, पांच रामायणी ब्राह्मणो को बिठा पाठ का शुभारम्भ हुआ। आज दोपहर नवमी के पावन अवसर पर पाठ का समापन किया जाएगा और भजन बेला के साथ भण्डारा वितरित किया जाएग। कमेटी के चेयरमैन सुनील कपूर ने बताया कि किस तरह उन्होंने मंच की गरिमा को बनाये रखने के लिए उन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित किया, वहीं दूसरी और कमेटी के महसचिव सौरभ कुमार व उनकी टीम हिमांशु अरोड़ा, अरुण भाटिया, तरुण भाटिया, गरीवित, प्रिंस मनोचा, नवीन अरोड़ा ने सचिव वैभव लड़ोइया के साथ मिल कर इस कार्यक्रम की कोविड सेफ रूप रेखा तैयार की व इसको सुचारु रूप दिया।

### पुलिस फ्लैग दिवस के तीसरे दिन बैडमिंटन मैच



**फरीदाबाद।** पुलिस लाइन सेक्टर 30 में पुलिस फ्लैग दिवस के तीसरे दिन बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान एनआईटी जोन और क्राइम ब्रांच के बीच एवं बल्लभगढ़ जॉन और एनआईटी जॉन के बीच मुकाबले हुए। उपरोक्त मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए एनआईटी जॉन ने क्राइम ब्रांच को हराकर जीत हासिल की, इसके अलावा बल्लभगढ़ जॉन ने एनआईटी जॉन को हराया। ऑफिस स्टाफ और एनआईटी जोन के बीच हुए मुकाबले में ऑफिस स्टाफ ने जीत हासिल की। क्राइम ब्रांच और ऑफिस स्टाफ के बीच हुए मुकाबले में क्राइम ब्रांच ने ऑफिस स्टाफ को हराया। इसके अलावा सिंगल पर्सन के बीच भी मुकाबले कराए गए जिसमें ऑफिस स्टाफ ने बाजी मार कर जीत हासिल की। मैच के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बैडमिंटन मैच का भरपूर आनंद उठाया और पुलिसकर्मियों को उनकी खेल के प्रति भावना का भी सम्मान किया।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11-10-2020 को लड़की ज्योती पुत्री श्री लल्लू निवासी मकान न. 140 महालक्ष्मी डेरा फरीदाबाद डेरा गुरूकुल फरीदाबाद से लापता है जिसका हुलिया रंग गौरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, कद 4 फिट 6 इंच उम्र करीब 19 साल। पहनावा- नीले रंग का सूट सलवार तथा पैरो में गुलाबी रंग की चप्पल पहने हुए है जिस किसी सज्जन को गुमशुदा लड़की के बारे में कोई सुराग चले तो निम्न मोबाईल फोन नम्बर पर सूचित करें। मुकद्मा न. 531, दिनांक 12.10.2020 धारा 346 आईपीसी थाना सुरजकुण्ड जिला फरीदाबाद।

प्रबन्धक अफसर थाना सुरजकुण्ड - 9582200127
इन्चार्ज पुलिस चोकी ग्रीन फील्ड - 9582200149
अनुसंधान अधिकारी - 8901438007

## संक्षिप्त समाचार

### डांडिया कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर में वुमेन्स पॉवर की टीम ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर छठे दिन डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया। जहां दुर्गा माता की पूजा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. हेमंत अत्री अपनी पत्नी डॉक्टर साक्षी के साथ पहुंचे। देव मानव सेवा ट्रस्ट से अंकिता शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही। साथी सामाजिक कार्यकर्ता संगीता नेगी, ट्रैफिक ताऊ सभी ने माता का आशीर्वाद लिया। साथ ही वूमेंस पॉवर की टीम मौजूद रही। जिसमें प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली, वाइस प्रेसिडेंट रूपा बरनवाल, सचिव शकुन तोमर, कोषाध्यक्ष सुमन भार्गव, गीत बरनवाल, सरिता साजवान, डॉली कपूर, रिद्धिमा पाराशर, संजना झा, अपरा तोमर, निशा शाह, ऊर्जा, पुष्पा गुप्ता मौजूद रहे।

### फीएवा ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**फरीदाबाद।** नए पोर्टल, सॉफ्टवेयर द्वारा फ्लोर वाइज मकानों की दर्शाई गई सरकारी कीमत को न्याय संगत करवाने के लिए फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा भू संपत्तियों के पंजीकरण के लिए जो नया पोर्टल, सॉफ्टवेयर शुरू किया है। उसमें फ्लोर वाईज चार मंजिला मकानों के लिए दर्शाई गई कलेक्टर वैल्यू पूरी तरह से गैरवाजिब और जमीनी हकीकत से भी कोसों दूर है। इसी वजह से पिछले दो महीनों से किसी भी फ्लोर वाले मकान का पंजीकरण नहीं हो रहा है। सरकार द्वारा पुराने 145 प्रतिशत कवर्ड एरिया को बढ़ाकर 264 प्रतिशत किए जाने के बाद नए प्रस्तावित कलेक्टर रेटों पर मांगी गई आपत्तियों की समय अवधि के दौरान दर्जनों लोगों के साथ-साथ हमारी संस्था ने भी फ्लोर वाइज रजिस्ट्रियों के लिए नए सिरे से सरकारी कीमत निर्धारित करने बारे अपना मांग पत्र आपके कार्यालय में सौंप रखा है। अब हम फिर मांग करते हैं कि, फ्लोर वाइज मकानों की रजिस्ट्रियों में कुल प्लाट या जमीन की कीमत को उस पर बनाई गई मंजिलों की संख्या से बांटकर सभी फ्लोर मालिकों को जमीन का बराबर का हक देते हुए भवन निर्माण की लागत को संभाग जमीन की कीमत जमा कवर्ड एरिया अनुसार भवन की लागत को मिलाकर कलेक्टर वैल्यू मानते हुए स्टांप ड्यूटी ली जाए।

### नकली सर्टिफिकेट और रसीद देने वाला डॉक्टर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 ने सराहनीय कार्य करते हुए मारपीट के मामले में संलिप्त एक आरोपी को बचाने के लिए आयुष अस्पताल का नकली एडमिट सर्टिफिकेट बनाने वाले एक आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान डॉ. सतीश कुमार जिला गाजीपुर यूपी हाल आयुष हॉस्पिटल नगला पार्ट-2 फरीदाबाद के रूप में हुई है। गौरतलब है कि थाना सूरजकुंड में 3 मार्च 2020 को शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार निवासी डेरा गुरुकुल फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत दी कि विजय, रोहित और अन्य निवासी आनंगपुर ने उसके घर में आकर उसके परिवार वालों के साथ मारपीट की है। मारपीट के दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता की गर्भवती भाभी को चोट मारी थी जिसके कारण गर्भपात हो गया था। जिस पर आरोपियों के खिलाफ थाना सूरजकुंड में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने केस में कार्यवाही करते हुए मामले को अंजाम देने वाले आरोपी रोहित निवासी आनंगपुर, नरेंद्र उर्फ नींदे गांव अनंगपुर को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

### जेसी बोस विवि शुरू करेगा 'सुपर टैलेंट' कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ने भारतीय सिविल सेवा सहित अन्य प्रशासनिक सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के इच्छुक विद्यार्थियों को कोचिंग और परामर्श सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के कैरियर और काउंसलिंग सेल के तहत एक 'सुपर टैलेंट' कार्यक्रम शुरू किया जायेगा, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आईएएस, आईपीएस और आईईएस जैसे शीर्ष पदों पर चयन और नियुक्त कराना है। इस संबंध में निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित करियर और काउंसलिंग सेल की बैठक में लिया गया। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कैरियर और काउंसलिंग सेल के अध्यक्ष प्रो. अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में एक फोरम का गठन भी किया गया। कंप्यूटर इंजीनियरिंग से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पारुल गुप्ता को कार्यक्रम का समन्वयक बनाया गया है।

## हैड कांस्टेबल पर लगा पत्नी की हत्या करने का आरोप

**फरीदाबाद।** न्यू पुलिस लाइन की सोसाइटी में रहने वाले हैड कांस्टेबल पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप मृतक महिला के परिवार वालों ने लगाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हैड कॉन्स्टेबल की दूसरी शादी थी। पुलिस को सूचना मिली कि हैड कॉन्स्टेबल प्रदीप की पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारा और उसे सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं पुलिस ने घर के सभी कमरों की तलाशी भी ली, पर घर में कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला।

हैड कांस्टेबल प्रदीप फिलहाल फरीदाबाद कोर्ट में एक जज के गनमैन की ड्यूटी पर तैनात है। जिसकी पत्नी ने अपने ही घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की शादी एक साल पहले जींद के नरवाना के रहने वाले प्रदीप से हुई थी। मृतक महिला भी जींद की ही रहने वाली थी। यहां पहुंचे मृतक महिला के परिजन प्रवीण और अनूप ने आरोप लगाया कि मृतका ने फांसी नहीं लगाई है।

## ताऊ की प्रताड़ना के शिकार बच्चे का होगा गंभीर ऑपरेशन

**कविता।** फरीदाबाद

**पिता** की मौत के बाद ताऊ द्वारा दो और चार साल के भाई-बहन को प्रताड़ित किया गया। इस दौरान दोनों को सिगरेट और बीड़ी से इतना झुलसाया है कि घाव बच्चे के लिए नासूर बन गए हैं। सर्जरी कर घाव पर शरीर के अन्य किसी हिस्से से मांस लेकर वहां लगाया जाएगा। बच्ची भी पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं है। टीबी का शिकार बच्ची की मां का भी उपचार किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों को उससे दूर रखा गया है। बच्चों की देखभाल जिला बाल संरक्षण विभाग के कहने पर सेवादल के सदस्य कर रहे हैं।



चाइल्ड हेल्पलाइन के रविंद्र बच्चों पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।

**यह है मामला**

19 सितंबर को बीके अस्पताल के पार्क में दो बच्चे झुलसी हुई हालत में मिले थे। बाद में पता चला कि सगे ताऊ ने दोनों मासूमों को सिगरेट, बीड़ी से झुलसाया है। मासूम भाई-बहन के शरीर पर दर्जनों जलाने के निशान मिले थे। दोनों 72 घंटे तक कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थे। जिस कारण उन्हें बीके से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। बच्ची का शरीर रक्त की कमी से सफेद पड़ गया था। रक्त चढ़ने पर बच्ची बच पाई है।

### जल्द होगा ऑपरेशन

रोहतक मेडिकल कॉलेज के एचओडी कुलदीप दोनों बच्चों को देख रहे है। उनका कहना है कि बच्ची की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन लड़के के हाथ में गहरा जख्म हो गया है। जिसे भरने के लिए एक ऑपरेशन के दौरान बच्चे की त्वचा का कुछ हिस्सा लेकर लगाया जाएगा, लेकिन बच्चे को त्वचा की परेशानी है। जिस कारण उसकी दवाईयां चल रही है। त्वचा की बीमारी शायद सोमवार तक ठीक हो जाए। जिसके बाद उसका ऑपरेशन किया जाएगा।

लेकिन बच्चे की सर्जरी करनी पड़ेगी। वहीं खांसी की जांच कराने पर पता चला कि बच्चों की मां टीबी की बीमारी का शिकार है।

### यह है मददगार

बच्चों की हालत को देखते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा द्वारा रोहतक की सेवा दल की सदस्य कृष्णा और सुनीता को बच्चों की देखभाल का जिम्मा सौंपा है। वह दोनों 12-12 घंटे की शिफ्ट में अपनी ड्यूटी कर रही है। वहीं दूसरी तरफ चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य रविन्द्र चिकित्सक और केयर टेकरों से सम्पर्क बनाए हुए हैं। रविन्द्र का कहना है कि वह रोजाना बच्चों और उनकी मां की हालत की जानकारी ले रहे है। ताकि किसी तरह की मदद की जरूरत हो तो वह पूरी की जा सके।

# वरदान साबित होगा संत भगत सिंह महाराज प्लाज्मा बैंक : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने जिला के लोगों को समर्पित किया दूसरा प्लाज्मा बैंक

*जब तक इसकी दवा नहीं आती तब तक सतर्कता बहुत जरूरी*

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि कोरोना से पीड़ितों के लिए पहले ईएसआई मेडिकल कालेज में एक प्लाज्मा बैंक था। अब कोरोना एक वैश्विक महामारी है और जब तक इसकी दवा नहीं आती तब तक सतर्कता बहुत जरूरी है। अवगत कराया कि कोरोना वैश्विक महामारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अभी तक इसकी कोई दवाई नहीं बनी है जिसको देखते हुए। प्लाज्मा थेरेपी ही सिर्फ मात्र एक तरीका है, इसको देखते हुए आज फरीदाबाद में दूसरा प्लाज्मा बैंक का उद्घाटन किया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आकर प्लाज्मा डोनेट करें लोगों का जीवन बचाने में सरकार का सहयोग करें, गुर्जर ने बताया कि संतों के गुरुद्वारे में जो प्लाज्मा बैंक का उद्घाटन किया गया है। इसके द्वारा जो कोरोना योद्धा यह जंग जीत कर आ चुके हैं। उनके घरों से ही सैंपल लिए जाएंगे और उनके सुविधानुसार उन्हें टाइम बता कर प्लाज्मा डोनेट कराने का कार्य किया जाएगा। पूरे कार्य में जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, मैं व्यक्तिगत रूप से उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करता हूं।

एसडीएम जितेंद्र कुमार ने लोगों को बताया कि प्रशासन की तरफ से प्लाज्मा डोनेशन अभियान के अंतर्गत जोरों से सभी समाजों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन प्लाज्मा टीम में हर समाज के एक व्यक्ति को प्लाज्मा कमेटी का मेंबर बनाया जाएगा। जब तक समाज इस कार्यक्रम में प्रशासन के साथ नहीं जुड़ेगा प्लाज्मा डोनेशन की वृद्धि हो पाना संभव नहीं है, इसीलिए मैं सभी सामाजिक संगठनों से अपील करता हूं कि इस नेक कार्य में आप स्वयं आगे आए जो कोरोना योद्धा ठीक हो चुके हैं उनको डोनेशन दिलवाने का कार्य अवश्य करें। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि सभी सामाजिक संगठनों को इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। जिसमें लोगों का बहुत अच्छा रिस्पांस हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारे शहर का दूसरा प्लाज्मा बैंक है। अब सफलता से डोनेशन का कार्य आरंभ हो गया है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोगों का जीवन बचाने के लिए, लोगों को प्रेरित करना बहुत आवश्यक है। हम सब मिलकर प्लाज्मा डोनेशन ड्राइव चलाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से एक मिस कॉल नंबर भी जारी किया जा चुका है, जिसका बहुत ही अच्छा रिस्पांस प्राप्त हो रहा है, सामाजिक संस्थाएं धार्मिक संस्थाएं आरडब्ल्यूए के प्रधानों से निरंतर संवाद स्थापित किया जा रहा है। सभी ने हर्षपूर्वक प्रशासन के इस नेक कार्य में अपना सहयोग देने का भरपूर आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिला प्लाज्मा कोऑर्डिनेटर विमल खंडेलवाल, संस्था के ट्रस्टी जेडी अरोड़ा, आईडी अरोड़ा, एमएल अरोड़ा, अमरजीत चावला, आईपी सिंह श्यामसुंदर कपूर, संजय भाटिया, महेश बांगा, संजीव ग्रोवर, पार्षद दिनेश भाटिया, डॉक्टर एमपी सिंह, मधुसूदन माटोलिया, केदारनाथ अग्रवाल, रमा राघव, आरुष व समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## पीएम ने दिए स्कूल डायरेक्टर के खिलाफ जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

*एचसीएस ऑफिसर दिनेश सिंह यादव को जांच अधिकारी बना कर शीघ्र एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा*

**नहरपार** स्थित एक नामचीन निजी स्कूल के डायरेक्टर द्वारा अपने एक पेरेंट्स को पनिशमेंट देने की धमकी का वीडियो हरियाणा अभिभावक एकता मंच द्वारा ट्वीट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजने पर पीएमओ ऑफिस ने हरियाणा सरकार को जांच के आदेश दिए हैं। हरियाणा सरकार ने वीडियो की जांच के लिए एचसीएस ऑफिसर दिनेश सिंह यादव को जांच अधिकारी बना कर शीघ्र एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है।

मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने कहा है कि तीन दिन पहले जब एक पेरेंट्स ने निजी स्कूल के डायरेक्टर से मांगी जा रही ट्रांसपोर्ट फीस, एनुअल चार्ज व बढ़ाई गई ट्यूशन फीस देने का विरोध किया तो उन्होंने उसको पनिशमेंट देने की धमकी दी और कहा कि मैं किसी डीसी, डीईओ व स्कूल के मालिक गोल्डी को कुछ नहीं समझता हूं, और ना किसी पेरेंट्स एसोसिएशन को मान्यता प्रदान करता हूं। हरियाणा सरकार समाप्त हो चुकी है कोर्ट ने आदेश कर दिए हैं बढ़ी हुई फीस एनुअल चार्ज ली जाए अतः उसकी शीघ्र जमा कराओ, वरना आपके बच्चे को पनिशमेंट मिलेगा, स्कूल से निकाल दिया जाएगा। हां अगर अकेले में मिलोगे तो फीस में छूट दे दी जाएगी। मंच ने डायरेक्टर व पेरेंट्स की बातचीत का वीडियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट से भेजकर कहा कि 'मोदी जी न्याय करो, वीडियो सुन कर कार्रवाई करो,' ट्वीट को काफी संख्या में पेरेंट्स ने रिट्वीट किया। जिस पर पीएमओ ऑफिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हरियाणा सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। हरियाणा सरकार ने भी तुरंत कार्रवाई करते हुए एचसीएस अधिकारी दिनेश सिंह यादव को तुरंत जांच करने को कहा है। कैलाश शर्मा ने सभी पेरेंट्स से कहा है कि वे एकजुट व जागरूक होकर के पहले की तरह ही प्राइवेट स्कूलों की प्रत्येक मनमानी का बिना किसी डर के खुलकर विरोध करें और किसी भी समस्या के लिए मंच से संपर्क करें मंच उनकी पूरी मदद करेगा।

## दुर्गाबाड़ी में हुई महासप्तमी की भव्य पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

शारदीय नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि को समर्पित होता है। मां कालरात्रि भक्तों को अभय वरदान देने के साथ ग्रह बाधाएं भी दूर करती हैं। हार्डवेयर चौक स्थित दुर्गाबाड़ी और कालीबाड़ी सेक्टर 16 में भी आज के दिन देवी दुर्गा की महासप्तमी पूजा पूरी श्रद्धा, सुरक्षा एवं सिमित अनुष्ठानों के साथ की गई। कोरोना के चलते सरकार एवं मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा जारी तरह तरह के बाधा निर्देशों के बावजूद भक्तगण काफी संख्या में कालीबाड़ी मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से पहुंच रहे थे। लोगों में इस त्योहार के लिए खासा उत्साह हैं। लोग पूरी श्रद्धा से मां की पूजा अर्चना में लगे हैं। कालीबाड़ी मंदिर प्रबंधन ने वर्तमान महामारी के मद्देनजर दोपहर तीन बजे के बाद किसी भी दर्शनार्थियों का मंदिर परिसर में प्रवेश वर्जित करने की घोषणा की है।

मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही मंदिर के सदस्य एवं स्वयंसेवक आने वाले भक्तों में सामाजिक दूरी बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं एवं सैनिटाइजर, थर्मल स्कैनर द्वारा उनके सुरक्षा की उत्तम व्यवस्था रखे हुए हैं। मंदिर परिसर में पूजा के लिए किसी भी प्रकार के फूल इत्यादि लेकर जाना मना है। मंदिर में प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रेडी मेड पैकेटों के माध्यम से की जा रही है। कालीबाड़ी की भव्य दुर्गा माता की मूर्ति बड़ा ही शौम्य दर्शन एवं सुंदर है। दर्शन के समय भक्तों के बाधा रहित प्रवेश को ई-पास की भी व्यवस्था की गई है।



## अपराध होने पर नपेंगे इलाके के एसएचओ: सीपी

### जुआ, सट्टा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर दिया आदेश

*नियंत्रण की कार्यक्षमता ही थाना प्रभारी की सफलता या असफलता का प्रतीक*

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर**-21 स्थित अपने कार्यालय में सीपी ओपी सिंह ने बल्लभगढ़ व एनआईटी के पुलिस उपायुक्तों, सहायक पुलिस आयुक्तों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ एक संगोष्ठी की। जिसमें उन्होंने बीते सप्ताह दिए लक्ष्य के मुताबिक किए गए कार्यों के निष्पादन की जानकारी लेते हुए कहा कि अगर किसी इलाके में जुआ, सट्टा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री से संबिंधित अपराध होते हुए पाए गए तो उसके लिए उस थाने का एसएचओ जिम्मेदार होगा। हालांकि पुलिस विभाग में प्रभारी थाना का कार्य अत्यंत जटिल होता है, क्योंकि समाज, विभाग व सरकार सहित समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती उसके सामने होती हैं, लेकिन अपराध पर नियंत्रण की कार्यक्षमता ही थाना प्रभारी की सफलता या असफलता का प्रतीक है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चोट के मामलों की समीक्षा करके अपराध के कारणों का पता लगाया जाए और अपराधियों का वर्गीकरण करने के उपरांत अकस्मात उद्दीपन और आवेगवश अपराध करने वालों का उचित मार्गदर्शन करके उन्हें अपराध की दुनिया से दूर रखने के प्रयास किए जाएं। अभियोग मूल अपराध के लिए ही अंकित किया। अभियोग में अपराध को घटाया बढ़ाया या बदला न जाए। जिन अभियोगों में गिरफ्तारी लंबित है, उनमें जल्द गिरफ्तारी की जाए। पेयजल का अवैध व्यापार व चोरी करने वालों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

अन्वेषण का कार्य पूरा करने के प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की गई।

## तीन सालों में बदल जाएगी गांवों की तस्वीर: रावत

**फरीदाबाद।** हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि कोरोना महामारी ने विकास के पहिये को थामा जरूर है, लेकिन आने वाले तीन सालों में क्षेत्र के सभी 104 गांवों की तस्वीर विकास के मामले में पूरी तरह से बदल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजा है, उसी विश्वास और जनता के आदेश के चलते उन्होंने प्रदेश की मनोहर सरकार को अपना समर्थन दिया है रावत शुक्रवार को गांव फतेहपुर बिल्लौच में लगभग 76 लाख रूपये के विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

## एक मौत, 188 पॉजिटिव आने से आंकड़ा पहुंचा 23,520

**कोरोना**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। शुक्रवार को जिले में एक मौत होने से जहां कोरोना के मृतकों की संख्या का आंकड़ा 241 पर पहुंच गया। वहीं 188 मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 23,520 पर पहुंच गया। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 157 कोरोना पॉजिटिव मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**मृतक और पॉजिटिव**

राजीव कालोनी निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी ने कोरोना और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने पर दम तोड़ दिया। वहीं 188 पॉजिटिव में मेवला महाराजपुर, महावीर कालोनी, सेक्टर-37, 68, 11, 63, 91, 14, 75, 18, 19, 88, पुरी प्रणायाम, नंगला, राजीव कालोनी, बसंत कालोनी, त्रिखा कालोनी, अनंगपुर, झाड़सेंतली, तिलपत, चावला कालोनी, एनएच-दो, 5, इस्माइलपुर, शिव कालोनी, चाचा चौक ओल्ड फरीदाबाद, अशोका इंक्लेव से 2-2 मरीज है।

सेक्टर-7, 64, 4, 18, 86, 16, 82, जवाहर कालोनी, लकड़पुर, गर्ग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सैनिक कालोनी, एसजीएम नगर, एनएच-तीन, भूपानी, आदर्श कालोनी, सुरदास कालोनी, पर्वतीया कालोनी, श्याम कालोनी, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, फतेहपुर बिल्लौच से 3-3 मरीज है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 234864 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 211094 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 250 |
| अब तक पॉजिटिव आए | 23520 |
| अब तक डिस्चार्ज | 22390 |
| अब तक कुल मौत | 241 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 49 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |

## आईटीआई में मैगा कैंपस 28 अक्टूबर को

**फरीदाबाद।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार आगामी 28 अक्टूबर को राजकीय आईटीआई फरीदाबाद में एक मैगा कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए फरीदाबाद के प्रमुख उद्योगों को आमंत्रित किया गया है। राजकीय आईटीआई फरीदाबाद के प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार द्वारा बताया गया है कि आईटीआई पास छात्रों को 100 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने हेतु इस मैगा कैंपस का आयोजन किया जा रहा है।

## अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया मां की महिमा का गुणगान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नवरात्रों** में श्रद्धालुओं ने जहां एक तरफ मां के आठवें स्वरूप की पूजा की, वहीं दूसरी तरफ कुछ श्रद्धालुओं ने सप्तमी का व्रत किया, क्योंकि इस बार छठीं और सप्तमी एक हो गई थी। लोगों को इस बारे में किसी तरह की कोई सूचना नहीं थी। वहीं मंदिरों में नवरात्रों के आठवें दिन मां के महागौरी रूप की पूजा अर्चना की गई। अष्टमी पर मंदिरों में भीड़ लगी रही। तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर में मां महागौरी माता की भव्य पूजा की गई। प्रातः कालीन आरती के साथ मंदिर में भक्तों ने मां महागौरी के समक्ष अपनी अरदास की। इस अवसर पर शहर के प्रमुख



लोगों ने मंदिर में आयोजित भव्य पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने पूजा कर माता महागौरी की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। सभी भक्तों ने सोशल डिस्टेंस के तहत ही मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने मंदिर में आए हुए अतिथियों को माता की चुन्नी भेंट कर उनका स्वागत किया। इस पुण्य अवसर पर मंदिर में उपस्थित सभी लोगों ने मां महागौरी की पूजा में हिस्सा लिया तथा हवन यज्ञ में आहुति डाली। भाटिया ने बताया कि मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों ने कोविड-19 के चलते सोशल डिस्टेंस के साथ पूजा अर्चना की।

मंदिर संस्थान की ओर से सभी भक्तों से मास्क पहनकर ही प्रवेश करने की अपील की। प्रधान जगदीश भाटिया ने कहा कि मंदिर में कोविड-19 के तहत सभी प्रबंधन किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी भक्तों से कहा कि महागौरी माता की सच्चे मन से पूजा करने से सभी मुराद पूरी होती हैं। भाटिया ने कहा कि मां महागौरी को शुद्ध देसी घी से बना हलवा पूरी सबसे प्रिय है। पूजन के पर मां को हलवा पूरी का भोग लगाया जाता है। इससे मां महागौरी अति प्रसन्न होती हैं। मां महागौरी को गुलाबी रंग बहुत ही प्रिय है।

इस अवसर पर भाटिया ने सभी भक्तों को नवरात्रों की बधाई दी। इस मौके पर प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि मां महागौरी को शुद्ध देसी घी का हलवा-पूरी एवं गुलाबी रंग बेहद पसंद हैं। पूजा अर्चना के उपरांत जगदीश भाटिया ने भक्तों को बताया कि देवी पार्वती रूप में महागौरी ने भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी तरह सिद्धपीठ काली मंदिर में भी भव्य पूजा अर्चना की गई।

## आज करें मां सिद्धिदात्री की पूजा

**फरीदाबाद।** नवरात्र के नौवें दिन मां भगवती की पूजा की जाती है। मां के नौवें स्वरूप का नाम सिद्धिदात्री है। इस बारे में राधा सर्वेश्वर मंदिर के संत मुनिराज महाराज ने बताया कि अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। यह मां का अंतिम रूप है। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है।

सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के बाद ही नवरात्रि का विश्राम होता है। मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती है। मान्यता है कि भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की उपासना से ही सिद्धियों को प्राप्त किया था। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। जिसमें वह गदा, कमल, शंख, चक्र लिये हुए कमल के फूल पर



आसीन होती है। मां सिद्धिदात्री का वाहन सिंह है। नवमी तिथि को भगवती को धान का लावा अर्पित करके ब्राह्मण को देना चाहिए। इस दिन देवी को भोग अवश्य लगाना चाहिए। समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए मां सिद्धिदात्री की पूजा विशेष मानी गई है।

# जैकबपुरा में धूं-धूंकर जली दशानन की सोने की लंका

## हनुमान जी से मित्रता से लेकर लका दहन तक की लीला

### श्रीदुर्गा रामलीला जैकबपुरा को फेसबुक पर ऑनलाइन देख रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा में श्री दुर्गा राम लीला में सीता से संवाद करते रावण और अशोक वाटिका में हनुमान जी।

**शबरी** के झूठे बेर खाते हुए की लीला के बाद शुक्रवार को दिखाया कि भगवान राम ने उस वन को भी छोड़ दिया और आगे बढ़ गए। रास्ते में उन्हें ब्राह्मण के भेष में हनुमान जी मिले।

जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला के नौवें दिन यहां से शुरुआत करके लंका दहन की तक की लीला का मंचन किया गया। हर साल हाइटेक होती जा रही इस रामलीला को इस बार फेसबुक पर भी ऑनलाइन ही दिखाया जा रहा है। आगे की लीला में दिखाया गया कि जब राम और लक्ष्मण ऋष्यमूक पर्वत के पास से गुजरते हैं तो उन पर सुग्रीव की नजर पड़ती है। सुग्रीव अपने भाई के छिपकर उस पर्वत पर रहते हैं। वे हनुमान जी से कहते हैं कि आप जाकर पता लगाओ कि वे कौन हैं। अगर वे बाली के भेजे हुए हों तो मैं तुरंत ही इस पर्वत को छोड़कर भाग जाऊंगा। यह सुनकर हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारकर उनके पास पहुंचे और पूछने लगे कि–हे वीर, आप कौन हैं, जो क्षत्रिय के रूप में वन में फिर रहे हैं। हम कोसलराज दशरथ जी के पुत्र राम–लक्ष्मण हैं। हम पिता का वचन मानकर वन आए हैं। हमारे साथ सुंदर सुकुमारी स्त्री थी। यहां वन में राक्षस ने मरी पत्नी जानकी को हर लिया है। हनुमान जी राम, लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत पर मंत्रियों सहित रह रहे वानरराज सुग्रीव के पास ले जाते हुए कहते हैं वे सीता जी की खोज करा देंगे। इसी बीच सुग्रीव–बाली का युद्ध भी दिखाया गया और श्रीराम ने बाली को तीर मार कर मार डाला।

बाली ने अपने बेटे अंगद को श्री राम को सौंप दिया। इसके बाद पूरी वानर सेना सीता जी को ढूंढने की तैयारी करने लगी। हनुमान जी लंका में सीताजी का पता लगाने अशोक वाटिका में पहुंच गए। सीता जी को ये बातें सुनकर रावण तलवार से उन्हें मारने दौड़ते हैं, इसी बीच वहां बैठी उनकी पत्नी मंदोदरी बीच में आकर कहती है कि औरत पर हाथ उठाना उन्हें शोभा नहीं देता। आगे की लीला में रावण और हनुमान के बीच दमदार संवाद होता है। इसके बाद रावण सजा के रूप में हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा देते हैं। बंदर की तरह से ही उछल–कूद करते हुए हनुमान जी ने सारी लंका को जला दिया और समुद्र में जाकर अपनी पूंछ में लगी आग बुझाई।

# रामलीला में सीता हरण का मंचन



शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रदर्शित रामलीला में रावण माता सीता का छल से अपहरण करने से पहले वाद-संवाद करता हुआ।

**सोहना।** सीता हरण के दौरान रावण ने अट्टहास कर दर्शकों को भी कंपाइमान कर दिया। शहर की हनुमान बगीची में शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रस्तुत की जा रही रामलीला में गुरुवार को सीमा हरण का दृश्य दर्शाया गया। रावण का रोल करने वाले शहर निवासी सौरभ सिंगला द्वारा निभाई जाने वाले किरदार के मुरीद हैं। जिनकी धाकड़ आवाज सुनने के लिए शहरवासी एक साल तक रावण की भूमिका का इंतजार करते हैं। सौरभ सिंगला पिछले 13 वर्ष से रावण की भूमिका रामलीला में करते आ रहे हैं। छल से सीता अपहरण करके ले जा रहे रावण से और जटायु ने मुकाबला किया, लेकिन रावण ने जटायू के पंख काट दिए और रावण माता सीता का हरण कर ले गया।

# पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को नहीं मिल रहे मकान

### पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए तीन साल से लगातार गुहार लगा रहे गरीब लोग

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**वर्ष** 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब लोगों को घर देने के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुन्हाना के वार्ड 10 में रहने वाले हरिजन कॉलोनी के गरीबों को लाभ नहीं मिल रहा है।

उनका आरोप है कि अधिकारी मिलीभगत करके अमीर लोगों को इस योजना का फायदा पहुंचा रहे हैं, जबकि जिन लोगों के दो रोटी के भी लाले पड़े हैं, उन्हें इस योजना का फायदा नहीं पहुंचा है। लोगों का आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार उपायुक्त महोदय व सीएम विंडो में की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका के अधिकारी गरीबों की सुनवाई नहीं कर पा रहे हैं।

पुन्हाना के वार्ड 10 की हरिजन कॉलोनी में रहने वाले टेकचंद, विजेंद्र, शायरा, अशोक, गोविंदा, नारंगी, विजय कुमार, शांति विधवा, राजेंद्र, ओमवती और बनवारी सहित काफी लोगों ने बताया कि कॉलोनी में लगभग 70 लोग ऐसे हैं, जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है, जो फिलहाल किराये के मकान या खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। जिन्होंने पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए तीन साल से आवेदन किया हुआ है।

जिनके पास लेटर भी मौजूद है और नक्शा भी बनवा रखा है। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते गरीबों को इस योजना का फायदा नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारियों ने लोगों से कहा था कि मकानों को तोड़कर उनकी डीपीसी कर लो उसके बाद योजना का लाभ मिलेगा। जिसके बाद कुछ लोगों ने ऐसा कर दिया मगर लाभ फिर भी नहीं मिला।

जिसके कारण गरीब लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए अपने पुराने या खंडहर मकानों को भी तोड़ दिया, जिसके बाद अब वो खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। वहीं जब इस मामले के बारे में नगर पालिका के जेई अंकित कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सोमवार को कॉलोनी में जाकर देखा जाएगा कि कौन कौन लोग योजना का लाभ लेने के पात्र हैं।

# जीवन शिक्षा का आधार है



भोंडसी के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन करते गुरुग्राम उपायुक्त अमित खत्री।

**सोहना।** शिक्षा जीवन का आधार होती है। भोंडसी की तरह से जिले की अन्य ग्राम पंचायतें भी पुस्तकालय खोलें, ताकि युवा वर्ग शिक्षा से जुड़कर जीवन को अच्छा बनाएं।

शुक्रवार को जिला उपायुक्त अमित्र खत्री ने भोंडसी के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन किया। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन, एसडीएम डॉ. चिनार चहल, बीडीपीओ प्रमेन्द्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल, स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम सिंह राघव, सरपंच दुर्गा देवी, सोहना राजकीय आर्दश मार्डल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा और गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे। प्रधानाचार्य श्याम सिंह राघव ने बताया कि पुस्तकाल के निर्माण में ग्राम पंचायत की अहम भूमिका रही है। ग्रामीणों ने ऐतिहासिक, प्रतियोगिता संबंधित, सामाजिक ज्ञान आदि पुस्तकें पुस्तकालय के लिए दान की हैं। पुस्तकालय में आईआईटी, निट, आईएएस, सेना से संबंधित, इतिहास से संबंध व पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध कराई गई है।

**भोंडसी से अन्य ग्राम पंचायतें सबक ले :** पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त अमित खत्री ने कहा कि जिले की अन्य ग्राम पंचायतें भी भोंडसी से सबक लेकर अपने युवाओं को पुस्तकालय की सुविधाएं जुटाएं, ताकि युवा वर्ग शिक्षा से अपने जीवन आजीविका और आधार बना सके। क्योंकि शिक्षा के बिना जीवन का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है।

# मध्यप्रदेश का इनामी बदमाश पलवल में गिरफ्तार

**पलवल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एक हजार के इनामी बदमाश को पलवल पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पलवल के तीन मामलों में भी अदालत से भगौड़ा करार है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डिटेक्टिव टीम इंचार्ज विश्व गौरव ने बताया कि मुखबिर की पर हवलदार अजीत के नेतृत्व में टीम गठित कर अलवालपुर चौक पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नीरज निवासी मोहन नगर पलवल बताया। नीरज बाइक चोरी, जानलेवा हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के तीन मामलों में आरोपी पाया गया था। जिसके खिलाफ कैंप थाने में मामले दर्ज हैं। आरोपी के बारे में एमपी पुलिस को सूचना दे दी गई है व शुक्रवार को उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीपीओ की टीम ने भोंडसी में अवैध कब्जा हटाए



**सोहना।** पंचायत विभाग ने भोंडसी की राम मंदिर जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों का सफाया किया। नर्सरी, दूध की डेयरी, कबाड़े की दुकान आदि ने अवैध कब्जा किया हुआ था। पुलिस थाना निर्माण को लेकर भोंडसी ग्राम पंचायत की राम मंदिर जमीन विवाद के घेरे में आ गई थी। जमीन पर पुलिस थाना बनाए, जाने पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया था। 18 अक्टूबर को पंचायत भवन में पंचायत हुई थी। पंचायत में ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा देवी के पति धर्मबीर ने राम मंदिर की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मुद्दा उठाया था। मंदिर की जमीन पर ग्रामीणों ने दूध डेयरी, नर्सरी, कबाड़े की दुकान आदि खोली हुई थी। बुधवार को अभियान चलाते हुए जमीन को कब्जा मुक्त किया गया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि पंचायती जमीन पर किसी भी गांव में कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग अपने स्तर पर पंचायती जमीन पर हो रहे कब्जों को पहचान कर रहा है। ताकि कब्जाधारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें पंचायती जमीन से हटाया जा सके।

### नगर परिषद ने फॉगिंग अभियान चलाया



**सोहना।** नगर परिषद ने शहर में मच्छरों का आतंक कम करने के लिए फॉगिंग अभियान चालू किया है। एक दिन दो या उससे अधिक वार्डों में फॉगिंग की जा रही है। परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि फॉगिंग का कार्य एक दिन में कम से कम दो वॉर्ड या तीन वॉर्डों में फॉगिंग कराई जाएगी। बताया कि फॉगिंग ऐसे क्षेत्रों में प्राथमिकता से कराई जा रही है जिस क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी है, कूड़े के ढेर लगे हैं। अभियान प्रत्येक वार्ड में दो से तीन बार चलेगा, ताकि मच्छर न पनपने पाएं। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि इसके साथ नागरिक को अपने घरों के बाहर जमा गंदे पानी के गड्ढों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने, टायर, मिट्टी के बर्तन या अन्य वस्तुओं में जमा पानी की सफाई करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### गुरुग्राम में पीसी फाइनेंशियल ने बांटे मास्क



**गुरुग्राम।** पीसी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से विभिन्न भारतीय शहरों में लगभग 24 हजार मास्क वितरित किए जा रहे हैं। इसमें ज्यादातर मास्क स्लम क्षेत्रों में दिए जा रहे हैं। क्योंकि वहां लोगों के पास सुविधाओं का अभाव रहता है। कंपनी की ओर से गुरुग्राम, फरीदाबाद में मास्क बांटे गए हैं। पीसी फाइनेंशियल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अभीत फाउंडेशन 80 महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने में सफल रहे हैं, जो एक टीम के रूप में साथ काम कर रही हैं। मास्क का वितरण रॉबिन हुड आर्मी द्वारा झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले लोगों को इस संक्रामक वायरस से बचाने के लिए एक प्रयास है।

### बेटियां पैदा होने वाले घरों पर बेटियों की लगी नेम प्लेट




**गुरुग्राम।** बेगमपुर खटोला में अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2020 तक जिन बेटियों का जन्म हुआ है, उनके घरों के बाहर बेटियों के नाम की प्लेटें लगाई गई। इस कार्य में आईसीडीसी की सुपरवाइजर सुरजीत कौर, रजनी तथा शकुंतला शामिल रही। सुरजीत कौर ने ग्रामीणों को लिंगानुपात के बारे में जानकारी दी। आंगनवाड़ी वर्कर बबीता ने बताया कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। दोनों एक समान हैं। उनमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने भ्रूण हत्या ना करने को प्रेरणा देते हुए कहा कि भ्रूण हत्या करना महापाप है। इससे हम सबको बचना चाहिए। अगर हम बेटियों को गर्भ में ही मरवाएंगे तो एक अच्छी बहू कहां से लाएंगे। बेटी देवी है, दुर्गा है। बेटी के बिना घर की आंगन सूना है। बेटी एक अच्छे घर का निर्माण करती है। बेटी दो घरों को संभालते हुए जीवन की नैया को चलाती है। बेटियां मर्द पैदा करती हैं। आंगनवाड़ी वर्कर संतोष ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगवाए और इसके लिए सभी को जागरुक भी किया।

### नागरिक अस्पताल में मिलेगी फीजियोथैरेपी की सुविधा

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को फीजियोथैरेपी की सुविधा मिलेगी। ताकि घुटना, कंधा, लखवा आदि के मरीजों को स्थानीय अस्पताल में उपचार की सुविधा मिल सके। नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी अन्य अस्पताल के लिए रेफर न करना पड़े। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 50 बैड के नागरिक अस्पताल में अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मुहिम शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल में निक्कू वार्ड के साथ–साथ फीजियोथैरेपी की सुविधा भी मरीजों को मिलेगी। जिसके लिए मरीजों को करीब दो माह का इंतजार करना पड़ेगा। दिसम्बर माह के आखिरी सप्ताह तक नागरिक अस्पताल में यह सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। नागरिक अस्पताल में फीजियोथैरेपी की सुविधा कंधे में लगी चोट, घुटनों में दर्द से पीड़ित मरीज, लकवा रोगी आदि को यह सुविधा मिलेगी। फीजियोथैरेपी के द्वारा रोगी को मालिस की सुविधा दी जाएगी।

# यहां चोरों ने मंदिर में रखे 10 रुपये तक नहीं छोड़े

### गढ़ी गांव में लगातार तीन दिन से हो रही चोरियां



**गुरुग्राम।** सेक्टर–10ए थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढ़ी–हरसरू में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पिछले तीन दिनों से लगातार चोरियों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। हालत यह है कि यहां एक प्रॉपर्टी डीलर के मंदिर से 10 रुपये भी चोरों ने चुरा लिए। बढ़ रही चोरियों के कारण ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भी रोष है।

गांव गढ़ी–हरसरू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट साईं इंकलेव में लोग परेशान हैं कि उनके घरों पर चोरों की नजर है। यहां घरों में सुबह 2 से 3 बजे के बीच चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बीते तीन दिनों में यहां मुकेश, सरोज के घर और प्रॉपर्टी डीलर हैप्पी के कार्यालय में चोरी हुई। घरों से तो काफी सारा कीमती सामान चोरों ने चुराया। लैपटॉप, एलईडी, सीसीटीवी को चोरों ने चुराया। चोर सीसीटीवी के साथ डिवाइस आदि भी चुरा ले गए, ताकि पुलिस के हाथ कोई सुबूत न लगे। प्रॉपर्टी डीलर हैप्पी के कार्यालय में बने मंदिर में तो चोरों ने 10 रुपये तक नहीं छोड़े। हालांकि एक घर में चोरी की घटना पास में लगे एक अन्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कॉलोनीवासी राजकुमार, महावीर, दिनेश, रामधनी और अशोक ने बताया कि चोरों के कारण अब सभी कॉलोनीवासी आतंकित हैं। चोरों का अगला निशाना कौन सा घर होगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। चोरी की घटनाओं की सूचना सेक्टर–10ए पुलिस थाना को दी गई। थाना के अंतर्गत सेक्टर–93 पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना किया और पीड़ित लोगों की शिकायत दर्ज की। पुलिस ने दूसर घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज ली हैं। उनके आधार पर जांच की जा रही है।

# अब तक दो लाख श्रद्धालु पहुंचे श्री माता शीतला मंदिर

### सभी को कोरोना संक्रमण से बचाने के पुख्ता प्रबंध

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के श्री माता शीतला मंदिर में सुरक्षा जांच से गुजरते श्रद्धालु।

**कोरोना** महामारी के चलते इस बार जिला प्रशासन श्री माता शीतला देवी मंदिर में पहुंचने वाले लोगों के स्वास्थ्य के प्रति पहले से अधिक सजग दिखाई दे रहा है। मंदिर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की थर्मल स्कैनिंग से जांच करते हुए उन्हें मंदिर के अंदर दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। इस बार मंदिर में अब तक करीब डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे हैं, जिन्होंने पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ माता के दर्शन किए और पूजा–अर्चना की। यह मेला 25 अक्टूबर तक चलेगा।

नवरात्र मेले को लेकर श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासन विनय प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए दो द्वार बनाए गए हैं। मंदिर परिसर में अलग–अलग स्थानों पर वालंटियरों की ड्यूटी लगाई गई है, जो श्रद्धालुओं के हाथ समय समय पर सेनिटाइज कर रहे हैं। मंदिर परिसर में चाक–चौबंद सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।


इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का खास तौर पर ध्यान रखा जा रहा है, ताकि कोरोना संक्रमण न फैले। मंदिर परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने के लिए उचित दूरी पर गोल चक्कर बनाए गए हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से अलग–अलग माध्यमों जैसे लाउड–स्पीकर आदि से सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने की अपील की जा रही है। मंदिर में उच्च अधिकारियों द्वारा भी समय समय पर मॉनीटरिंग की जा रही है ताकि छुट–पुट कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। श्रद्धालुओं को सोशल डिस्टेंसिंग व कोविड प्रोटोकॉल के लिए प्रेरित करने के लिए मंदिर परिसर में दो एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को कोविड संक्रमण संबंधी डूज एंड डोन्ट्स के बारे मे जागरूक किया जा रहा है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा है खास ख्याल

**मंदिर** में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में अलग–अलग स्थानों पर साइन बोर्ड लगाए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशानुसार मंदिर में प्रसाद तथा पवित्र पानी का छिड़काव प्रतिबंधित रहा। सुरक्षा प्रबंधों का दायित्व पुलिसकर्मियों द्वारा संभाला जा रहा है ताकि कानून व्यवस्था दुरूस्त रहे। इस बार कोरोना संक्रमण के चलते भंडारे व कीर्तन को प्रतिबंधित किया गया है। मंदिर में साफ–सफाई व्यवस्था का भी पहले की अपेक्षा अधिक ध्यान रखा जा रहा है। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए मंदिर के भवन में पुजारियों तथा श्रद्धालुओं के बीच में प्लास्टिक की शीट लगाई गई है। इसके अलावा नवरात्र मेले से पूर्व मंदिर में नियुक्त स्टाफ का भी कोविड टेस्ट करवाया गया और उन्हें इस दौरान आवश्यक एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीमें भी लगाई हैं।

# जागरूक बनिए और स्तन कैंसर को मात दीजिए : आरजीसीआइआरसी विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**स्तन** कैंसर महिलाओं की बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। हालांकि स्तन कैंसर के बारे में लोगों को सजग करने के लिए कई गतिविधियों और अभियानों का आयोजन किया जाता है लेकिन और अधिक सतर्कता, जागरुकता और जानकारी फैलाने की आवश्यकता है। यह कहना है राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के विशेषज्ञों, डॉ. डीसी डोवल, डॉ. राजीव कुमार और डॉ. कुंदन सिंह चुफल का।

स्तन कैंसर के इलाज में तकनीक की मदद से आयी क्रांति और लगातार जागरुकता के बावजूद लोगों में डर और हीनभावना जैसी चुनौतियों के बारे में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किये। आरजीसीआईआरसी के चेयर मेडिकल ऑन्कोलॉजी तथा ब्रेस्ट एवं सार्कोमा सर्विसेज के चीफ डॉ. डीसी डोवल ने कहा, स्तन कैंसर का जल्दी पता चलने पर नई टेक्नोलॉजी की मदद से इलाज के बाद स्तन सुरक्षित रखना संभव हो पाता है। स्तन कैंसर को लेकर लोगों में जानकारी की कमी है। लोग अक्सर दूसरों के अनुभव का अनुसरण करते हैं, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि हर स्तन कैंसर अपने आप में दूसरे से अलग होता है और इसीलिए उसका इलाज, कारण एवं परिणाम भी अलग होता है।' हाल के वर्षों में, बहुत सारी प्रगति हुई है।

आरजीसीआईआरसी के सीनियर कंसल्टेंट एवं चीफ ऑफ ब्रेस्ट सर्विसेज डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि अब रेडिएशन की नई तकनीकों जैसे आईएमआरटी, आईजीआरटी और एपीबीआई की मदद से हम इलाज के समय कैंसर के ट्यूमर पर सटीक तरीके से निशाना लगा पाते हैं और आसपास के स्वस्थ उतकों (टिश्यू) पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है।

आरजीसीआईआरसी के सीनियर कंसल्टेंट एवं रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के यूनिट हेड डॉ. कुंदन सिंह चुफल ने कहा कि हाइपोफ्रैक्शनेटेड रेडियोथेरेपी जैसी तकनीकों ने स्तन कैंसर के मामले में इलाज के समय को घटाया है। अब इलाज में 6 से 8 हफ्ते के बजाय 3 से 4 हफ्ता लगता है। यहां तक कि कुछ मरीजों का एक हफ्ते में ही इलाज हो जाता है। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि कोविड महामारी के कारण कैंसर के इलाज पर बुरा प्रभाव पड़ा है और इस कारण से कैंसर के एडवांस्ड स्टेज में पहुंचने का खतरा बढ़ गया है।

# जिला में चल रही बाजरे की खरीद को मिली रफ्तार

### किसानों को मिलने वाले टोकनों की बढ़ाई गई संख्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की मंडी में रखी फसल।

**गुरुग्राम** जिला की चारों मंडियों में चल रही बाजरा की खरीद को अब पहले की अपेक्षा गति दी गई है। चारो मंडियों में प्रतिदिन किसानों को मिलने वाले टोकनों की संख्या को बढ़ा 900 कर दिया गया है, ताकि खरीद प्रक्रिया को रफ्तार मिल सके।

मंडियों में आने वाले किसानों को असुविधा ना हो इसके लिए प्रतिदिन जारी किए जाने वाले टोकनों की संख्या को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। फर्रुखनगर मंडी में जहां पहले 200 से 220 टोकन दिए जा रहे थे, वहीं अब रोजाना किसानों को 300 टोकन दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार हेलीमंडी में भी पहले 250 टोकन प्रतिदिन दिए जा रहे थे अब इनकी संख्या को बढ़ाकर 400 किया गया है। खोड़ मंडी में टोकनों की संख्या को बढ़ाकर 45 तथा सोहना मंडी में 150 टोकन रोजाना दिए जाएंगे। जिला उपायुक्त अमित खत्री ने कहा कि किसानों से फसलों की खरीदारी सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार ही की जा रही है। जिस प्रकार मंडियों में किसानों से फसलों की खरीदारी की जा रही है उससे किसान पूरी तरह से संतुष्ट है। मंडियों में खरीदारी व्यवस्थित ढंग से की जा रही है। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव संबंधी आवश्यक सावधानी बरती जा रही है।

जिला प्रशासन की ओर से मंडियों को बार–बार सेनिटाइज किया जा रहा है। मंडियों में किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए बाजरे की खरीद की जा रही है। जिला में अब तक 16398 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद मंडियों में चल रही खरीद के बारे में बताते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मोनिका मलिक ने कहा कि सभी मंडियों में बाजरे का खरीद कार्य सुचारू ढंग से चल रहा है। फर्रुखनगर मंडी, सोहना मंडी, हेली मंडी और खोड़ मंडी में खरीद चल रही है और अब तक कुल 16 हजार 398 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। बीते दिन प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने बताया कि फर्रुखनगर मंडी में गुरुवार को 950 मीट्रिक टन, सोहना मंडी में 392 मीट्रिक टन, हेली मंडी में 880 मीट्रिक टन और खोड़ मंडी में 137 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद पूरी हुई। जिससे मिलाकर बीते दिन 2 हजार 359 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई।

## सोहना मंडी में किसानों को एक दिन में मिलेंगे 150 टोकन

**सोहना।** अनाज मंडी में अब एक दिन में 150 किसानों को बाजरा की फसल बेचने के टोकन मिलेंगे। अनाज मंडी में बाजरे की फसल बेचने वाले किसानों को लंबा इंतजार करना नहीं पड़ेगा। क्योंकि अब मंडी एक दिन में 150 किसानों को फसल बेचने का टोकन मिलेगा। जो अब तक एक दिन में केवल 90 किसान को मिलता था। मार्केट कमेटी सचिव नरेश कुमार ने बताया कि 150 टोकन देने की प्रक्रिया शुक्रवार से ही शुरू कर दी है। उन्होंने ने बताया कि किसान और आढ़तियों ने मिलकर टोकन की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। जिसके लिए उन्होंने ने एसडीएम डॉ. चिनार चहल और विधायक संजय सिंह के सहयोग से विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा था। जिसमें कम से कम एक दिन में 200 किसानों का फसल बेचने के लिए टोकन देने की मांग की गई थी। स्वराज अभियान से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ता जेसी यादव ने बताया कि योगेन्द्र यादव ने अपने स्तर पर हरियाणा सरकार से किसानों को मिलने वाले टोकन संख्या बढ़ाने की मुहिम चलाई हुई थी। जिसमें आज सफलता मिल गई है।

# अपनी सीटों से गायब अधिकारियों पर कसा जाएगा शिकंजा : उपायुक्त

## नदारद कर्मचारियों को मिलेंगे नोटिस नगराधीश को दिए आदेश

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**उपायुक्त** शरणदीप कौर बराड़ ने लघु सचिवालय के नए और पुराने भवन में बने कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर किया। शुक्रवार को किए निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अपनी सीटों से नदारद मिले, जिन पर शिकंजा कसने के लिए डीसी ने तुरंत प्रभाव से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं, कार्यालयों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने और बिना मास्क के ऑफिस आने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी डीसी ने नहीं बख्शा, उन्हें भी इस संबंध में नोटिस जारी किए जाएंगे।

इससे पहले उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने एमए शाखा, नगराधीश कार्यालय, डीसी कार्यालय के डायरी-डिस्पैच शाखा, एडीए शाखा, एआरसी, डीए शाखा, एलएफए, एचआरए, नाजर कार्यालय, लघु बचत योजना कार्यालय, रिकार्ड रूम, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला रोजगार अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला राजस्व कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत कार्यालय, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय, जिला विज्ञान एवं सूचना कार्यालय, लघु सचिवालय के सभागार, वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष सहित अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वयं एक-एक अधिकारी और कर्मचारी से नाम पूछ कर हाजिरी चेक की और जो कर्मचारी सीटों पर नहीं थे या फिर सीटों पर बैठकर काम नहीं कर रहे थे, उनकी सूची बनाने के लिए नगराधीश प्रीतपाल सिंह को आदेश दिए हैं।

डीसी ने नए और पुराने भवन के सभी कार्यालयों में इस बात पर भी फोकस दिया कि सभी मास्क पहनकर बैठे हैं या नहीं, कार्यालयों में सैनेटाइजर की व्यवस्था है या नहीं। इसके साथ-साथ कार्यालयों की साफ-सफाई को भी उपायुक्त ने चेक किया।

उपायुक्त ने लघु सचिवालय के नए भवन में और पुराने भवन के कई कार्यालयों के बाहर सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई। उपायुक्त ने सभी कार्यालयों में इस बात का भी आकलन किया कि अधिकारी और कर्मचारी मेहनत और ईमानदारी से कार्य कर रहे है या नहीं। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालयों में निर्धारित समयावधि में पहुंचें और अपनी सीटों पर बैठकर ईमानदारी के साथ काम करना सुनिश्चित करें। साथ ही सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान देना होगा तथा कोरोना वायरस से बचाव करने के लिए मास्क का प्रयोग करें और कार्यालयों में सैनेटाइजर की भी व्यवस्था रखें। मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मौके पर नगराधीश प्रीतपाल सिंह, सीएमजीजीए आशिमा टक्कर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यालयों का निरीक्षण कर हाजिरी चेक करतीं डीसी शरणदीप कौर बराड़।

### रिकार्ड का रख-रखाव ठीक करें

**उपायुक्त** ने रिकार्ड रूम चेक करने के उपरांत नगराधीश को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से सम्बन्धित रिकार्ड का रख-रखाव बेहतर तरीके से किया जाए और प्रयास किया जाए कि रिकार्ड आधुनिक तकनीकी रूप से सुरक्षित रखा जाए। उपायुक्त ने लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर रोजगार कार्यालय के बाहर युवाओं की भीड़ और अव्यवस्था देखकर रोजगार अधिकारी को निर्देश दिए कि युवाओं के लिए ई-दिशा या सरल केन्द्र में सेवाएं देने की व्यवस्था की जाए, ताकि रोजगार कार्यालय की व्यवस्था बनी रहे और युवाओं को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ई-ऑफिस के लिए ई मेल आईडी शीघ्र बनाई जाए : जयबीर आर्य



**भिवानी।** उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में ई-ऑफिस के बारे में संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सरकार के निर्देशानुसार प्रथम चरण में शामिल कार्यालयों में एक नवंबर 2020 से ई-ऑफिस शुरू किया जाए। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रदेश में ई-ऑफिस बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। सरकार के निर्देशानुसार कार्य को 25 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। इसके लिए चार चरण बनाए गए हैं। प्रथम चरण में उपायुक्त कार्यालय, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, नगराधीश कार्यालय, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय और जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय मुख्य रूप से शामिल हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनिस्थ कर्मचारियों की सूची एनआईसी कार्यालय में भिजवाएं। उपायुक्त ने एनआईसी के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे 27 अक्टूबर तक कर्मचारियों/अधिकारियों की सरकारी ई-मेल आईडी बनाने का कार्य पूरा करें।

उन्होंने कहा कि ई-मेल आईडी बनाने के बाद हरट्रोन से यूजरआईडी पासवर्ड मंगवाया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 29 नवंबर से अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अपना काम पेपरलेस कर सकें। उपायुक्त ने कहा कि पेपरलैस कार्य होना समय की जरूरत है। बैठक में एसडीएम भिवानी महेश कुमार, नगराधीश मनोज कुमार दलाल, सीएमजीजीए आयुष सिंघल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राम सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनुष्य के कर्म के अनुसार ही होती है फल की प्राप्ति



**रादौर।** श्रीनागेश्वर धाम पक्का घाट मंदिर में चल रहीं रामकथा लगातार सातवें दिन शुक्रवार को भी जारी रही। कथावाचक स्वामी महेशाश्रम ने कहा कि मनुष्य के कर्म के अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है और हमारे प्रारब्ध में कब कौन सा परदृश्य आकर जीवन बदल दें यह मनुष्य को ज्ञात नहीं होता। इसलिए मनुष्य थोड़े से सुख पाने के बाद से मदान्द हो कर धर्म आचरण और परमात्मा का चिंतन छोड़ देता है। जब दुख पड़ता है तब मनुष्य भगवान के शरण में सुख शांति का उपाय खोजता है। इस अवसर पर, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा खुर्दबन, बलबीर बंसल, पप्पू शर्मा, सीता राम सैनी, विनोद सैनी, सरला देवी, परमेश्वरी देवी, माया देवी, कौशल आदि सैकड़ों भक्तों ने कथा का आनंद लिया।

### रादौर का रावल चौक अब होगा महाराजा अग्रसेन चौक



**रादौर।** अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से शुक्रवार को शहर के सफल पैलेस में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर समाज के सैकड़ों लोगों ने अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान एडवोकेट पुनीत गर्ग के नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। अग्रवाल समाज के लोगों ने हवन-यज्ञ कर सभी के लिए सुख शांति व कोरोना बीमारी के जल्द खत्म होने की भगवान से कामना की। शहर के रावल चौक का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन चौक किया गया। समाज के लोगों ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। प्रधान एडवोकेट पुनीत गर्ग, पवन गर्ग, डॉ. बिमल गर्ग, अमित अग्रवाल और सचिन गुप्ता ने शहर में महाराजा अग्रसेन चौक बनाए जाने पर नगर पालिका की चेयरपर्सन सुदेश रानी मेहता, सभी पार्षदों, नगर पालिका सचिव व सरकार का धन्यावाद किया। आशु गर्ग, सुमित गोयल, अमित गर्ग, पंकज गोयल, श्रीराम बंसल, गुरमेहर मंगला, राजीव जिंदल, विनोद सिंगला, राजीव गुप्ता टीटू, सुबोध गुप्ता, हनी गर्ग, अंकुश गुप्ता, सतीश गुप्ता, संजय एरन, राहुल गुप्ता, उमेश गुप्ता, विनोद सिंगला, रचित गुप्ता और विश ऐरन आदि मौजूद थे।

### सरकार द्वारा मांगें न मानने से कर्मचारियों में रोष : नागर



**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के सोनीपत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता जिला चेयरमैन धूप सिंह लाकड़ा और संचालन जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने किया। सम्मेलन में कर्मचारी हितों के मुद्दों की विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि मंच के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर, यूनियन के राज्य महासचिव धर्मवीर शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की चाहे वेतन विसंगति की समस्या हो या विभागों को निजीकरण करने और जन स्वास्थ्य विभाग को नगर निगमों में सौंपने की समस्या हो, पुरानी पेंशन बहाल, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के बारे में आदि कर्मचारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों को न मानने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। मौके पर विष्णु दत्त भारद्वाज, विनोद शर्मा, सुंदर चौहान तेज प्रकाश गौड़ सुरेश नैयर धूप सिंह लाकड़ा अमित कुमार, शंभू कुमार, राकेश त्यागी, सुभाष चंद्र, सुरेन्द्र शर्मा, सतीश कुमार रंगा,कमला, महेंद्र सारसर, मुकेश दहिया, बिजेंद्र शर्मा, बिजेंद्र रीवाल, ईश्वर मदान, ध्रूव जोगेन्द्र, बंसी, रामपाल, रणबीर सिंह नरेश, सतबीर, मौसम अरुण आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### मजदूरों की मांगों को लेकर एटक प्रतिनिधि मण्डल उपायुक्त से मिला



**भिवानी।** मजदूरों व कर्मचारियों की मांगों को लेकर एटक का प्रतिनिधि मण्डल जिला प्रधान ईश्वर शर्मा की देखरेख में उपायुक्त से मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात के दौरान उपायुक्त को मजदूरों व कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। एटक के राज्य प्रधान बलदेव घणघस ने उपायुक्त को मजदूरों व कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए परिवहन विभाग के अवैध वाहनों के बारे में बातचीत विस्तार पूर्वक बात की। उन्होंने कहा कि अवैध वाहनों के कारण राजस्व विभाग को काफी नुकसान हो रहा है। इस पर प्रतिबंध लगाया जाये। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण मजदूरों कि अनेकों सुविधाऐं जो मजदूरों को दी जा रही है। उनके बारे में विस्तार से बातचीत हुई सभी समस्याओं के बारे में उपायुक्त ने विश्वास दिलाया की आने वाले समय में इनका प्रमुखता के आधार पर निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एटक की तरफ से उपायुक्त को हर कार्य में पूरा सहयोग दिया जाएगा।

### शरद पूर्णिमा पर औषधियुक्त खीर का वितरण

**सोनीपत।** श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर ककरोई चौक के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति 30 अक्टबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ ककरोई चौक, सोनीपत में रात को चमत्कारिक खीर (औषधियुक्त) बनाई जाएगी, जो दमा, नजला और अन्य रोगों के लिए रामबाण औषधि है। जिसका नि:शुल्क वितरण 31 अक्टूबर शनिवार को सुबह साढ़े 7 बजे मंदिर में किया जाएगा। संजय सिंगला ने जानकारी दी कि इस औषधियुक्त खीर को खाने से 5 घंटे पहले और 5 घंटे बाद तक कोई भी ठंडी व खट्टी चीजें खाने का परहेज होगा और जरूरतमंद व्यक्ति खीर की मंदिर में पहले बुकिंग करा सकता है। इस खीर को बनाकर रात को चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है, क्योंकि इस दिन चंद्रमा धरती के सबसे नजदीक होता है और इस तरह खीर में अनेक महत्वपूर्ण जड़ी बूटी डाली जाती है।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Raj Kumar Aggarwal S/o Nathi Lal H.NO. 165, Gali No. 3, Hanuman Nagar, Kheri Kalan, Faridabad Raj Kumar Aggarwal & Raj Kumar Only one & same person. In future know me Raj Kumar Aggarwal for all purpose.

◆ खोया-पाया ◆

I Srishti Bhardwaj D/o Sanjeev Krishan lost my original 10th mark-sheet Roll no-2115775 year 2015 R/O MCF-2463/9 sanjay colony Sec-23, NIT Faridabad Haryana 121005 please contact 9213997716

### फैंसी ड्रैस में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाहाबाद मारकंडा।** सतलूज सिनियर सैकेंडरी स्कूल द्वारा ऑनलाइन आयोजित फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में कक्षा प्ले, नर्सरी, केजी और पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस गतिविधि में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अध्यापकों ने बच्चो को फैंसी ड्रैस की जानकारी दी। इस गतिविधि में बच्चों ने अपनी रूचि दिखाई और उन्होंने फैंसी ड्रैस का बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानााचार्य डा. आरएस घुम्मन ने बच्चों की कला को सराहा व उनकी प्रशंसा की। यह गतिविधि इंचार्ज मनोज भसीन की देखरेख में सम्पन्न हुई। इस गतिविधि में स्कूल उपप्रधानार्च विरेन्द्र सिंह, रजनी, रूपाली, पूनम, डिम्पल आदि मौजूद रहे।

# जजपा जिलाध्यक्ष रामफल मलिक ने सुनी समस्याएं

**कैथल।** जन-नायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामफल मलिक ने पार्टी जिला कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और कुछ समस्याओं का समाधान भी कराया।

रामफल ने कहा कि किसी भी पार्टी की रीढ़ उसके कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए उन्होंने हर सोमवार व शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में समस्याएं सुनने का समय तय किया है। पार्टी के प्रदेश सह-प्रवक्ता हरदीप पाडला ने बताया की आज जितनी भी समस्याएं जिलाप्रधान रामफल मलिक के समक्ष आई थीं उनमें से काफी का समाधान जल्द हो जाएगा और कुछ रोजगार सम्बंधित अर्जियों को जल्द



ही जिला अध्यक्ष द्वारा उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मिलकर हल कराने का हर संभव प्रयत्न किया जाएगा। पार्टी कार्यालय में प्रवक्ता हरदीप पाडला, हल्का प्रधान चंद्रभान दयोरा, युवा हल्का प्रधान वीरेंद्र ढांडा, संदीपा क्योड़क, सूबे सिंह कुराड़, फूल कुमार, रामफल ढुल, कृपाल मालखेड़ी, जगदीश भूरा, सतबीर और सुनील कुमार के साथ-साथ बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने दुर्गा यज्ञ किया

## यज्ञ का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन संग गणेश वंदना के साथ किय

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**आर्ट** ऑफ लिविंग ने पवित्र नवरात्रों में देवी मां दुर्गा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए राष्ट्व्यापी ऑनलाइन दिव्य नवदुर्गा यज्ञ का शुभारंभ स्वामी रामनाथ शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन संग गणेश वंदना के साथ किया।

आचार्य सोनिया मिगलानी ने बताया कि वेद विज्ञान महाविद्यापीठ, कपिस्थल आश्रम, कैथल में और इसके साथ ही सम्पूर्ण भारत से ऑनलाइन जूम-एप के माध्यम से



जूम एप के माध्यम से समारोह में भाग लेते हुए योग साधक।

अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भक्तजनों ने स्वामी रामनाथ शर्मा, पण्डित नीलमणी और पण्डित जगदीश शुक्ला के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक हुआ। स्वामी रामनाथ शर्मा ने बताया कि पावन कार्यक्रम में भाग लेने से साधक जिस सकारात्मक ऊर्जा और प्राणशक्ति से ओतप्रोत होंगे वो उनके संकल्प-सिद्धि में सहायक होने के साथ-साथ सम्पूर्ण वातावरण पर भी निश्चित रूप से शुद्ध एवं सात्विक प्रभाव डालेगी। अल्पना मित्तल, डॉक्टर विकास भटनागर, सूरजभान शांडिल्य, डॉक्टर सीमा भटनागर, आनन्द जयसवाल, अक्षय मित्तल, भारत खुराना, सुनील खुराना, गीता खुराना, शैलजा खुराना, शैली सिक्का, पीयूष हसीजा, यशिका हसीजा, कृष्ण मिगलानी, श्रेया भटनागर, पुष्प मिगलानी, पारस खुराना, शेफाली खुराना और कमल कान्त गांधी आदि साधकों का विशेष सहयोग रहा।

# न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने कोविड-19 के खिलाफ स्वच्छता परियोजना शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

## अभियान के तहत कंपनी के ट्रैक्टर और स्प्रेयर उपयोग किए जाएंगे

**सीएनएच** इंडस्ट्रीयल एनवी के ब्रांड न्यूहॉलैंड एग्रीकल्चर ने कोविड 19 से लड़ते समुदायों का हौसला बुलंद करने के लिए ट्रैक्टर और स्प्रेयर के तीन सेट का योगदान दिया है जिनका उपयोग गौतम बुद्ध नगर के सरकारी अभिकरण- नगर पालिका परिषद दादरी, नगर पंचायत राबूपुरा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण करेंगे।

नगर पालिका परिषद दादरी के अध्यक्ष, नगर पंचायत राबूपुरा के अध्यक्ष और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ प्रत्येक को एक सेट ट्रैक्टर और स्प्रेयर प्रदान करने के लिए तीन अलग-अलग वितरण समारोह आयोजित किए गए। न्यूहॉलैंड टीम ने नगर निगमों और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। टीम का नेतृत्व कंपनी के भारतीय निर्माण के कार्यकारी निदेशक नरेंद्र मित्तल, भारत में संस्थागत बिक्री के प्रमुख विकास किकन, अजय गौतम, सुरजीत सिसोदिया, आदित्य घिल्डियाल, कविता साह. सीएसआर प्रमुख और कंपनी के अन्य अधिकारियों ने किया। समारोह में क्रमश: नगर पालिका/पंचायत और प्राधिकरण के अध्यक्ष और सीईओ को ट्रैक्टर और स्प्रेयर की चाबी सौंप दी गई।

# महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सारथी** जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सोनीपत द्वारा नवरात्रों के पावन अवसर पर बेटी बचाओ अभियान के अंतर्गत कन्या पूजन आखिर कब तक? संगोष्ठी व मेरी आवाज, मेरा समान भविष्य विषय पर सेमिनार आयोजन आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोनीपत एएसपी निकिता खट्टर व बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति सोनीपत की जिला संयोजक डॉ ज्योति जुनेजाने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ममता सचदेवा ने शिरकत की।

निकिता खट्टर ने कहा कि बालिकाएं व महिलाएं जब तक शिक्षित नहीं होंगी तब तक वह आगे नहीं बढ़ सकती। इसलिए महिला



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

सशक्तीकरण के लिए शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सुनिश्चित करें कि बालिकाओं को देश में उनके सभी मानवाधिकारों, सम्मान और बराबरी के तमाम मूल्य मिले। आज लड़कियां हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहीं हैं। इससे समाज की सोच भी बदल रही है। पढ़ाई के साथ हर क्षेत्र में लड़कियों की हिस्सेदारी व राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां प्राप्त कर रही है। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि कन्या पूजन व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मुख्य लक्ष्य पूरे भारत में बेटियों के जीवन की रक्षा करना और उन्हें पढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ रजनी मल्होत्रा, संयोजक किरण बाला, ईश्वर गुप्ता, कृष्ण वत्स, डॉ. मीनू गबरानी, एडवोकेट अनिल जैन, सुशील गोयल, डॉ. सुनील वर्मा और स्कूल की अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# पुलिस अधिकारी होना शान की बात : विरेंद्र राठौड़

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस फ्लैग डे के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र राजेश दुग्गल के मार्ग दर्शन में राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन देवसुख नवीन ने कराया। संगोष्ठी में सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विरेन्द्र राठौड़ ने कहा कि एक पुलिस अफसर होना शान की बात है। पुलिस का कार्य कोई नौकरी नहीं है, बल्कि एक सेवा है। पुलिस विभाग के कर्मचारी दिन-रात अपने परिवार की परवाह किए बगैर आम जन की सेवा के लिए चौक-चौराहों पर खड़े रहते हैं। देश में किसी भी आंतरिक दंगे, असामाजिक गतिविधियों के साथ राजनीतिक जलसा-जुलुसों में पुलिस हर समय मौजूद रहती है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**किसी सूरत, किसी सूरत भी बस खिलने को आतुर हो**
**जो लब सच बोलते हों उनको तुम सिलने को आतुर हो**
**पसीने से हमारे आपको आती रही बदबू**
**ज़रूरत वोट की है तो गले मिलने को आतुर हो**

# कुविवि के प्रोफेसर राम विरंजन को मिला अवॉर्ड

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के प्रोफेसर राम विरंजन को हिमप्रस्थ सोसाइटी, देहरादून उत्तराखंड ने प्रोफेसर भगवती प्रकाश काम्बोज कला रत्न अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय ने बताया कि हिमप्रस्थ सोसाइटी ने प्रो. रामविरंजन को कला के क्षेत्र में अपूर्व, उत्कृष्ट एवं गौरवपूर्ण योगदान के लिए भगवती प्रकाश काम्बोज कला रत्न अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड से नवाजा है। डॉ. दीपक राय ने बताया कि प्रो. भगवती प्रकाश काम्बोज मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय आनलाइन आर्ट प्रदर्शनी वसुंधरा: द मदर अर्थ जो 18 अक्टूबर से 18 दिसंबर तक चल रही हैं, उसमें ऑनलाइन प्रतिभागिता करने पर ललित कला विभाग के शिक्षक डॉ. गुरचरण सिंह को भी हिमप्रस्थ सोसाइटी ने सम्मानित किया है।

# आईसीआईसीआई बैंक ने वर्चुअल प्रॉपर्टी एक्जीबिशन 'होम उत्सव' का शुभारंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद /गुरुग्राम

## प्रदर्शनी में दिल्ली-एनसीआर में प्रमुख डेवलपर्स द्वारा रियल एस्टेट परियोजनाओं को डिजिटल रूप से किया गया प्रदर्शित

**आईसीआईसीआई** बैंक ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के लिए वर्चुअल प्रॉपर्टी प्रदर्शनी 'होम उत्सव' का शुभारंभ किया। इसमें एनसीआर के भीतर और आसपास के जानेमाने डेवलपर्स द्वारा रियल एस्टेट प्रोजेक्ट को डिजिटल रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर के लिए प्रदर्शनी, भारत के प्रमुख शहरों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर भी 'होम उत्सव' की मेजबानी के लिए बैंक की पहला का एक हिस्सा है। यह प्रदर्शनी लोगों को अपने सपनों के घरों को त्योहारों के मौसम में अपने घर बैठे-बैठे, पूरी तरह से परेशानीमुक्त तरीके से बुक करने में सक्षम बनाती है। इस प्रदर्शनी में 35 से अधिक डेवलपर भाग ले रहे हैं और नई दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में 50 से अधिक प्रोजेक्ट को प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

कोई भी, चाहे वह आईसीआईसीआई बैंक का ग्राहक हो या न हो, प्रदर्शनी में शामिल हो सकता है। उन्नत सुविधा के जरिए वे इन परियोजनाओं को अपने घर और कार्यालय में आराम से ऑनलाइन ब्राउज कर सकते हैं। वे इस प्रदर्शनी के माध्यम से संपत्ति खरीदने पर आकर्षक ब्याज दरों, विशेष प्रसंस्करण शुल्क और ऋणों की डिजिटल मंजूरी जैसे विशेष प्रस्तावों का भी लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहक को इसके अतिरिक्त भी फायदा मिलते हैं, वे बैंक की प्री-अप्रूव्ड और इंस्टा सीरीज के उत्पादों का लाभ उठा सकते हैं।

बैंक ने कुछ हफ्ते पहले मुंबई और पुणे में 'होम उत्सव 'प्रदर्शनी की शुरुआत की, जहां 60 से अधिक डेवलपर्स द्वारा 100 से अधिक परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। आईसीआईसीआई बैंक में सिक्योरिटी एसेट्स के हैड श्री रवि नारायणन ने इस पहल पर बोलते हुए कहा, 'हमें देश के विभिन्न बड़े शहरों के प्रमुख डेवलपर्स द्वारा गुणवत्ता वाले रियल एस्टेट प्रोजेक्ट दिखाने के लिए 'होम उत्सव' शुरू करने की खुशी है। प्रदर्शनी में एक ही स्थान पर कई तरह की परियोजनाओं और आकर्षक ब्याज दरों, विशेष प्रोसेसिंग फीस और होम लोन की डिजिटल मंजूरी जैसे कई लाभों का एक अनूठा संयोजन दे रहे हैं।'

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# संघीय व्यवस्था का विरोध

## विपक्ष की रणनीति

**केंद्रीय** शक्तियों के विरोध की पंजाब व महाराष्ट्र में विपक्ष ने नई रणनीति अपनाई है। विपक्ष अपने शासित राज्यों में कृषि कानूनों तथा सीबीआई के अधिकार क्षेत्र के बारे में केंद्र का विरोध कर दिल्ली में सत्तारूढ़ भाजपा से राजनीतिक मुकाबला कर रहा है। पंजाब ने तीन कृषि कानूनों को चुनौती देते हुए अपने संशोधन कानून बनाए हैं तथा महाराष्ट्र ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के राज्य में जांच के अधिकार से सहमति वापस ले ली है। संवैधानिक रूप से पंजाब सरकार विधेयकों को पहले राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति के पास भेजे जाने की प्रतीक्षा करेगी। केंद्र सरकार की सलाह पर काम कर रहे राष्ट्रपति की इनको अनुमति मिलने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में जाने का रास्ता अपना सकती है। इसी प्रकार राज्य भले ही सीबीआई जांच से सहमति वापस ले ले, पर वह इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनदेखी नहीं कर सकता है। पंजाब सरकार का तर्क है कि कृषि राज्य सूची का विषय है और केन्द्र का इस पर अधिकार नहीं है, जबकि केन्द्र का कहना है कि कृषि उत्पादों के व्यापार व वाणिज्य से संबंधित होने के कारण तीनों कानूनों का संबंध समवर्ती सूची से है। पंजाब सरकार कृषि कानूनों में संशोधन से सुनिश्चित करना चाहती है कि पुरानी व्यवस्था जारी रहे तथा समानान्तर बाजार से कमजोर न हो। पहले संशोधित कानून में गेंहू व धान के लिए केन्द्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी देना जरूरी है और इसका उल्लंघन करने वाले को दंड दिया जाएगा। दूसरे कानून में कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी के बाहर निजी खरीदारों द्वारा किए जाने वाले सौदों पर बाजार फीस या लाइसेंस जरूरी होगा जिसे केन्द्रीय कानून



ने समाप्त कर दिया है। तीसरे कानून में संशोधन से अनिवार्य वस्तुओं के उत्पादन, सप्लाई व वितरण की असीमित सीमा को समाप्त कर पंजाब सरकार को नियंत्रण का अधिकार वापस दिया गया है। राज्य का कहना है कि केंद्र ने कृषि कानूनों के बारे में जल्दबाजी की है और क्रियान्वयन की व्यावहारिकताओं पर ध्यान नहीं दिया है। उसका आरोप है कि कृषि मंत्री ने सभी पक्षों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन देने से इनकार कर दिया, जबकि भाजपा के किसान संगठन भी इन पर आपत्ति कर रहे थे। उसने पूछा है कि क्या केन्द्र एमएसपी को अनिवार्य घोषित नहीं कर सकता था, जबकि इससे किसानों के मन में पैदा आशंकायें दूर हो जातीं। यदि केन्द्र सरकार जीएसटी की तरह विमर्श के बाद समावेशी माडल अपनाती तथा विधेयकों पर संसदीय समितियों में विचार करती तो चीजें ज्यादा बेहतर स्थिति में होतीं। जीडीपी में कृषि का हिस्सा 16 प्रतिशत है और किसान सभी पार्टियों के मतदाताओं में शामिल हैं, इसलिए उनकी बात पर अवश्य ही गौर करना चाहिए था। आज किसान खेती में भारी लागत, कम उत्पादकता तथा गिरते मूल्यों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनको विश्वास में लेना जरूरी है। महाराष्ट्र सरकार ने अन्य विपक्षी राज्यों बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की तरह पहले सीबीआई जांच को दी गई आम सहमति वापस ले ली है। उसने कहा है कि ऐसी जांच हस्तक्षेपकारी तथा राजनीति से प्रेरित होती है। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार सहयोगी संघवाद के कुछ आयामों पर नहीं चल रही है, जबकि 2014 के बाद अपने पहले कार्यकाल में वह इसी रास्ते पर चल कर जीएसटी लागू कराने में सफल हुई थी। शायद 2019 में भारी विजय के बाद उसने संघीय स्पेस पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। हालांकि, केंद्र-प्रायोजित योजनाओं की कठोर निगरानी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसके द्वारा उठाए कदमों का बीजू जनता दल जैसी क्षेत्रीय शक्तियों ने समर्थन कर उनको राज्यसभा में पास कराने में सहायता की है। स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है, पर कोविड नियंत्रण के मामले में भी राज्यों पर दबाव डाला गया, जबकि अनेक राज्यों ने इससे निपटने के अपने तरीके विकसित किए हैं। कुछ राज्य अब केन्द्र के विपरीत नीतिगत दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

# शराबबंदी की राजनीति

**शराब पर प्रतिबंध लगाने के जोश में नीतीश कुमार की सरकार ने अत्यन्त कठोर कदम उठाए हैं। नशाखोरी की समस्या से निपटने के बेहतर तरीके भी हैं।**



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व आईपीएस तथा पूर्व सांसद हैं)



अमेरिका में शराब पर प्रतिबंध लगाने वाला वोलस्टड कानून 1920 में पास किया गया था। यह शराब बंदी लगभग 14 साल जारी रही और इसने एक समानान्तर अवैध अर्थव्यवस्था बना दी। इससे माफिया उभरे तथा ऐसा राज्य प्रायोजित ढांचा बना जिसमें अमीरों व शक्तिशाली लोगों को सुरक्षा दी गई थी, पर वह गरीबों पर भारी पड़ रहा था। उस समय की मीडिया खबरों से पता चलता है कि अमेरिका में एक खास मजेदार घटना हुई थी। जब पुलिस ने डेनवर में एक बार पर छापा मारा तो उनको वहां स्थानीय कांग्रेस सदस्य, मेयर व शेरिफ मदिरापान करते मिले। कोई सोच भी नहीं सकता था कि 1920 के डेनवर व वर्तमान बिहार में समानता होगी।

मजेदार बात है कि यदि आप इस लेख का पहला पैरा न पढ़ें तो लगेगा कि हम नीतीश कुमार के बिहार और खासकर उनकी शराबबंदी के बारे में बात कर रहे हैं। शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था।

शराबंदी कठोरता से लागू करने के तरीकों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि नीतीश कुमार ने अचानक एक दिन तय कर लिया कि बिहार में शराबबंदी होनी चाहिए। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था। उसे कम से कम जमीनी स्तर पर इस नीति की भयानक विफ्लता स्वीकार करते हुए अब अपनी गलती माननी चाहिए। लेकिन शायद बिहार की वर्तमान सरकार में इस दूरदृष्टि का अभाव है और वह अपनी गलतियां स्वीकारने को तैयार नहीं है।

सवाल है कि आखिरकार शराबबंदी को बिहार में नीतीश सरकार के प्रशासन का बैरोमीटर क्यों माना जाता है? हमें इस कदम की कठोरता पर विचार करना चाहिए। यह प्रतिबंध केन्द्र सरकार द्वारा लिए नोटबंदी के निर्णय की तरह संपूर्ण था। उम्मीद करनी चाहिए थी कि सरकार पहले यह विचार कर लेती कि जमीनी स्तर पर इस कदम को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा या नहीं। इस नीति के परिणामस्वरूप नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री गैरी बेकर द्वारा प्रयुक्त शब्दों के अनुसार 'तार्किक अपराध' जैसी स्थिति बन गई है। इसका अर्थ तार्किक लोगों द्वारा किया अपराध है क्योंकि वे अपराध करते समय पकड़े जाने पर संभावित दंड पर ज्यादा ध्यान देते हैं, लेकिन वास्तव में पकड़े जाने की संभावना पर ज्यादा गौर नहीं करते हैं। बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के मामले में पकड़े जाने पर दंड बहुत कठोर है, पर वास्तव में पकड़े जाने की संभावनायें बहुत कम हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो बिहार में पुलिस या संबंधित अधिकारियों की मुट्ठी गरम करने अथवा वीआईपी होने पर शराबबंदी कानून के उल्लंघन में पकड़े जाने की संभावना बहुत कम है। लेकिन यह बात आम नागरिक पर लागू नहीं होती है।

वास्तव में बिहार में जमीनी स्तर पर असली शराबबंदी नहीं है। हालांकि, शराब पर प्रतिबंध है, पर यह व्यवहार के बजाय अवधारणा के स्तर पर ज्यादा सही है। आप

**शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था।**

जहां चाहें वहां शराब मिल सकती है। बताया जाता है कि एक बड़े राष्ट्रीय दैनिक के रिपोर्टर से एक ट्रैवल एजेंट ने कहा, 'शराबंदी क्या है? दारू सब जगह, यहां तक कि स्थानीय पुलिस थानों में उपलब्ध है।' हो सकता है कि उसका यह दावा गलत हो, पर नीतीश सरकार द्वारा लागू शराबबंदी ने ग्राहकों को शराब सप्लाई करने वालों के बीच भीड़ की हिंसा को जन्म दिया है। चूंकि, अदालत के माध्यम से शराब के दूसरे वितरक को चुनौती नहीं दी जा सकती है, इसलिए एकमात्र विकल्प हिंसा के माध्यम से स्थानीय स्तर पर एकाधिकार स्थापित करना है। अमेरिका में शराबबंदी के दौरान अक्सर कुछ लोग भीड़ को भड़का कर हिंसा कराते थे क्योंकि उनको प्रतिबंध से भारी मुनाफा होता था। बिहार में अक्सर कुछ पुलिस व सरकारी अधिकारी एकाधिकार स्थापित करने के प्रयासों में संलिप्त पाए जाते हैं क्योंकि इससे उनको आर्थिक लाभ होता है। इस स्थिति का खामियाजा शराब सप्लायरों के बजाय ग्राहकों को भुगतना पड़ता है। पटना में पुलिस मुख्यालय के नवीनतम रिकार्डों के अनुसार अप्रैल, 2016 तथा इस वर्ष जनवरी के बीच अवैध शराब रखने के संबंध में कुल 2,12,323 गिरफ्तारियां हुईं। इन गिरफ्तारियों में केवल 19,500 सप्लायर थे। गिरफ्तार किए गए अधिकांश लोग ऐसे गरीब थे जो रिश्वत नहीं दे सकते थे, जबकि भ्रष्टाचार से कमाई करने वाले अधिकारियों को दंड देने की ज्यादा घटनायें सामने नहीं आई थीं। शराब के लिए रिश्वत देने की व्यापक भ्रष्ट व्यवस्था से सभी परिचित हैं तथा बहुत से लोगों ने इसकी शिकायत की है। अनेक लोगों को शराबबंदी के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

शराबबंदी के कारण एक और समस्या सामने आई है। खतरनाक किस्म की नकली शराब व्यापक रूप से उपलब्ध है। इसका कारण शराब रखना जोखिम का काम है, इसलिए अनेक नकली शराब बनाने वाले तत्व इसका लाभ उठाते हैं। थोड़ी मात्रा में ज्यादा नशीली शराब की इच्छा से लोग नकली शराब का प्रयोग करते हैं। नकली शराब के उपभोग से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली मौतों की संख्या बढ़ी है, क्योंकि वहां अमीरों व शक्तिशाली लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शराब खरीदने की क्षमता नहीं है। अमेरिका के उदाहरण पर गौर करें। यदि बिहार की तुलना शराबबंदी के युग वाले डेनवर से की जाए तो अनेक समानतायें मिल सकती हैं। पुलिस द्वारा डाले गए छापों में बारों में पुलिस अधिकारी व वरिष्ठ राजनेता मदिरापान करते मिल सकते हैं, पर बाहर मरते गरीब दिख सकते हैं।

इस गलत योजना पर लगने वाले संसाधनों से अन्य पहलकदमियां संभव नहीं हो पा रही हैं। यदि शराब बिक्री को नियंत्रित कर इस पर टैक्स लगाया जाए तो राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा जिसका प्रयोग शिक्षा व रोजगार बढ़ाने में किया जा सकता है। इसके बजाय वर्तमान समय में राज्य के संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। आर्थिक व श्रमशक्ति के रूप में इसका प्रयोग मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना के लिए हो रहा है। पुलिस बल की शक्ति में कमी का अर्थ अन्य अपराधों में वृद्धि भी है। कुछ भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को शराब उपयोगकर्ताओं से आसानी से पैसा मिल सकता है, अतः वे बलात्कार व हत्या जैसे अपराधों पर लगाम लगाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं।

कुछ लोगों को उम्मीद हो सकती थी कि भाजपा नीतीश के इस व्यवहार को ठीक करने का प्रयास करती, लेकिन वह उनका समर्थन कर रही है। कठोर शराबबंदी का पालन करने वाले गुजरात की तरह बिहार में भी शराबबंदी को केन्द्र सरकार का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में खराब नियोजन व गलत नीतियों का परिणाम बिहार के आम आदमी को भुगतना पड़ता है। राज्य में शराबबंदी के कारण स्थिति इतनी खराब है कि शायद सरकार के अति उत्साह के कारण वास्तव में कुछ लोग मदिरापान की ओर अग्रसर हुए हैं।

# जब घाटी में बरपा था पाकिस्तानी कहर!

**आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर हिंसा का तांडव मचाया था।**

**राघवेंद्र सिंह**
(लेखक संस्कृति मंत्रालय में सचिव हैं)



22 अक्टूबर इतिहास का एक काला दिन है और भारत भी घाटी में हिंसा व आतंकवाद भड़काए जाने में पाकिस्तान की भूमिका के विरोध में इसे याद कर रहा है। आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर कुकृत्य को अंजाम दिया था। मुज़फ्फराबाद, दोमेल और उरी में तांडव मचाकर कबायली लश्करों ने पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों के नेतृत्व में 26 अक्टूबर को बारामूला में प्रवेश किया और तबाही मचाई। 10 नवंबर को दि न्यूयॉर्क टाइम्स में राबर्ट ट्रंबुल द्वारा प्रकाशित खबर आक्रांताओं द्वारा शहर में खेले गए मौत तथा विध्वंस के तांडव से संबंधित थी। कबायलियों का सामना बेबस निवासियों की रक्षा के लिए आगे बढ़ रहे भारतीय सैनिकों से होने के पहले शहर को उसकी संपदा व गरिमा से विहीन कर दिया गया था। उन भयावह घटनाओं से बचकर निकले लोगों के अनुमानों के अनुसार चार यूरोपियों एवं एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश सैन्य अधिकारी, कर्नल डाइक्स, एवं उनकी गर्भवती पत्नी समेत, उनके लगभग 3,000 निवासी साथी मौत के घाट उतार दिए गए थे। जब आक्रांता 26 अक्टूबर को शहर में पहुंचे, महसूद कबायली की एक पार्टी ने संत जोसफ के फ्रांससिस्कन कान्वेंट परिसर की दीवार लांघकर कान्वेंट अस्पताल व गिरजाघर पर हमला बोल दिया। 24 घंटे बाद जब भारतीय सेना बारामूला पहुंची, तब लगभग 14,000 की जनसंख्या में से केवल 1,000 लोग बाकी बचे थे।

संबद्ध प्रेस छायाकार, मैक्स डेस्पोट, ने 2 नवंबर को बताया कि उसने कश्मीर घाटी के एक हिस्से के ऊपर से उड़ान भरते हुए 20 से अधिक गांवों को आग की लपटों में घिरे देखा था, जो श्रीनगर के 20 मील तक फैले हुए थे। आक्रमणकारियों ने गांवों को आग के हवाले कर दिया, जो घाटी में घम रहे और श्रीनगर की दिशा में बढ़ रहे थे। लंदं के डेली एक्सप्रेस के सिडनी स्मिथ उन दस दिनों के दौरान बारामूला अस्पताल में थे तथा उन्होंने सबसे पहले कान्वेंट पर हुए हमले की खबर दी थी। ''कबायली लश्कर पहाड़ों से नीचे उतरकर शहर के दोनों तरफ से आए थे। वे दोनों ओर से अस्पताल की दीवारों पर चढ़े थे। पहले समूह ने मरीजों पर गोलियां बरसाईं। एक 20 वर्षीय भारतीय नर्स, फिलोमेना, ने एक मुस्लिम मरीज़ को बचाने की कोशिश की जिसने थोड़ी देर पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। पहले उसे गोली मार दी गई और उसके बाद उस मां को भी। मां सुपीरियर एल्डेट्रूड वार्ड की ओर भागी, और फिलोमेना के ऊपर गिर गई, मगर उस पर हमला किया गया। जब सहायक मां, टेरेसालीना ने मां एल्डट्रूड की ओर कबायली को राइफल तानते देखा, वो उसके सामने कूद कर आ गई और एक गोली टेरेसालीना के हृदय को चीरते हुए निकल गई। उस क्षण, कर्नल डाइक्स, कबायलियों पर चिल्लाते हुए मां सुपीरियर को खबरे से बाहर निकालने अपने कमरे से दौड़कर गए। लेकिन मां सुपीरियर को गोली मार दी गई और कर्नल भी उसके साथ गिर पड़े, जिनके पेट में गोली लगी थी।

उनकी पत्नी अपने पति की मदद करने उनके कमे से दौड़कर गईं, मगर उन्हें भी गोली मार दी गई। जब यह सब चल रहा था, एक आंग्ल भारतीय, जी बोरेटो, नौ ननों के सामने बगीचे में मार डाला गया। फिर ननें गोली चलाने वाले दस्ते के समक्ष कतार में खड़ी हो गईं। हमने अगले दिन से पहले श्रीमती डाइक्स को नहीं देखा। खबर आई कि एक अन्य मिशन के प्रमुख मेजर रोनाल्ड डेविस, एक वेल्शमैन, तथा उसकी दो अंग्रेजी महिला सहायकों को भी मौत के घाट उतार दिया गया था। कहा जाता है कि अन्य सहायक को भी पहाड़ों पर ले जाया गया था।''

बारामूला के अब्दुल रहमान, ने भी, अपने अवलोकनों को दर्ज कराया और कहा कि हमलावरों ने शुरुआत हिन्दुओं को लूटने से की, सिखों के घर जला दिए और उन्हें मार डाला। इस नरसंहार और लूट के परिणामस्वरूप, सिख और हिन्दू, अपने घरों को जलता छोड़कर बारामूला छोड़कर चले गए और उनकी अधिकतर महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए और उन्हें अपहृत कर लिया गया। हमलावरों ने शुरुआत में मुसलमानों को नहीं छुआ, शायद वे उनकी सहानुभूति जीतना चाहते थे। चंद दिनों पश्चात जब उन्होंने पाया कि उन्हें घाटी से खदेड़कर बाहर कर दिया जाएगा, तो वे सब पर हमले करने लगे। उन्होंने भरपूर लूट मचाई, व बलात्कार किए। जो भी उनके मार्ग में आया उसे मार डाला। हमलावर वापस जाते समय सोने, चांदी, कीमती कपड़े आदि सब अपने साथ ले गए।

बारामूला के वज़ीर-ए-वज़ारत के अनुसार, कबायली लश्कर चौधरी फैजुल्लाह 30-40 लोगों के समूहों के साथ प्रविष्ट हुआ। उनमें से 5,000 बारामूला में केंद्रित थे। वे अधिकतर कबीलाई थे जिनमें कुछ पंजाबी मुसलमान थे। वे सभी हथियारों से लैंस थे और पाकिस्तानी सेना एवं फ्रंटियर कांस्टैबलरी अधिकारियों के नेतृत्व में चल रहे थे। स्थानीय मुस्लिम कांफ्रेंस के लोगों ने हमलावरों के साथ मिलकर उनका मार्गदर्शन किया। जिस दिन से हमलावर कस्बे में दाखिल हुए, उन्होंने गैर मुसलमानों को मारना प्रारम्भ कर दिया और सभी मजबहों के लोगों के घरों को लूटा व जला डाला व महिलाओं के साथ बलात्कार किए। वे 10-12 लोगों के समूहों में घरों में घुसते, उन्हें लूटते और कीमती वस्तुएं, कपड़े व खाद्य सामग्री आदि साथ ले जाते। इस लूट के सामान को ले जाने के लिए लगभग 280 लारियों का इस्तेमाल किया गया था। 7 नवंबर को भारतीय सेना द्वारा उस पर पुनः कब्जा किए जाने के बाद पाकिस्तानी आक्रांता छोड़कर वापस चले गए। 11 नवंबर को दि टाइम्स आफ लंदन ने खबर छापी थी कि बारामूला के निवासी भारतीय सैनिकों को देखर प्रसन्न नजर आ रहे थे। प्रेस ने इस तथ्य की गवाही दी कि कान्वेंट और अस्पताल भारतीय हवरई हमलों में नष्ट नहीं हुए थे जैसा कि पाकिस्तानी वायरलेस पर बयानों में बताया गया था।

## आप की बात

### स्वागतयोग्य कदम

**पुलिस** स्मृति दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संख्या में इजाफा करने, उन्हें नई तकनीकों से लैस करने एवं पुलिस विभाग के लिए अन्य कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की मंशा जाहिर करी है। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुलिस व सुरक्षा बलों पर नागरिकों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उनकी ड्यूटी भी आम नौकरियों से सख्त, समय की पाबंद और जटिल होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होता है। हमारी सुखद नींद के पीछे उनका त्याग छुपा होता है। अतः उनकी सेवा शर्तें भी आकर्षक होना चाहिए। प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए। पुलिस का आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। अपराधियों के द्वारा अपराध करने के नवीन तरीकों एवं साइबर क्राइम के बढ़ते ग्राफ से निपटने के लिए पुलिस को नवीन प्रणालियों से सुसज्जित करना आवश्यक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों को भी जनसंख्या के मान से पुलिस भर्ती हेतु निर्देश प्रसारित करना चाहिए। जनता के सहयोग, विश्वास और सतर्क व्यवहार से हमारी पुलिस बेहतर परिणाम दे सकती है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### खाकी वालों की कद्र नहीं

**खाकी** के सपूत बिन सोचे अपने बारे में दूसरों के लिए जीवन अपना कुर्बान कर देते हैं, यकीनन नहीं मिलता वह गौरव पुलिस को फिर भी वह सर्वोच्च बलिदान देते हैं। सुबह हो या शाम ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, आंदोलन, धरना, प्रदर्शन को संभालते हैं बेशक् लोगों की जिंदगी में फरिश्तों से कम नहीं होते खाकी रंग के फ़रिश्ते वाले वह शख्स। पुलिस एक आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा देती है जिससे अपराधियों के मन में खौफ पैदा होता है, लेकिन फिर भी हमारे देश में कानून की रक्षा करने वाले इन पुलिसकर्मियों को उनके हिस्से का आदर नहीं मिल पाता है। पूरे देश में हालही में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया था, व यह दिन वर्ष 1959 में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए भारतीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की याद में मनाया जाता है। 21 अक्टूबर से भारत और चीन के बीच वर्ष 1962 में युद्ध शुरू हुआ था लेकिन एलऐसी पर चीन की तरफ से हमले की शुरुआत उससे पहले ही हो गई थी। 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक 35 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। देशभर के पुलिस के जवानों ने कोविड-19 के इस संकटकाल में लोगों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद


### सुधार की आवश्यता

**गरीबी** और भूख मानवता के सबसे बड़े अभिशाप हैं। हाल ही में इस पर अलग-अलग वैश्विक सर्वेक्षण सामने आए हैं। जिसमें भारत की स्थिति अत्यंत बदतर होने की दिशा में ही आगे बढ़ती हुई दिख रही है। वैश्विक भूख सूचकांक में भारत को सूडान जैसे अत्यंत पिछड़े हुए देशों के साथ रैंकिंग साझा करनी पड़ी है। यह हमारे गरीबी उन्मूलन और पोषण कार्यक्रमों की असफलता को प्रमाणित करता है। लिहाजा सरकार को तत्काल इनसे संबंधित सभी कार्यक्रमों में सुधार सम्बन्धी प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्रष्टाचार और अनियमितता की सबसे बड़ी योजनाओं में से है। अतः इसमें गुणात्मक सुधार करते हुए इसे पोषण से जोड़ा जाना चाहिए और पात्रता मानदंडों को पुनः परिभाषित करते हुए अपात्रों को बाहर करने और पात्रों को जोड़ने के लिए अभियान की जरूरत है। गैस सब्सिडी छोड़ने के अभियान की सफलता के बाद अब पीडीएस का लाभ ले रहे सक्षम लोगों से इसका लाभ न लेने का अभियान भी चलाया जा सकता है।

– **वीरेंद्र बहादुर पांडे**, गोंडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** आचार संहिता पर जल्द नतीजा निकलने की अपनी उम्मीद दोहराता हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक शांतिपूर्ण विवाद समाधान के लिए आह्वान करता हूं।

– **ऐटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव

**जब** तक सरकार परिवारों के हाथों में धन और गरीबों की थाली में भोजन नहीं पहुंचाएगी तब तक अर्थव्यवस्था का पुनरुत्थान नहीं होगा।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता





**असाधारण** कोरोना संकट के दौरान किसानों के कठिन परिश्रम की बदौलत हम अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को कम करने में सफल हुए हैं।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# हरियाणा का एविएशन हब बनेगा हिसार : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



## अधिकारियों के साथ बैठक में किया रिव्यू

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मिली एनओसी

**हरियाणा** सरकार द्वारा हिसार को प्रदेश के एविएशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। 27 अक्टूबर को हिसार एयरपोर्ट के लिए भूमि-पूजन का कार्यक्रम तय किया है। सरकार का प्रयास है कि कागजों में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम पूरा किया जाए।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद जारी जानकारी में बताया कि हवाई अड्डा निर्माण के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय विभाग से हवाई अड्डे के निर्माण कार्य शुरू करने संबंधी हरी झंडी मिल गई है और अब एयरपोर्ट के आधारभूत ढांचे का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि उड्डयन व विमानन क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों व अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन हो चुका है। हिसार हवाई अड्डे से केंद्रीय पर्यावरण विभाग से एनओसी मिलने के बाद सरकार ने 27 अक्टूबर को हवाई अड्डा बनाने की योजना को अमली-जामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### रात में लैंड कर सकेंगे हवाई जहाज

**चौटाला** ने बताया कि हिसार के हवाई अड्डे को अत्याधुनिक बनाया जाएगा जिससे कि यहां रात को भी बड़े हवाई जहाज लैंड कर सकेंगे। कम विजिबिलिटी में जहाज को लैंड करने की समस्या से निपटने के लिए भी पूरे इंतजाम किए जाएंगे और इसके लिए इस प्रकार की अत्याधुनिक तकनीक युक्त लाइट स्थापित करने का प्रस्ताव है। जिससे कि 24 घंटे हवाई जहाज के आवागमन की सुविधा रहेगी।

### हवाई पट्टियों के विस्तार पर रहेगा सरकार का फोकस

**डिप्टी** सीएम ने कहा कि हरियाणा को आगामी समय में एविएशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें हिसार का हवाई अड्डे का निर्माण मील का पत्थर रहेगा। वहीं भिवानी में एविशन क्लब, महेंद्रगढ़ में एडवेंचर स्पोर्टस सेंटर सहित करनाल और पंचकुला में हवाई पट्टियों का विस्तारीकरण करने पर सरकार का फोकस रहेगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का सबसे महत्वपूर्ण अंग हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाना है। वर्तमान हवाई पट्टी के अलावा तीन हजार मीटर नई हवाई पट्टी बनाने का काम शुरू हो जाएगा। हवाई पट्टी के साथ-साथ ही टैक्सी वे, टैक्सी स्टैंड, जहाज के लिए पार्किंग स्पेस, टर्मिनल, एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम स्थापित करने की दिशा में चरणबद्ध तरीके से काम शुरू होगा। हिसार हवाई अड्डे की चारदीवारी निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी वहीं आतरिक सुरक्षा के लिए फैंसिंग लगाने की प्रक्रिया जारी है।

# विधायक नैना चौटाला ने निजी कोष से असहाय व गरीबों को बांटे चेक

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी




**बतौर** विधायक सरकार से मिलने वाली पाई-पाई पर बाढडा हल्के की जनता का अधिकार है। हल्के की जनता के हर सुख-दु:ख में सदैव साथ खड़ी रहूंगी। यह बात विधायक नैना चौटाला ने बाढडा रेस्ट हाउस में अपने निजी कोष से हल्के के 45 जरूरतमंद लोगों को 5 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित करते हुए कही।

विधायक नैना चौटाला ने गत बोर्ड रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बाढडा हल्के की 10 प्रतिभावान छात्राओं को भी नगद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने शुक्रवार को बाढडा हल्के के गांव बाढडा, नांधा, रहडौदी, जेवली में राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूलों का उद्घाटन किया। इसके अलावा गांव बेरला में बनने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला के नए भवन की आधारशिला भी रखी। बाढडा रेस्ट हाउस में अपनी मांगों को लेकर मिलने आए किसानों को सम्बोधित करते हुए विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेंगी।

क्षेत्र कि मंडीयों में किसानों की संख्या में बढ़ोतरी जल्द कर दी जाएगी। विधायक नैना चौटाला ने किसानों को भरोसा दिलाया कि फसल की भाव एमएसपी से नीचे नहीं जाने दिया जाएगा। किसानों की मांग पर नैना चौटाला ने मौके पर ही बाढडा एसडीएम शम्भु राठी को निर्देश दिए कि दिसम्बर माह में हुई ओलावृष्टि का सरकार द्वारा घोषित मुआवजा आगामी 15 दिनों में किसानों के खाते में पहुंच जाना चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

## बढ़ती महंगाई से लोगों का जीना दूभर : अशोक अरोड़ा



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में महंगाई बेलगाम हो गई है। जहां प्याज ने लोगों के आंसू निकाल दिए हैं, वहीं बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है और आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है। अरोड़ा ने कहा कि पहले ही कोरोना में हुए लॉकडाउन के कारण लोगों का काम धंधा चौपट हो गया और देश में करोड़ों युवक बेरोजगार हो गए। गरीब आदमी का रोजगार छिन गया, वहीं अब लगातार महंगाई बढ़ रही है। दालों के भाव डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गए हैं। खाद्य तेलों के रेट भी आसमान को छू रहे हैं। आम आदमी के चुल्हे पर प्रतिदिन प्रयोग में किए जाने वाले प्याज 80 रुपये किलो हो गई है। आलू 50 रुपये किलो बिक रहा है। देश में कहावत है कि दाल रोटी खाओ प्रभु के गुण गाओ, लेकिन आज दाल भी गरीब आदमी की पहुंच से बाहर हो गई है। जो दाल पहले 80 रुपये किलो मिलती थी, अब उसका रेट बढ़ कर डेढ़ गुणा हो गया है। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल का भाव काफी कम होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। जिसका सीधा प्रभाव आम आदमी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर अंकुश लगने में पूरी तरह विफल रही है।

## सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार बच्चे की मौत

**कुरुक्षेत्र।** गांव भेरिया के निकट ट्रैक्टर की चपेट में आने से साइकिल सवार बच्चे की मौत हो गई। हादसे में ट्राली का टायर बच्चे के ऊपर से गुजर गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। मृतक के पिता गांव भेरिया निवासी राजेश ने बताया कि उसका बेटा रमन अपनी बहन रूमा को गांव फूलगढ़ स्थित एक निजी स्कूल छोड़ने गया था। बहन को छोड़कर जब वह लौट रहा था, तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसके पुत्र की मौत हो गई।

## भिवानी जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को हुई बैठक

**भिवानी।** भिवानी बार एसोसिएशन में आगामी बार चुनाव के संदर्भ में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में कृष्ण मलिक सचिव ने अपने कार्यकाल का लेखा जोखा सभी सदस्यों के सामने रखा। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी मनमोहन भूरटाना एडवोकेट ने बताया कि अब चुनाव को पारदर्शिता से बैलेट पेपर के माध्यम से व बार कॉउन्सिल के निर्देशानुसार कराया जाएगा। इसके बाद चुनाव समिति के चेयरमैन मनोज तंवर ने बताया कि चुनाव 26 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया फिर से शुरू होगी एवं 27 अक्टूबर को नामांकन वापस लिया जा सकेगा तथा चुनाव छह नवम्बर को आयोजित कराया जाएगा।

## पूजा-अर्चना के साथ नागरिकों के लिए की मंगलकामना

**सोनीपत।** भाजपा नेता राजीव जैन ने नवरात्र पर्व के दौरान माता चिटाना वाली की पूजा-अर्चना कर नागरिकों के लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के मध्य हम सभी का दायित्व है कि अपने भाव मे निर्मलता लाएं तथा एक-दूसरे प्राणी के प्रति सद्भाव रखते हुए जनकल्याण में अपना योगदान दें। शुक्रवार को सप्तमी अवसर पर माता चिटाना वाली को सुबह 4 बजे शहर सोनीपत भवन से रामलीला ग्राउंड कामी रोड पर पैदल लेकर आए और उसके बाद सप्तमी की पूजा अर्चना शुरू की गई। पूजा-अर्चना में शामिल होकर राजीव जैन ने मां की आरती कर कर पूजा आरंभ की। दिल्ली कैम्प में मां नैना देवी की ज्योत लेकर पैदल आए। बस स्टैंड स्थित अम्बेडकर पार्क ने आयोजित माता का जागरण में भी शिरकत करते हुए राजीव जैन ने कहा कि माता का आशीर्वाद सोनीपत की जनता पर बना रहे, इसके लिए मंगलकामना की है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। इसे हमने अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है।

## महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में रूडसेट का कार्य सराहनीय है



**गुरुग्राम।** शुक्रवार को रूडसेट संस्थान, गुरुग्राम द्वारा 756वें महिलाओं के लिए डेयरी एंड वर्मी कंपोस्टिंग प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में श्री शक्ति मलिक, एसेसर, नेशनल अकाडमी ऑफ रूडसेटी, बैगलूरू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पुनेपाल, एलसी, गुरुग्राम कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नौरंगपुर गांव, गुरुग्राम जिले के 33 शिक्षित महिलाओं ने भाग लिया और सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य था कि प्रशिक्षण के बाद वे डेयरी फार्मिंग का अपना स्व-रोजगर स्थापित करें ताकि अपने अलावा दूसरों को भी रोजगार मुहैया करा सकें। ये सभी महिलायें स्वयं सहायता समूह में कार्य कर रही है। ये समूह में अपना काम शुरू करेगी ताकि दूसरों को भी रोजगार मुहैया करा सकें। संस्थान आगमन पर संस्थान के निदेशक संजय ढ़ीगरा ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान के गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में डेयरी के पशु चिकित्सक केके यादव, प्रभारी, पशु विज्ञान केन्द्र, गुरुग्राम, ने सत्र लिया और पशुपालन के अंतर्गत पशुओं के नस्ल का चयन वैज्ञानिक तरीके से, वैज्ञानिक तरीके से कृत्रिम गर्भाधान, बीमारियों का उपचार आदि के बारे में विस्तुत प्रशिक्षण दिया। इससे उद्यमियों को स्व-रोजगार के अन्तर्गत डेयरी उद्योग की स्थापना में सुगमता होगी। प्रशिक्षण के द्वारा श्वेत क्रांति के क्षेत्र रूडसेट संस्थान का एक अनूठा प्रयास है। डॉ. भरत सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र शिकोहपुर ने वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण दिया। जिसमे गोबर का उपयोग जैविक खाद बनाने के तरीके बताया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य राजेश प्रसाद ने अतिथियों का धन्यवाद पारित किया।

# सीएम उड़नदस्ते ने बाबैन में रसगुल्ले की फैक्ट्री पर की छापेमारी

**कुरुक्षेत्र।** त्योहारों के सीजन के चलते सीएम फ्लाइंग की टीम ने बाबैन में रामशरण माजरा रोड पर एक रसगुल्ले की फैक्ट्री में छापे मारी की। सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ मिलकर बाबैन में रसगुल्ले और गुलाबजामुन सहित छह सैम्पल लिए।

खाद्य आपूर्ति विभाग एफसओ संदीप कादियान, सप्लाई अधिकारी हरीश कुमार व सीएम फलाइंग से एसआई गुरचरण सिंह, एसआई आशीष कुमार, एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई रूपिन्द्र सिंह व प्रवेश कुमार ने जैसे की रसगुल्ले की फैक्ट्री में छापे मारी की, तो ये खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। इसके बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया। विभाग की टीम ने रसगुल्ले के सैपल लिए और उन्हें जांच के लिए लैब में भेजा है। एफएसओ संदीप कादियान ने बताया कि बाबैन में मिलावटी रसगुल्ले बनाने की खबर पता चली थी, तो यह कार्रवाई की गई है। सीएम फ्लाइंग टीम में शामिल एसआई आशीष कुमार ने कहा कि अगर लैब की रिपोर्ट आने के बाद सैंपल फेल हुए, तो इन रसगुल्लों को नष्ट किया जाएगा और इस फैक्ट्री मालिक पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### कंफेक्शनरी शॉप में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**सोनीपत।** ओल्ड डीसी रोड पर स्थित एक कंफेक्शनरी शॉप में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना मिलने के बाद भाजपा नेता राजीव जैन ने नुकसान का जायजा लिया तथा पीड़ित को प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार मदद दिलाने का भरोसा दिया। बीती रात ओल्ड डीसी रोड पर कंफेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। इसकी सूचना मिलने के बाद सुबह राजीव जैन आनन्द सिनेमा के सामने कंफेक्शनरी शॉप पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित अशोक कुमार से घटना की जानकारी ली। जैन ने कहा कि छोटे दुकानदारों को प्रदेश सरकार द्वारा नुकसान की स्थिति में मुआवजा देने के लिए नीति बनाई हुई है। पीड़ित को भी योजना के अनुसार इसका लाभ दिलवाया जाएगा।

# रामकरण व रणधीर सिंह के चेयरमैन बनने पर दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह मुलतानी, युवा जिलाध्यक्ष जसविंद्र सिंह खैहरा, युवा जजपा नेता योगेश शर्मा ने जजपा के नवनियुक्त चेयरमैनों के पदभार संभाल कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने शाहाबाद के विधायक रामकरण को शुगर फैड व रणधीर सिंह को चेयरमैन बनाने पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद किया। रामकरण व रणधीर सिंह ने भी पूरी निष्ठा से कार्य करने की बात कही। जजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने जमीन से जुड़े लोगों को सत्ता तक पहुंचाया, ताकि सत्ता में



आम लोगों की भागीदारी होने से प्रदेश का भला हो सके। वहीं अब चौ. देवीलाल की राह पर चलते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी आम लोगों में से निकले नेताओं को चेयरमैन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बैठाने का कार्य किया है। दुष्यंत चौटाला के इस सराहनीय कार्य से निश्चित रूप से ही इन विभागों की उन्नति के साथ साथ आमजन को सरकारी सुविधाओं का फायदा मिलेगा।

### केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले आज भिवानी में

**भिवानी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज 24 अक्टूबर को भिवानी शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त कार्यक्रम अनुसार मंत्री अठावले शनिवार को सुबह 10.45 बजे लोक निर्माण विश्राम गृह में पहुंचेगे। उसके बाद वे 11 बजे पत्रकारों को संबोधित करेंगे। दौरा कार्यक्रम अनुसार अठावले 11.30 हांसी रोड पर शकुंतला गार्डन में ठा. बीर सिंह के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद वे 12 बजे ठा. बीर सिंह मार्ग पर एक शोरूम का उद्घाटन करेंगे। वे 12.15 बजे जैन चौक स्थित पीली कोठी में आयोजित स्वागत समारोह में शामिल होंगे। उठावले 12.30 बजे दादरी गेट स्थित अंबेडकर भवन में एक समारोह में शामिल होंगे।

### यज्ञ से मनुष्य बनता है महान : हरिओम महाराज

**कुरुक्षेत्र।** मां मोक्षदायिनी गंगाधाम ट्रस्ट ऋषिकेश-हरिद्वार के सांस्कृतिक संगठन सनातन मिशन एवं जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा कालेश्वर तीर्थ में आयोजित 89वें 11 कुंडीय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ के छठे दिन श्रद्धालुओं ने महायज्ञ आहुतियां देकर परिक्रमा की।

सनातन मिशन के अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी और महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह अनुष्ठान सरंक्षक हरिओम महाराज के सान्निध्य में चल रहा है। युवा भाजपा नेता साहिल सुधा, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कौंसिल के संयुक्त सचिव अशोक शर्मा बाली, लखनऊ से विश्व हिन्दू परिषद् के सीनियर नेता अनुराग वाजपेयी ने महाआरती में भाग लिया। स्वामी हरिओम महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से मनुष्य महान बनता है। यज्ञ से ही धर्म, अर्थ, काम और मौक्ष की प्राप्ति होती है एवं यज्ञ से ही पर्यावरण की रक्षा और जलवायु शुद्ध होती है।

# कल कोरोना से लड़ने की शपथ लेंगे विधानसभा कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**दशहरे** के अवसर पर हरियाणा विधानसभा सचिवालय कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई और तेज करेगा। इस दिन विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सचिवालय के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सावधानी बरतने का संकल्प कराएंगे। इसके लिए सभी कर्मचारियों को विधान सभा सचिव की ओर से बाकायदा आदेश जारी किए हैं।

इस दौरान सभी कर्मचारी कोरोना के बारे में सतर्क रहने और अपने आसपास के लोगों को इस बारे में जागरूक करने का संकल्प करेंगे। वह विधान सभा अध्यक्ष को घातक विषाणु के प्रसार को रोकने संबंधी सभी सावधानी बरतने का वचन देंगे। इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय, प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी हिदायतों का अक्षरश: पालन करेंगे। इसके लिए वे दूसरों को भी प्रोत्साहित करने की प्रतिज्ञा करेंगे। इसके साथ ही मास्क और फेस कवर की बात दोहराई जाएगी और दो गज की दूरी बनाए रखने की शपथ होगी। हाथों को नियमित रूप से साफ रखने और साबुन से धोने की बात भी शपथ में शामिल रहेगी।विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कोरोना संक्रमण का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है। इस दौरान यह आशंका रहती है कि लोग कहीं लापरवाही न बरत लें। वर्तमान दौर सबसे महत्वपूर्ण है और कोरोना के खात्मे के लिए सभी का एकजुट होना आवश्यक है।

### हरियाणा के लोगों को योग्य क्यों नहीं समझती खट्टर सरकार : कुंडू

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा एचपीएससी चेयरमैन पद पर बिहार मूल के अधिकारी की नियुक्ति किए जाने को लेकर निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने सवाल खड़े कर दिए हैं। कुंडू ने कहा कि इस नियुक्ति में एक बार फिर प्रदेश के लोगों का अपमान कर उन्हें शर्मसार किया गया है। क्या सरकार को हरियाणा वासियों की योग्यता पर विश्वास नहीं है या फिर मुख्यमंत्री प्रदेश वासियों से कोई बड़ा राज छिपाने का प्रयास कर रहे हैं।

शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कुंडू ने कहा कि सरकार की नजरों में हरियाणा के नागरिक सिर्फ चपरासी, क्लर्क या ग्रुप सी और डी की नौकरी के ही काबिल हैं। हरियाणा में यूपीएससी टॉप करने वाली प्रतिभाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने काफी पहले ही हरियाणा वासियों को कंधों से नीचे मजबूत और ऊपर से कमजोर बताया था और उनकी उस बात के मायने आज सबको समझ आ रहे हैं।

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए 19 नवंबर तक करें आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**राष्ट्रीय** प्रतिभा खोज परीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 19 नवंबर है। इसमें स्टेज वन (राज्य स्तर) की परीक्षा 13 दिसंबर और स्टेज टू (राष्ट्रीय स्तर) परीक्षा की तिथि 13 जून 2021 को आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की पहचान के लिए एनटीएसई स्टेज वन परीक्षा राज्य स्तरीय होगी, जबकि स्टेज दो परीक्षा एनसीईआरटी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा



के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को 11 वीं से लेकर पीएचडी तक छात्रवृत्ति सरकार द्वारा दी जाएगी। स्टेज वन यानि राज्य स्तर पर हरियाणा प्रदेश के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 13 दिसंबर को यह परीक्षा हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आयोजित की जाएगी।

परीक्षा में चयनित 186 प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के लिए पात्र होंगे। चयनित विद्यार्थी की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा यानी स्टेज टू 13 जून 2021 को एनसीईआरटी दिल्ली की ओर से आयोजित की जाएगी। परीक्षा में उत्तीर्ण देश भर के दो हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलेगी।

### कोरोना से संक्रमित 39 नए मामले आए सामने, एक मरीज की हुई मृत्यु

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 39 नए केस सामने आए हैं और गांव हंसाला से 85 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। कुरुक्षेत्र से 40 मरीजों को एक ही दिन में ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। इतना ही नहीं, कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित अब तक 6010 मरीज ठीक होकर घर लौट गए। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 106089 में से 99262 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने वीरवार को देर सायं जारी एक हेल्थ बुलेटिन में कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 39 नए केस सामने आए हैं।




### पुरानी पेंशन बहाल कराना ही पीबीएसएस का लक्ष्य : ईष्टकान

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति सोनीपत जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा गांव बिधल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बैठक हुई। एक नवंबर को गोहाना में पेंशन अधिकार दिवस के लिए शिक्षा विभाग के अध्यापक व अध्यापिकाओं को आमंत्रित किया।

प्रदेश के मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने संयुक्त रूप से कहा कि सोनीपत, पानीपत, रोहतक और जींद से कर्मचारी पेंशन अधिकार दिवस पर गोहाना पहुंचेंगे। पेंशन बहाली संघर्ष समिति का लक्ष्य पुरानी पेंशन बहाल कराना है। जिला सहसचिव श्रीकृष्ण दहिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य सीमा पराशर, सुमन रानी, साक्षी, संजय कुमार, यशवंती, ज्योति, सीमा, नीलम रानी, रेखा, किरण दलाल, रूबी रानी, जितेंद्र खानपूर आदि ने अपने विचार व्यक्त करके पुरानी पेंशन बहाल करने की सरकार से मांग की।

# महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : डॉ. संतोष दहिया



**कुरुक्षेत्र।** सर्वखाप महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष दहिया ने कहा कि महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे निकटवर्ती गांव बड़तोली में ग्रामीण महिलाओं द्वारा साज-सज्जा के बनाए गए समान को देखने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

संतोष दहिया ने कहा कि महिलाओं को एक ऐसे प्लेटफार्म की जरूरत है, जहां उन्हें अपने द्वारा बनाए गए सामान बेचने की सुविधा प्राप्त हो सके, क्योंकि महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मगर उन्हें इस बात का पता नहीं है कि वह उस सामान को कहां लेकर जाए, ताकि उन्हें उसका उचित मूल्य मिल सके। डॉ. संतोष दहिया ने कालीराणो की ममता से मिलकर बताया कि ममता बेहद खूबसूरत कई तरह की चीजें बनाती हैं, जिन्हें डेकोरेशन के रूप में यूज किया जा सकता है और कुछ चीजें ऐसी हैं जो कई तरह से घर में यूज की जाती है। इसी तरह बडतोली की अनेक महिलाएं बेहद खूबसूरत सामान बना रही हैं, जिन्हें देखकर कोई भी खरीदने के लिए लालायित हो सकता है। मगर समस्या यह है कि उन्हें नहीं मालूम कि उस समान को कौन सी जगह पर बेचा जाए। डा. संतोष दहिया ने कहा कि हम महिलाओं के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म तैयार कर रहे हैं, जिससे किसी भी महिला को किसी के दरवाजे को खटखटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें ऐसी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे उन्हें स्वरोजगार मिलेगा।

# ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज के साथ त्योहारों पर पाएं जगमगाती त्वचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**त्योहारों** का मौसम चल रहा है। त्योहारों की सबसे आनंददायक बात होती है कि दिल खोलकर खाते हैं, मनचाहा पहनते हैं और इस सब के साथ एक इच्छा जो हम सबके मन में होती है कि इस उल्लास के मौके पर हमारी त्वचा भी दीये की तरह जगमगाए। हमें अक्सर यह डर सताता है कि कहीं कोई मुहांसा हमारी खूबसूरती पर दाग न लगा दे। इस अनचाही स्थिति से बचने के लिए हल्दी और दूध का उबटन लगाने के नानी के नुस्खे से लेकर महंगे उत्पादों की खरीद तक कई विकल्प हम सब आजमाते हैं।

त्योहारों के इस उल्लास में हम खूब सारी सेल्फियां लेते हैं और लोगों के साथ अपनी खुशियां साझा करते हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमारी त्वचा भी त्योहारों के लिए पूरी तरह तैयार रहे। ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज चेहरे को निखारने वाले तत्वों से बना एक परफेक्ट सॉल्यूशन



है, जिससे न केवल आपके चेहरे को चमक मिलती है, बल्कि त्वचा नरम और स्वस्थ भी बनती है। त्योहारों पर आपकी खूबसूरती को निखारने के लिए ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज जिसमें ब्राइटनिंग फेस वॉश, ब्राइटनिंग सीरम, और ब्राइटनिंग डे क्रीम आदि शामिल हैं, आपका साथ निभायेगी। रुपये 699, 1299 और 1499 की प्राइस रेंज में ऑरेना ल्यूमिनस रेंज https: www.auricbeauty.com/aureana पर उपलब्ध है। ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज आपको मेकअप से पहले साफ कैनवस जैसा चमकता चेहरा पाने में मदद करती है। अगर आपको मेकअप का बहुत शौक नही है, तब भी एएचए, एलोवेरा की खूबियों से लैस और नैनो व्हाइट टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से तैयार यह रेंज आपको चमकती और निखरी त्वचा का आनंद देती है। इससे डार्क स्पॉट को कम करने में मदद मिलती है और त्वचा में एक जैसा निखार आता है। हम त्योहारों के इस मौसम को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। कदम बढ़ाइए और ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज के साथ ताजा, स्वस्थ और प्राकृतिक रूप से निखरी त्वचा पाएं।

ब्राइटनिंग फेस वॉश: नैचुरल अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड्स के इन्फ्यूजन से तैयार यह फेस वॉश त्वचा की चमक बढ़ाता है और तरोताजा व स्वस्थ बनाता है। इसमें ऐसे प्राकृतिक तत्व भी हैं, जो मेलानिन प्रोडक्शन कम करते हैं और नई स्किन सेल्स को बढ़ाते हैं। यह त्वचा की उड़ती रंगत को फिर पाने और डार्क एज स्पॉट को खत्म करने में मदद करते हुए त्वचा को नरम एवं स्वस्थ बनाता है।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार 24 अक्टूबर, 2020



# कोरोना वायरस पर ट्रंप और बाइडेन की नोक-झोंक

**ट्रंप और बाइडेन के बीच टेनेसी के नाश्विल में अंतिम आधिकारिक बहस करीब 90 मिनट तक चली**



ललित के. झा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कोविड-19 का टीका तैयार है और सेना उसे कुछ सप्ताह में वितरित करेगी। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन ने कोविड-19 से निपटने की उनकी नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश बेहद बुरे दौर में प्रवेश करने वाला है। ट्रंप और बाइडेन के बीच टेनेसी के नाश्विल में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) करीब 90 मिनट तक चली।

इस दौरान एक व्यक्ति के बोलते समय दूसरे का माइक बंद कर दिया गया था, ताकि बीच में कोई टोका-टाकी न हो। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। बहस के दौरान कोरोना वायरस चर्चा का मुख्य विषय बना रहा। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे पास टीका है, जो आने वाला है .. तैयार है। इसकी कुछ सप्ताह में घोषणा की जाएगी और इसे वितरित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जॉनसन एंड जॉनसन, मॉडर्ना और फाइजर जैसी कम्पनियां इस दिशा में बहुत अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, अन्य देशों में भी हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर यूरोप में। ट्रंप ने कहा, जैसे ही टीका आ जाएगा, वह (जनरल) उसे वितरित करेंगे। वहीं बाइडेन ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी नीतियों की वजह से देश में इतने अधिक लोगों की मौत हुई है।

बाइडेन ने कहा, हम एक बुरे दौर में प्रवेश करने वाले हैं। उनके पास इससे निपटने के लिए कोई स्पष्ट योजना नहीं है और ऐसी कोई संभावना नहीं है कि अगले साल के मध्य से पहले अधिकतर अमेरिकी लोगों के लिए टीका उपलब्ध होगा। अमेरिकी विश्वविद्यालय जॉन हॉपकिन्स के अनुसार अमेरिका में कोविड-19 के 80 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं और 2,23,000 लोगों की इससे मौत हो चुकी है।

### बाइडेन ने तेल की जगह नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने की बात कही

**अमेरिका** में डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की बहस के दौरान कहा कि वह कच्चे तेल की जगह नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देंगे। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मानना है कि बाइडेन के इस बयान से कई राज्यों में उन्हें फायदा मिल सकता है। बाइडेन ने बहस के अंतिम दौर में ट्रंप के उकसावे पर कहा, हां, मैं तेल उद्योग से दूर हटूंगा। उन्होंने कहा, तेल उद्योग काफी अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। इसे समय के साथ नवीकरणीय ऊर्जा से बदलना चाहिए। बाइडेन के चुनाव अभियान की जलवायु परिवर्तन योजना के तहत अमेरिका में 2050 तक ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को पूरी तरह खत्म करने की बात कही गई है। उन्होंने तेल और गैस उद्योग के लिए संघीय सब्सिडी को समाप्त करने की अपनी प्रतिज्ञा को भी दोहराया। बाइडेन की इस टिप्पणी को ट्रंप ने एक बड़ा बयान बताया और कहा, मूल रूप से वह जो कह रहे हैं, वो तेल उद्योग को नष्ट करने वाला है। उन्होंने कहा कि इससे तेल उत्पादक राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ेगा।

### चीन को बाइडेन की जीत से बहुत ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं

**बीजिंग।** चीनी नेताओं को उम्मीद है कि यदि अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन की जीत होती है तो अमेरिका का चीन से व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा को लेकर रवैया बदलेगा। लेकिन कोई भी बदलाव केवल शैली में होने की संभावना है क्योंकि अमेरिकी राजनीति के हर हलके में चीन को लेकर निराशा बढ़ रही है। चुनाव के परिणाम कुछ भी होख रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के नेता चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। गत कुछ महीनों में कोरोना वायरस महामारी, प्रौद्योगिकी, व्यापार, सुरक्षा और जासूसी करने जैसे विवादों के कारण अमेरिका-चीन संबंध और कड़वे हो गए हैं। ढेर सारे मुद्दों पर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टियों के बीच तीखे मतभेद के बावजूद चीन के कारोबारी रिकॉर्ड और हांगकांग, ताइवान, तिब्बत तथा शिनजियांग में धार्मिक एवं जातीय अल्पसंख्यकों के प्रति चीन के रवैए को लेकर दोनों पार्टियां आलोचना करती रही हैं। चीनी विश्लेषकों का कहना है कि ट्रंप की युद्ध रणनीति और चीन के प्रतिद्वंद्वी भारत के प्रति नरम रवैया चीन के लिए अनुकूल नहीं है और बाइडेन का जीतना ही अमेरिकी-चीन संबंधों में थोड़ी नरमी ला सकता है। बीजिंग भाषा और संस्कृति विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर यू वानली ने कहा, कम से कम, बाइडेन की नीति ट्रंप की तरह भावनात्मक और हास्यास्पद नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के देश के सबसे प्रमुख विद्वानों में से एक बीजिंग के रेनमिन विश्वविद्यालय के शी यिनहोंग ने कहा, डेमोक्रेट कम उग्र लगते हैं, इसलिए वे सैन्य संघर्षों को रोकने और चीन के साथ समस्याएं सुलझाने और बातचीत पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

## दूषित वायु से निपटने के लिए चीन, भारत और रूस ने उचित कदम नहीं उठाए : ट्रंप

एजेंसी। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, भारत और रूस पर दूषित वायु से निपटने के लिए उचित कदम न उठाने का आरोप लगाते हुए, पेरिस जलवायु समझौते से हटने के अमेरिका के कदम को सही ठहराया।

नाश्विल के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति पद के चुनाव की अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान ट्रंप ने कहा, चीन को देखिए, कितना गंदा है। रूस को देखिए, भारत को देखिए, वे बहुत गंदे हैं। हवा बहुत गंदी है। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के साथ करीब 90 मिनट चली बहस के दौरान ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन के सवाल पर कहा, इस प्रशासन के अधीन 35 वर्षों की तुलना में उत्सर्जन की स्थिति सबसे बेहतर है। हम उद्योग के साथ अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पेरिस समझौते से मैंने हमें इसलिए अलग किया, क्योंकि हमें खरबों डॉलर खर्च करने थे और हमारे साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा था।

ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन पर पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए भारत और चीन जैसे देशों पर बार बार आरोप लगाया है और कहा है कि इन देशों में हवा में सांस लेना नामुमकिन है। ट्रंप ने 2017 में अमेरिका को 2015 पेरिस जलवायु समझौते से खुद को अलग कर लिया था। वहीं, बाइडेन ने कहा कि उनके सत्ता में आने पर वह एक बार फिर अमेरिका को इस ऐतिहासिक पेरिस समझौते का हिस्सा बनाएंगे और प्रदूषण के लिए चीन की जवाबदेही तय करेंगे। दूसरी ओर, ट्रंप ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि चीन और भारत जैसे देशों को ही पेरिस समझौते से फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर वायु प्रदूषण के लिए इन देशों को ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। राष्ट्रपति ने आरोप लगाया, पर्यावरण और ओजोन की बात करें तो हमारी स्थिति काफी बेहतर है। वहीं चीन, रूस, भारत ए सभी देश वायु को दूषित कर रहे हैं।

गौरतलब है कि चीन दुनिया को सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक है। इसके बाद दूसरे नंबर अमेरिका और फिर इस सूची में भारत और यूरोपीय संघ क्रमशः तीसरे तथा चौथे नंबर पर है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब नई दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में है।

## अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप करने वाले देशों को सिखाएंगे कड़ा सबक : बाइडेन



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा कि उनके जीतने पर अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश को उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ नाश्विल के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति पद के चुनाव की अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान उनसे पूछा गया था कि वह अमेरिकी चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप को कैसे रोकेंगे, जिसके जवाब में उन्होंने यह बयान दिया। बाइडेन ने कहा, मेरे जीतने पर उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अमेरिकी चुनाव में रूस और ईरान के हस्तक्षेप करने की खुफिया विभाग की रिपोर्टों पर उन्होंने कहा, वे अमेरिकी सम्प्रभुता में हस्तक्षेप कर रहे हैं। वहीं ट्रंप ने हालिया हस्तक्षेप पर कहा, मुझे इस संबंध में पूर्ण जानकारी हासिल है। इस सप्ताह शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने दावा किया कि अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप करने के प्रयास के तहत ईरान और रूस दोनों ने अमेरिकी मतदाता पंजीकरण की जानकारी प्राप्त की है।

बहस के दौरान बाइडेन ने ट्रंप को आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े नस्लवादी राष्ट्रपतियों में से एक बताया। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा कि ट्रम्प ने हर नस्ली घटना को बढ़ावा दिया। वहीं ट्रंप ने बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर नस्ली भेदभाव के मुद्दे को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आप ने कुछ नहीं किया लेकिन अपराध विधेयक जिसने लाखों अश्वेत लोगों को जेल पहुंचाया। ट्रंप ने कहा, मैं इस कक्ष में मौजूद लोगों की तुलना में सबसे कम नस्ली हूं।

ऑनलाइन बहस से ट्रंप के इनकार करने के बाद 15 अक्टूबर को होने वाली दूसरी बहस को रद्द कर दिया गया था। ट्रंप के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण बाइडेन आमने-सामने बहस करने को लेकर चिंतित थे। इससे पहले, दोनों नेताओं के बीच पिछले महीने हुई पहली बहस काफी गर्मागर्म रही थी, जिसमें कोविड-19, नस्ली भेदभाव, अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे उठाए गए थे।

### बाइडेन ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 15 डॉलर प्रति घंटे करने का वादा किया

**अमेरिका** के पूर्व उप राष्ट्रपति और डेमोक्रेट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने कहा कि वह न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 15 डॉलर (करीब 1100 रुपये) प्रति घंटे करेंगे और इस बात से इनकार किया कि इससे छोटे कारोबारियों को नुकसान होगा।

उन्होंने मंगलवार को राष्ट्रपति पद की बहस के दौरान कहा, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जब आप न्यूनतम मजदूरी बढ़ाते हैं, तो कुछ व्यवसाय बंद हो जाते हैं। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी तय करने की जिम्मेदारी राज्यों पर छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूरी बढ़ाने का दबाव बनाकर आप छोटे कारोबारियों की मदद किस तरह कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया ऐसा करने पर कई छोटे कारोबारी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देंगे। अमेरिका में इस समय न्यूनतम मजदूरी 7.25 डॉलर प्रति घंटे है।

## एफडीए ने कोविड-19 इलाज के लिए रेमडेसिविर को मंजूरी दी

एजेंसी। वाशिंगटन

**इस दवा से मरीज 15 दिन की जगह औसतन 10 दिन में स्वस्थ हो सकते हैं**



अमेरिका में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कोविड-19 इलाज के लिए पहली दवाई के रूप में एंटिवायरल दवाई रेमडेसिविर को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। यह दवाई संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को दी जाएगी।

कैलिफोर्निया की जिलियड साइंसेज इंक इस दवाई को वेकलुरी कह रही है और यह पाया गया है कि इस दवाई से मरीज 15 दिन की जगह औसतन 10 दिन में स्वस्थ हो सकते हैं। अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वृहत अध्ययन में ए बातें सामने आई हैं। बसंत के मौसम से आपात आधार पर इस दवाई के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी गई है। यह पहली ऐसी दवाई है जिसे कोविड-19 का इलाज करने के लिए एफडीए ने पूरी तरह से अनुमति दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब इस महीने की शुरुआत में कोविड-19 से पीड़ित हुए थे, तो उन्हें यह दवा दी गई थी।

यह दवाई उन लोगों को दी जा सकती है, जिन्हें संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ गई है और जिनकी उम्र कम से कम 12 साल और वजन कम से कम 40 किलोग्राम है। एफडीएफ, इसे कम उम्र के मरीजों पर भी पूर्व के आपात नियमों के तहत इस्तेमाल की मंजूरी देगी। यह दवाई उस एंजाइम का रास्ता बंद करती है जो कोरोना वायरस की कॉपी बनाने में सहयोग करता है। मरीजों पर इस दवाई के इस्तेमाल से पहले कुछ जांच की जरूरत होगी। इस दवाई का इस्तेमाल मलेरिया की दवाई हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन के साथ करने से मना किया गया है क्योंकि इससे इसके असरदार होने पर प्रभाव पड़ सकता है। एक बयान में जिलियड के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मेर्डाड पार्से ने कहा, हमें अब जानकारी है और कोविड-19 से लड़ने के लिए जरूरी चीजें भी बन रही हैं।

उन्होंने बताया कि इस दवाई को 50 देशों में या तो मंजूरी मिल चुकी है या अस्थाई इस्तेमाल की मंजूरी मिली है। इसकी कीमत अभी विवाद में है क्योंकि किसी भी अध्ययन में इससे जीवित बचने की दर में सुधार नहीं पाया गया। हालांकि पिछले सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से एक वृहत अध्ययन में यह पाया गया कि यह दवाई अस्पताल में भर्ती कोविड-19 मरीजों की मदद नहीं करती है।

### क्यूबा ने कहा, अमेरिकी प्रतिबंधों से 5.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ

**हवाना।** क्यूबा ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते उसे एक साल में लगभग 5.6 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज ने कहा कि बढ़ते प्रतिबंधों से इस द्वीपीय देश की हालत खराब हो रही है, और यह विषय अगले साल के संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के एजेंडे में है। उन्होंने कहा, ये प्रतिबंध हमारे लोगों को उनके वजूद के लिए जरूरी बुनियादी वस्तुओं से वंचित करने का क्रूर प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों के चलते पिछले साल 5.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी जज ने बच्चों को परिवारों से मिलाने का दिया आदेश

**सैन डिएगो।** अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को ट्रंप प्रशासन से 2017 में सैकड़ों लोगों को अमेरिका से मेक्सिको भेजे जाने के दौरान अपने माता-पिता से अलग हुए बच्चों के परिवारों का पता लगाने के लिए अदालत द्वारा नियुक्त खोजकर्ताओं की मदद करने का आग्रह किया। अदालत के मुताबिक खोजकर्ता 545 बच्चों के माता-पिता का पता लगाने में असमर्थ रहे हैं। यह संख्या पहले से ज्ञात संख्या की तुलना में बहुत अधिक है और जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। 2017 में अधिकांश लोगों को मध्य अमेरिका भेज दिया गया था, और उनके बच्चों को अमेरिका में उनके रिश्तेदारों और अभिभावकों के साथ रखा गया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश दाना सब्रा ने सैन डिएगो में सुनवाई के दौरान कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय न्याय विभाग के वकीलों से कहा कि वे ऐसे तरीके निकालें जिससे प्रशासन को माता-पिता को खोजने में आसानी हो। अपने बच्चों से अलग हुए परिवारों को खोजने के प्रयास के दौरान सब्रा ने अवैध रूप से सीमा पार करने वाले लोगों के प्रति सरकार की असहिष्णु नीति को 2018 में समाप्त करने का आदेश दिया। सब्रा ने शुरू में सरकार को 2,700 से अधिक बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने का आदेश दिया था, लेकिन बाद में पता चला कि उनके अलावा 1,556 और बच्चे 2017 में अपने माता-पिता से अलग हो गए थे जिनमें से 545 बच्चे अभी भी अपने माता-पिता से अलग हैं।


### बायोकॉन का मुनाफा 23 प्रतिशत घटकर 195 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायोकॉन ने शुक्रवार को बताया कि 30 सितंबर 2020 को समाप्त तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत घटकर 195 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले साल जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसे 253.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 1,760.3 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,605.7 करोड़ रुपये थी। बायोकॉन की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजुमदार-शॉ ने कहा, आरएंडडी खर्चों में बढ़ोतरी, कर्मचारियों की लागत और अन्य खर्चों में बढ़ोतरी तथा विनिमय दर के चलते हुए नुकसान के कारण हमारा मुनाफा प्रभावित हुआ। हालांकि हमारा मुख्य एबिटडा 32 प्रतिशत के स्तर पर काफी बेहतर रहा।

### जापान, ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

**टोक्यो।** ब्रेक्जिट के बाद एक बड़े कदम के तहत जापान और ब्रिटेन ने शुक्रवार को एक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के चलते जापान में बिकने वाली यॉर्कशायर लैम के साथ ही जापान के निसान संयंत्र के ऑटो कलपुर्जों सहित कई उत्पादों के शुल्क में कमी आएगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय व्यापार सचिव लिज ट्रस ने टोक्यो में संवाददाताओं से कहा, मुक्त व्यापार के नए युग की शुरुआत का स्वागत करने के लिए सूर्योदय की भूमि (जापान) कितनी सही है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता है। गौरतलब है कि ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होकर एक स्वतंत्र व्यापारिक राष्ट्र बनने के बाद उसके द्वारा किया गया यह पहला बड़ा व्यापार समझौता है।

### केरल : नेफेड से 27 टन की पहली खेप पहुंची



**तिरु वनंतपुरम।** केरल सरकार ने त्योहारी सीजन में प्याज की आसमान छूती कीमतों को काबू में करने के लिए हस्तक्षेप किया, जिसके तहत नेफेड से खरीदी गई 27 टन प्याज की पहली खेप महाराष्ट्र के नासिक से शुक्रवार को यहां पहुंची। केरल में पिछले सप्ताह प्याज की कीमत 90 से 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई, जबकि कई जगह खुदरा दुकानों पर प्याज 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिका। ऐसे में राज्य सरकार ने इस महीने नेफेड (राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ) से लगभग 100 टन प्याज खरीदने का फैसला किया। राज्य के कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार ने कहा कि प्याज की पहली खेप शुक्रवार सुबह तिरुवनंतपुरम, एर्नाकुलम और कोझिकोड पहुंच गई। इस प्याज को केरल बागवानी उत्पाद विकास निगम (हॉर्टकॉर्प) के जरिए उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। अनुमान जताया जा रहा है कि हॉर्टकॉर्प अपने आउटलेट के जरिए 45 रुपये से 50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज बेचेगा।

## महामारी के चलते इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार में हो सकती है देरी : इंडरा

**नई दिल्ली।** रेटिंग कंपनी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के चलते भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार में देरी होने की आशंका है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस समय सरकार की प्राथमिकता पारंपरिक ऑटोमोबाइल उद्योग को पुनर्जीवित करने की है और साथ ही कम कीमत होने के कारण पारंपरिक जीवाश्म ईंधन पर आधारित गाड़ियों को खरीदना ग्राहकों के लिए आसान होगा। ऐसे में इंडरा ने निकट भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों से फोकस हटने का अनुमान जताया है।

इंडरा ने एक बयान में कहा कि इलेक्ट्रानिक गाड़ियों को दोतरफा दबाव का सामना करना पड़ेगा क्योंकि एक तरह जहां उपभोक्ता इस समय अधिक कीमत अदा करने के लिए तैयार नहीं होंगे, वहीं दूसरी ओर विनिर्माता भी इस समय पूंजीगत खर्च को बढ़ाने से परहेज करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि इन गाड़ियों के महंगा होने और पहले ही दबाव का सामना कर रहे परंपरागत ऑटो उद्योग को बचाने की सरकार की प्राथमिकता के चलते कुछ समय के लिए इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों से ध्यान हट सकता है।

एजेंसी ने कहा कि महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियों में कमी के चलते ऑटोमोबाइल उद्योग को वित्त वर्ष 2020-21 में बिक्री में 20 प्रतिशत कमी का सामना करना पड़ सकता है।

### फलस्तीनी लड़ाकों ने इजराइल में दागे दो रॉकेट : इजराइली सेना

**यरूशलम।** गाजा पट्टी में फलस्तीनी लड़ाकों ने बृहस्पतिवार रात दक्षिणी इजराइल में दो रॉकेट दागे, जिनमें से इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने एक रॉकेट को बीच रास्ते में ही रोक दिया और दूसरा रॉकेट खुले इलाके में गिरा। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। इजराइल ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उसने इजराइल तक आने वाली एक नई सुरंग का पता लगाया है, जिसे फलस्तीनी लड़ाकों ने बनाया था। इस घोषणा के बाद से इस सप्ताह रॉकेट से किया गया यह दूसरा हमला है। बृहस्पतिवार को रॉकेट से किए गए हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है।


## कोविड-19 महामारी 15 से 17.5 करोड़ और लोगों को घोर गरीबी में धकेलेगा : संरा विशेषज्ञ

योशिता सिंह। संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त** राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण घोर गरीबी में रहने वाले लोगों में 15 से 17.5 करोड़ का इजाफा होगा। अत्यधिक गरीबी और मानवाधिकारों मामलों के विशेष दूत ओलिवियर डी शटर ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण 15 से 17.5 करोड़ और लोग अत्यधिक गरीबी की चपेट में आएंगे। शटर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति (सामाजिक, मानवीय और सांस्कृतिक) को बुधवार को इसके बारे में जानकारी दी। समिति के प्रतिनिधियों ने अपने कई संवाद में दुनिया की सबसे कमजोर वर्ग की दुर्दशा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमें अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा कि जो लोग घोर गरीबी की चपेट में आएंगे उनमें से अधिकतर अनौपचारिक क्षेत्र में या अनिश्चित रोजगार की स्थिति में काम करने वाले श्रमिक होंगे। उनमें से अधिकतर महिलाएं होंगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुधार को आकार देने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक न्याय को पूर्वशर्त माना जाना चाहिए। शटर समिति के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल संवादों में भाग लेने वाले पांच स्वतंत्र विशेषज्ञों में से एक थे। चर्चा में घोर गरीबी और आंतरिक विस्थापन से लेकर शिक्षा, मानवाधिकारों, सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त आवास जैसे विषयों को शामिल किया गया था। विशेषज्ञों ने संघर्ष और जलवायु परिवर्तन के बीच परस्पर संबंध का जिक्र किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की सिफारिश की कि छात्रों को महामारी के दौरान स्कूल में स्वच्छ पानी और अन्य स्वच्छता सुविधाएं मिल सकें।

## अमेरिका में अवैध तरीके से रहने के आरोप में 11 भारतीय विद्यार्थी गिरफ्तार



**विद्यार्थियों की गिरफ्तारी ऑप्टिकल इल्यूजन अभियान के तहत की गई है**

**वाशिंगटन।** संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने अमेरिका में अवैध तरीके से रहने के मामले में कुल 15 विद्यार्थियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 11 भारत के हैं।

आव्रजन एवं सीमा शुल्क अधिकारियों ने इन विद्यार्थियों को बोस्टन, वाशिंगटन, ह्यूस्टन समेत कई अन्य शहरों से गिरफ्तार किया है और इनमें भारत के अलावा लीबिया के दो, सेनेगल का एक और बांग्लादेश का एक नागरिक है। अधिकारियों के अनुसार इस विद्यार्थियों की गिरफ्तारी ऑप्टिकल इल्यूजन अभियान के तहत की गई है। इस अभियान के तहत वैसे गैरआव्रजक विद्यार्थियों को गिरफ्तार किया जाता है जो ऑप्टिकल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) कार्यक्रम का इस्तेमाल करके अमेरिका में बने रहते हैं। इस कार्यक्रम के तहत गैर आव्रजक विद्यार्थियों को एक साल तक उनके शिक्षा से जुड़े क्षेत्र में काम करने की अनुमति दी जाती है। वहीं उन्हें इस एक साल के अलावा 24 महीने तक देश में काम करने की अनुमति भी दी जाती है, बशर्ते विद्यार्थी एसटीईएम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) वैकल्पिक प्रैक्टिकल प्रशिक्षण में हिस्सा लें।

आईसीई ने कहा कि ए छात्र वैसी कंपनियों में काम करने का दावा कर रहे थे, जो कंपनी वास्तव में हैं ही नहीं। वहीं कैलिफोर्निया में एक भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति को श्रम नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 188 महीने जेल की सजा सुनाई गई है और तीन पीड़ितों को अदालत ने वेतन और अन्य नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर 15,657 अमेरिकी डॉलर देने का आदेश दिया है। इस मामले में आरोपी सतीश कर्तन और उनकी पत्नी शर्मिष्ठा बराई को 11 दिन की सुनवाई के बाद 14 मार्च, 2019 को श्रम कानून के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बराई को दो अक्टूबर को 15 साल और आठ महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। दंपति ने अपने घर में काम कराने के लिए विदेश से कर्मियो की भर्ती की और उनसे 18-18 घंटे तक काम कराया और कुछ को ही थोड़ा बहुत मेहनताना भी मिला था।

### आदित्य बिड़ला फैशन फ्लिपकार्ट समूह को 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा

**नई दिल्ली।** एबीएफआरएल (आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड) ने शुक्रवार को कहा कि उसके बोर्ड ने वॉलमार्ट के स्वामित्व वाले फ्लिपकार्ट समूह को 1,500 करोड़ रुपये में तरजीही आधार पर 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी जारी करने की योजना को मंजूरी दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल ने फ्लिपकार्ट समूह को तरजीही शेयर जारी कर 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी। प्रति शेयर 205 रुपये की दर से इक्विटी पूंजी जुटाई जाएगी। एबीएफआरएल ने बताया कि निवेश के साथ ही पूर्ण चुकता आधार पर उसकी 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी फ्लिपकार्ट समूह को मिलेगी। कंपनी ने बताया, निर्गम के पूरा होने के बाद एबीएफआरएल के प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी 55.13 प्रतिशत बचेगी।

## फेडरल बैंक ने एनपीए बढ़ने की आशंका जताई

**मुंबई।** फेडरल बैंक ने आशंका जताई है कि अगर आर्थिक दशाओं में सुधार नहीं हुआ तो अगली दो तिमाहियों के दौरान छोटे व्यवसायों और खुदरा उधार लेने वालों के फंसे हुए कर्जों (एनपीए) में सामान्य के मुकाबले अधिक तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।

बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी श्याम श्रीनिवासन ने बताया कि अगर अर्थव्यवस्था की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी रही तो आमतौर पर प्रति तिमाही 300-350 करोड़ रुपये के ताजा चूक के मुकाबले ए दर 30 प्रतिशत से अधिक हो सकती है। उन्होंने बताया कि 300 करोड़ रुपये चूक का यह आंकड़ा कॉरपोरेट कर्जों को छोड़कर है, और यह स्पष्ट किया कि ऐसा कोई भी बड़ा कॉरपोरेट ऋण नहीं है, जिसके एनपीए में जाने की आशंका हो।

बैंक ने सितंबर तिमाही के दौरान तीन करोड़ रुपये के चूक की घोषणा की थी, साथ ही उसके कहा कि यदि राहत उपाए न किए गए होते तो यह आंकड़ा 237 करोड़ रुपये का होता। बैंक ने अधिक एनपीए होने की स्थिति में प्रावधन के लिए अलग से धन का इंतजाम भी किया था। चूक में बढ़ोतरी की आशंका पर श्रीनिवासन ने कहा कि हो सकता है कि खुदरा, कृषि क्षेत्र और छोटे व्यवसायों में कई खाते भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित एकमुश्त पुनर्गठन ढांचे के तहत निर्धारित मानदंडों को पूरा करने में सक्षम न हों। उन्होंने कहा कि बैंक इस तरह की चूक की पहचान करने में रहेगा और एनपीए बढ़ने के साथ ही प्रावधान के रूप में धन अलग रखेगा, जिसके चलते ऋण की लागत में बढ़ोतरी हो सकती है।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020



## राहुल का प्रधानमंत्री से सवाल : चीनी सैनिकों को हिन्दुस्तान से कब भगाएंगे

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी को कटघरे में खड़ा करने का किया प्रयास



**एजेंसी।** नवादा (बिहार)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरते हुए शुक्रवार को सवाल किया कि हिन्दुस्तान की जमीन से चीन को कब भगाया जाएगा। गांधी ने बिहार के नवादा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए हाल में बनाए गए कृषि संबंधी तीन कानूनों, जीएसटी, लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों के पलायन और नोटबंदी सहित कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया।

रैली के दौरान गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में बेरोजगार के मुद्दे को उठाया। गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत में लोगों से पूछा, नीतीश जी की सरकार कैसी लगी आप लोगों को? मोदी जी के भाषण कैसे लगे? कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी जी ने कहा है कि बिहार के हमारे जो सैनिक शहीद हुए, उनके सामने प्रधानमंत्री अपना सिर झुकाते हैं...... पूरा देश बिहार के शहीदों के सामने झुकाता है।

उन्होंने कहा, मगर सवाल ए है कि जब बिहार के युवा सैनिक शहीद हुए, उस दिन हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री ने क्या किया और क्या कहा? गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारी जमीन पर चीन का कोई सैनिक नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, चीन ने हमारे 20 जवानों को शहीद किया और हमारी जमीन पर कब्जा किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने झूठ बोलकर हिंदुस्तान की सेना का अपमान किया। उन्होंने सवाल किया, बताएं कि चीन के सैनिकों को हिन्दुस्तान की धरती से कब भगाया जाएगा। गांधी ने लोगों से पूछा, नोटबंदी का क्या फायदा हुआ?

उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब का पैसा हिंदुस्तान के अमीरों के खाते में गया और अंबानी एवं अडानी के लिए नरेंद्र मोदी रास्ता साफ कर रहे हैं। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले चुनाव में कहा था कि दो करोड़ लोगों को नौकरियां देंगे। उन्होंने सवाल किया कि क्या लोगों को नौकरियां मिलीं? उन्होंने कहा, किसी को नहीं मिली। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी सैनिकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापरियों आदि के सामने सिर झुकाने की बात करते हैं लेकिन काम अंबानी और अडाणी का करते हैं।

उन्होंने कहा, मोदी जी सिर आपके सामने झुकाएंगे, लेकिन काम किसी और का करेंगे। कांग्रेस के शासन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने किसानों का 70 हजार करोड़ का कर्जा माफ किया और जब सरकार बनी, तो मध्यप्रदेश, पंजाब और छत्तीसगढ़ में कर्जा माफ किया है। कृषि संबंधी हाल में बनाए गए तीन कानूनों का जिक्र किया।

## डाटा सुरक्षा विधेयक पर संसदीय समिति के सामने पेश नहीं हुई अमेजन

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने डाटा सुरक्षा विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है। जिसे भाजपा सांसद एवं समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी लेखी ने विशेषाधिकार हनन के समान करार दिया है।

समिति ने अमेजन के प्रतिनिधियों से 28 अक्टूबर को पेश होने को कहा था। लेखी ने शुक्रवार को कहा कि समिति की सर्वसम्मत राय है कि ई-कॉमर्स कंपनी के खिलाफ सरकार को दंडात्मक कार्वाई के लिए सुझाव दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, अमेजन ने 28 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है।

### बिहार में अपनी पहली चुनावी रैली में विपक्ष पर साधा निशाना

# अनुच्छेद 370 और कृषि कानूनों के फैसलों से पीछे नहीं हटेगा देश: मोदी

### कहना चाहता हूं कि ये लोग जिसकी चाहें मदद ले लें, लेकिन देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा



**एजेंसी।** डेहरी ऑन सोन (बिहार)

**बिहार** में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के अनुच्छेद 370 और कृषि संबंधी तीन नए कानून पर कांग्रेस सहित विपक्ष के रुख की कड़ी आलोचना की और साथ ही साफ शब्दों में कहा कि देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा।

प्रधानमंत्री ने रोहतास में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा, देश, जहां संकट का समाधान करते हुए आगे बढ़ रहा है, ए लोग देश के हर संकल्प के सामने रोड़ा बनकर खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि देश ने किसानों को बिचौलियों और दलालों से मुक्ति दिलाने का फैसला लिया तो ये बिचौलियों और दलालों के पक्ष में खुलकर मैदान में हैं। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, मंडी और न्यूनतम समर्थन मूल्य तो बहाना है, असल में दलालों और बिचौलियों को बचाना है।

मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले जब किसानों के बैंक खाते में सीधे पैसे देने का काम शुरु हुआ था, तब इन्होंने कैसा भ्रम फैलाया था। कांग्रेस पर परोक्ष प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जब राफेल विमानों को खरीदा गया, तब भी ए बिचौलियों और दलालों की भाषा बोल रहे थे। उन्होंने कहा, जब-जब, बिचौलियों और दलालों पर चोट की जाती है, तब-तब ए तिलमिला जाते हैं, बौखला जाते हैं। आज हालत यह हो गई है कि ए लोग भारत को कमजोर करने की साजिश रच रहे लोगों का साथ देने से भी नहीं हिचकिचाते। प्रधानमंत्री ने कहा, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने का इंतजार देश बरसों से कर रहा था या नहीं? ये फैसला हमने लिया, राजग की सरकार ने लिया। आज ये लोग इस फैसले को पलटने की बात कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यदि वे सत्ता में आए तो अनुच्छेद-370 फिर लागू कर देंगे। मोदी ने कहा, मैं जवानों और किसानों की भूमि बिहार से कहना चाहता हूं कि ये लोग जिसकी चाहें मदद ले लें, लेकिन देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा। गौरतलब है कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने हाल में बनाए गए तीन कृषि संबंधी कानूनों को किसान विरोधी बताया है। कांग्रेस और राजद ने बिहार चुनाव के घोषणापत्र में कहा है कि उनकी सरकार बनी, तो पहले विधानसभा सत्र में ही इन कृषि कानूनों को समाप्त करने का विधेयक पारित किया जाएगा। मोदी ने बिहार के लोगों को पूर्ववर्ती लालू प्रसाद सरकार के काल की याद दिलाते हुए कहा कि बिहार के लोग वे दिन भूल नहीं सकते, जब सूरज ढलते का मतलब होता था, सब कुछ बंद हो जाना, ठप पड़ जाना। उन्होंने आरोप लगाया कि ए वे दिन थे, जब सरकार चलाने वालों की निगरानी में दिन-दहाड़े डकैती होती थी, हत्याएं होती थीं, रंगदारी वसूली जाती थी। मोदी ने कहा कि आज प्रदेश में बिजली है, सड़कें हैं और सबसे बड़ी बात-वह माहौल है जिसमें राज्य का सामान्य नागरिक बिना डरे रह सकता है, जी सकता है। उन्होंने कहा कि अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ना इसी को कहते हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव के 10 लाख नौकरियों के वादे पर सवाल उठाते हुए मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने एक-एक सरकारी नौकरी को हमेशा लाखों-करोड़ों रुपये कमाने का जरिया माना, वे फिर बिहार को ललचाई नजरों से देख रहे हैं।

## नौसेना ने अपनी तैयारियों के प्रदर्शन का वीडियो किया जारी

### अरब सागर में मिसाइल का निशाना रहा बेहद सटीक




**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के रणनीतिक समुद्री क्षेत्र में नौसेना ने युद्ध के लिए अपनी तैयारियों का प्रदर्शन करते हुए एक पोत-रोधी मिसाइल से एक जहाज को नष्ट कर दिया। अरब सागर में किए गए इस अभ्यास में मिसाइल का निशाना बेहद सटीक रहा। भारतीय नौसेना ने इसका एक वीडियो शुक्रवार को जारी किया।

विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और कई युद्धपोतों, लड़ाकू हेलीकॉप्टरों, विमानों और नौसेना के अन्य उपकरणों को शामिल करने वाले एक व्यापक नौसेना अभ्यास के दौरान इस मिसाइल को फ्रंटलाइन कोरवेट आईएनएस प्रबल से दागा गया। भारतीय नौसेना के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर (एक पुराने जहाज पर) अपनी अधिकतम रेंज के साथ सटीकता से वार किया। उन्होंने कहा, भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन कोरवेट आईएनएस प्रबल द्वारा दागी गई पोत विरोधी मिसाइल ने अपने लक्ष्य पर अधिकतम रेंज के साथ सटीकता से वार किया।

भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने बृहस्पतिवार को नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप के चुनिंदा अधिकारियों को आईएनएस विक्रमादित्य से किए गए एक प्रसारण के माध्यम से संबोधित किया था और बल की युद्धक तैयारियों की समीक्षा की थी। अधिकारियों ने कहा कि एडमिरल सिंह ने अपने संबोधन में पिछले कुछ महीनों के दौरान नौसेना द्वारा युद्धक तैयारियों को चरम पर रखने के लिए बल की सराहना की थी।

## ओडिशा ने अफसरों से प्याज के दाम बढ़ने पर सतर्कता को कहा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में प्याज की कीमत बढ़ने के मद्देनजर जिला अधिकारियों से कहा है कि वे स्थिति पर निकटता से नजर रखें और बाजार में प्याज की उचित दाम पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। राज्य में प्याज की कीमत 80 रुपए प्रति किलोग्राम तक बढ़ गई है।

खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण विभाग ने प्याज की बढ़ती कीमत पर चिंता व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा, आपसे बाजार में प्याज की उपलब्धता एवं कीमत पर निकटता से नजर रखने का अनुरोध किया जाता है। अधिकारियों से थोक एवं खुदरा बाजारों का नियमित निरीक्षण करने और उपभोक्ताओं के लिए उचित दाम पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने को भी कहा गया है। खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव वी.वी. यादव ने बताया कि महाराष्ट्र एवं कर्नाटक जैसे राज्यों में फसल का नुकसान होने के कारण दाम बढ़े हैं और ओडिशा अन्य राज्यों से ही प्याज आयात करता है।

## भाजपा के पूर्व नेता एकनाथ खडसे राकांपा में हुए शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा के पूर्व नेता एकनाथ खडसे, उनकी बेटी रोहिणी और उनके कई समर्थक शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल हो गए। उन्होंने राकांपा का जनाधार उससे भी दोगुनी गति से बढ़ाने का संकल्प लिया, जिस गति से उन्होंने महाराष्ट्र में कभी भाजपा के लिए काम किया था।

खडसे, यहां राकांपा प्रमुख शरद पवार और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इसमें शामिल हुए। खडसे ने कहा कि भाजपा से उनके नाता तोड़ने के बाद यदि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हरकत में आता है, तो वह सीडी दिखाएंगे। उन्होंने यह दावा किया कि भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने खुद ही उनसे कहा था कि भगवा पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है और उन्हें राकांपा में शामिल हो जाना चाहिए, जो राज्य में शिवसेना नीत महा विकास अघाड़ी सरकार में एक प्रमुख घटक दल है।

## सोमालिया में फंसे 33 भारतीयों की राहत और वापसी पर काम कर रहा भारत : जयशंकर

### 10 महीने पहले कंपनी में शामिल, कंपनी ने कथित तौर पर पिछले आठ महीनों से बना रखा है बंधक



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत सोमालिया में फंसे 33 भारतीयों को राहत प्रदान करने और उनकी वापसी के लिए काम कर रहा है। नैरोबी स्थित उच्चायोग ने इस सिलसिले में सोमालियाई अधिकारियों के साथ बातचीत की है।

उत्तर प्रदेश के 25 श्रमिकों सहित 33 भारतीय मजदूरों को सोमालिया में एक कंपनी ने कथित तौर पर पिछले आठ महीनों से बंधक बना रखा है। वे 10 महीने पहले कंपनी में शामिल हुए थे। पहले दो महीनों में, कंपनी ने उनके साथ अच्छा व्यवहार किया, लेकिन पिछले आठ महीनों से श्रमिकों को कथित तौर पर उनका वेतन नहीं दिया गया। जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा कि सरकार भारत में सोमाली दूतावास के भी संपर्क में है।

विदेश मंत्री ने कहा, विदेश मंत्रालय और नैरोबी में हमारे उच्चायोग सोमालिया के मोगादिशु में फंसे 33 भारतीयों की राहत और वापसी पर काम कर रहे हैं। उच्चायुक्त ने सोमालियाई अधिकारियों के साथ अपनी चिंताओं को रखा है। हम भारत में सोमाली दूतावास के भी संपर्क में हैं। शीघ्र समाधान की उम्मीद है।

## डूबता जहाज कांग्रेस, इस्तेमाल कर रही किसानों को:स्मृति

### मोरबी से भाजपा के उम्मीदवार बृजेश मेरजा के लिए प्रचार करने पहुंची हैं ईरानी



**एजेंसी।** मोरबी (गुजरात)

**केन्द्रीय मंत्री** स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को विपक्षी दल कांग्रेस को एक डूबता हुआ जहाज करार देते हुए उन पर किसानों और उनके मुद्दों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष रूप से वार करते हुए उन्होंने कहा कि कोई नहीं बता सकता कि वह कब छुट्टियों पर चलें जाए।

ईरानी मोरबी से भाजपा के उम्मीदवार बृजेश मेरजा के लिए प्रचार करने यहां पहुंची हैं। मोरबी गुजरात के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से एक हैं, जहां तीन नवम्बर को उप चुनाव होना है। ईरानी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस को यह फैसला करने की जरूरत है कि उनका नेता कौन है। वह एक शख्स है या एक परिवार? राजनीति में, अगर आप एक परिवार के मोह में अंधे हैं तो गरीबों और मध्यमवर्ग के नागरिकों का दुख नहीं समझ सकते। क्योंकि कांग्रेस एक डूबता जहाज है, इसलिए मुझे आश्चर्य है कि वह मोरबी के लोगों की मदद कैसे कर पाएगी? उन्होंने कहा कि आज जब कोरोना वायरस फैला है, कांग्रेस का एक नेता लोगों के बीच नहीं है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा कार्यकर्ता हर पल लोगों के साथ रह रहे हैं।

कपड़ा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री ने गांधी का नाम लिए बिना कहा, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संसद में भी मौजूद नहीं थे, वह छुट्टियों पर गए थे। वह तब वहां नहीं थे जब लोगों को उनकी जरूरत थी। उन्होंने कहा, कोई नहीं बता सकता,जिन्हें पार्टी की कमान सौंपने की योजना बनाई जा रही है, वह कब छुट्टियों पर चले जाएं। उन्हें पता है उनकी पार्टी डूब रही है, तब भी वह छुट्टियों पर चले जाते हैं। ऐसी पार्टी पर अपना वोट बर्बाद ना करें। भाजपा का समर्थन करें , जिसने हमेशा आपकी सेवा की है। किसानों के मुद्दे पर ईरानी ने दावा किया कि जब इस मुद्दे पर चर्चा की गई तब राहुल गांधी संसद में मौजूद तक नहीं थे।

उन्होंने आरोप लगाया, वे स्वार्थी लोग हैं। वे हमेशा किसानों की बात करते हैं, लेकिन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और अमेठी के पूर्व सांसद जब इस मुद्दे पर चर्चा हुई तब संसद में मौजूद तक नहीं थे। कांग्रेस ने हमेशा किसानों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस विधायकों के इस साल की शुरुआत में राज्यसभा चुनाव से पहले इस्तीफा देने की वजह से गुजरात में उप चुनाव कराए जा रहे हैं।

## विश्वसनीयता से सामना करने के लिए भारत को अपने घरेलू मुद्दे सुलझाने होंगे : थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि अब तक भारत नियम बनाने वाले के बजाय नियम को स्वीकारने वाले देश की भूमिका में ज्यादा रहा है। अगर वह दुनिया में नियमों के संदर्भ में योगदान देने की भूमिका में आना चाहता है तो उसे अर्थव्यवस्था समेत अपने घरेलू मुद्दों को सुलझाना होगा तथा नैतिक बल रखना होगा।पूर्व विदेश राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि वह हमेशा यह दलील देते रहे हैं कि भारत की अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता उसके घरेलू हालत का प्रतिबिंब होती है और अपने घर में उसकी सफ्लता ही इस बात की सबसे बड़ी गारंटी होती है कि हमारा विदेश में सम्मान हो तथा हम प्रभावशाली भी हों।

उन्होंने पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के कार्यक्रम में कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम घरेलू स्तर पर कुछ बहुत बुरे वर्षों से गुजरे हैं जहां सामाजिक एजुटता भंग हुई है, कोरोना वायरस महामारी का अनियंत्रित प्रसार हुआ है।

## मुंबई के मॉल में आग : निकटवर्ती इमारत से 3,500 लोग बाहर निकाले




**मुंबई।** मुंबई में अग्निशमन विभाग के कर्मी यहां एक मॉल में लगी आग को काबू करने में पिछले 12 घंटे से जुटे हैं। मॉल के पास स्थित एक अन्य इमारत से 3,500 लोगों को एहतियात के तौर पर बाहर निकाला गया है।

नगर निकाय के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई सेंट्रल क्षेत्र में स्थित सिटी सेंटर मॉल में बृहस्पतिवार रात आठ बजकर 50 मिनट पर आग लग गई और आग पर काबू पाने की कोशिश में दो अग्निशमन कर्मी भी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि इस मॉल में एक भूमिगत तल के साथ तीन मंजिल हैं और यहां से करीब 300 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दमकल के 24 इंजन और 16 बड़े टैंकर समेत दमकल की कुल 50 गाड़ियां आग पर काबू पाने के काम में जुटी हुई हैं। इसके अलावा 250 से अधिकारी अधिकारी और दमकलकर्मी भी तैनात हैं। बताया गया कि आग बुझाने की कोशिश के दौरान एक दमकल कर्मी का दाहिना हाथ मामूली रूप से जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे निकटतम जेजे अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत स्थिर है। आग मॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में लगी थी। इस मंजिल पर ज्यादातर दुकानें मोबाइल और उससे जुड़ी सामग्रियों की ही हैं।

बीएमसी ने बताया कि मॉल के पड़ोस में स्थित 55 मंजिला ओर्चिड एन्क्लेव के 3,500 लोगों को एहतियात के तौर पर बाहर निकाला गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब मॉल में आग लगी, तो वहां से 300 लोगों को बाहर निकाला गया। इस आग को शुरुआत में स्तर-एक यानी मामूली श्रेणी में रखा गया था, लेकिन इसे रात 10 बजकर 45 मिनट पर स्तर-तीन तक बढ़ा दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं के सशक्तीकरण का संकल्प लें : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दुर्गा पूजा की पूर्व संध्या पर नागरिकों को बधाई देते हुए शुक्रवार को कहा कि लोगों को इस मौके पर महिलाओं यानी मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदियों से चला आ रहा दुर्गा पूजा का त्योहार पूरे भारत में विशेषकर पूर्वी भारत में दस दिन तक मनाया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा, त्योहार के दौरान श्रद्धालु शक्ति की देवी के रूप में मां दुर्गा, बुद्धि की देवी सरस्वती और समृद्धि दायिनी देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा, दुर्गा पूजा हमारी परंपरा में महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है और इस अवसर पर हम सब को महिलाओं के सशक्तीकरण का दृढ संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि अजेय असुर पर विजय पाने के लिए देवी दुर्गा ने सभी देवताओं की सामूहिक शक्ति का प्रयोग किया था। राष्ट्रपति ने कहा, इससे हमें यह संदेश प्राप्त होता है कि इस कठिन समय में हम सब भी एकजुट होकर हर प्रकार के संकट पर विजय पा सकते हैं। राष्ट्रपति भवन के एक बयान के अनुसार कोविंद ने कहा, दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेश में बसे अपने देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

### पंजाब कृषि कानूनों को लेकर नहीं चाहता केंद्र से टकराव

**नई दिल्ली।** पंजाब के वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने शुक्रवार को कहा कि उनका राज्य केंद्र के साथ कोई टकराव नहीं चाह रहा है। वह केंद्र से कृषि कानूनों को लागू करने से पहले अपना अहम त्याग देने एवं संबंधित पक्षों से चर्चा करने की अपील भर कर रहा है। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार के साथ कोई टकराव नहीं चाह रहे हैं। पंजाब बस इतना कह रहा है कि आप क्यों उस व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ करना चाहते हैं जो समय की कसौटी पर खरी उतरी है और जिसने भारत को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के एक डिजिटल कार्यक्रम में कहा, यह अंह क्यों है कि केवल हमें ही सबसे अच्छा मालूम है। भारत जैसे विविधतापूर्ण एवं विशाल देश में कोई एक मॉडल हर हिस्से के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता है और हमारे पास हर राज्य के हिसाब से दो या दो से अधिक मॉडल हो सकते हैं। वित्त मंत्री का बयान पंजाब विधानसभा द्वारा केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ चार विधेयकों को पारित करने की पृष्ठभूमि में आया है। पंजाब कृषि कानूनों का विरोध कर रहा है और उसने यह कहते हुए केंद्र से उन पर पुनर्विचार करने की अपील की कि वे किसानों को निजी हाथों के रहमोकरम पर छोड़ देंगे।

### टीआरपी फर्जीवाड़ा मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स (टीआरपी) फर्जीवाड़ा मामले में नौवीं गिरफ्तारी की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की अपराध खुफिया इकाई (सीआईयू) ने उपनगर चांदीवली निवासी हरीश कमलकार पाटिल (45) को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि पाटिल को बृहस्पतिवार शाम गिरफ्तार किया गया। उनका नाम हंसा रिसर्च एजेंसी के पूर्व कर्मचारियों, रामजी शर्मा और दिनेश विश्वकर्मा से पूछताछ के दौरान सामने आया था। उन्होंने बताया कि यह संदेह है कि पाटिल ने टीआरपी को फर्जी तरीके से बढ़ाने के लिए कुछ टीवी चैनलों से पैसे लिए थे। जांच में यह खुलासा हुआ कि पाटिल और फरार आरोपी अभिषेक कोठावाले के बीच कुछ वित्तीय लेन-देन हुआ था। अभिषेक मैक्स मीडिया नाम से एक कंपनी चलाता है। अधिकारी ने बताया कि पाटिल ने जांच शुरू होने के बाद शहर से भागने में अभिषेक की कथित तौर पर मदद की थी। यह कथित टीआरपी घोटाला उस वक्त प्रकाश में आया था, जब ब्रॉडकास्ट ऑडिएंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) ने हंसा रिसर्च ग्रुप के मार्फत पुलिस के पास एक शिकायत दर्ज करा कर आरोप लगाया था कि कुछ टीवी चैनल विज्ञापन देने वालों को लुभाने के लिए टीआरपी के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा कर रहे हैं।

### राजभर का विधायक पर जातीय हिंसा भड़काने का आरोप

**बलिया (उत्तर प्रदेश)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह पर जातीय हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद से बड़े माफिया सत्तारूढ़ दल में हैं। ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार को बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव में गए थे, जहां विगत 15 अक्टूबर को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन के दौरान हुए विवाद में में जय प्रकाश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दुर्जनपुर में पाल परिवार से मिलने के बाद ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दुर्जनपुर हत्याकांड में मुख्य आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह का बचाव कर रहे भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह पर जातीय हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि सुरेंद्र सिंह भाजपा के इशारे पर लगातार बेतुका बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि सुरेंद्र सिंह के स्थान पर किसी दूसरे दल के नेता ने बयानबाजी कर दिया होता तो अब तक उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया होता।

### तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाने पर किया गिरफ्तार

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** नागपुर पुलिस ने जन्मदिन मनाने के लिए कथित रूप से तलवार से केक काटने के मामले में 19 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि युवक की तलवार से केक काटते समय की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं, जिसके बाद नागपुर पुलिस की अपराध शाखा ने उसे गिरफ्तार किया। पारडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा, आरोपी निखिल पटेल ने 21 अक्टूबर को अपना जन्मदिन मनाया था। वह और उसके मित्र उस दिन तड़के, चार बड़े केक लेकर आए। इसके बाद पटेल ने तलवार निकाली और अपने मित्रों की मौजूदगी में चारों केक काटे। उन्होंने कहा, तलवार से केक काटने का वीडियो और तस्वीरें व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर वायरल हो गईं। इसके बाद अपराध शाखा ने पटेल के घर छापा मारा और तलवार बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पटेल के खिलाफ हथियार कानून एवं मुंबई पुलिस कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों की मांगी सूची

**लखनऊ(उप्र)।** लखनऊ स्थित पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुख्यालय ने पुलिस विभाग के सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर सरकारी सेवा में दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिए छांटे गए पुलिसकर्मियों की सूची मांगी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 वर्ष की उम्र पार कर चुके अक्षम सरकारी कर्मियों को जबरन सेवानिवृत्त किए जाने के आदेश दिए थे। इसके लिए कुछ माह पहले मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने शासनादेश भी जारी किया था। इसके अनुपालन में पुलिस महकमे में अब तेजी दिखाई पड़ रही है। डीजीपी मुख्यालय ने 21 अक्टूबर को पुलिस विभाग के सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर सरकारी सेवा में दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिए छांटे गए पुलिसकर्मियों की सूची मांगी है। पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शासनादेश के अनुसार पुलिस महकमे में 50 वर्ष की उम्र पार कर चुके कार्मिकों की उनके कामकाज के आधार पर समीक्षा कर अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्ति दी जा रही है।

### बदमाशों ने भाई-बहन पर फेंका तेजाब, दो गिरफ्तार

**अलीगढ़ (उप्र)।** अलीगढ़ के देहली गेट इलाके में आईपीएल मैच को लेकर सट्टेबाजी के दौरान हुए झगड़े में बदमाशों ने भाई-बहन पर कथित रूप से तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात को हुई। देहली गेट थाना के निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया कि आमिर खान (24) और उसकी बहन शाइस्ता पर दिलशाद और मोहसिन ने कथित रूप से हमला किया था। दिलशाद और मोहसिन को पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आईपीएल मैच के दौरान आमिर और दिलशाद के बीच सट्टेबाजी को लेकर बहस हुई थी। इसके बाद बदमाशों ने भाई-बहन पर कथित रूप से तेजाब फेंक दिया।

# छात्र फंड से टीचरों को वेतन भुगतान पर रोक

## आप सरकार को हाईकोर्ट से झटका

### सरकार ने 12 कॉलेजों को दिए थे निर्देश-स्टूडेंट सोसाइटी फंड से चुकता करें बकाया




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी सरकार को झटका दते हुए उसके उस निर्णय पर रोक लगा दी जिसमें उसके द्वारा वित्त पोषित दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कालेजों के कर्मचारियों का बकाया वेतन देने के लिए छात्र निधि का इस्तेमाल करने को कहा गया था।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में कहा गया था कि छात्र निधि का इस्तेमाल, छात्र कल्याण के अतिरिक्त और किसी काम के लिए नहीं किया जा सकता।

डूसू के वकील ने कहा कि निधि का इस्तेमाल शिक्षकों को वेतन देने के लिए नहीं किया जा सकता। दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी याचिका का समर्थन किया। दिल्ली सरकार ने 16 अक्टूबर को आदेश दिया था कि उक्त 12 कालेज, अपने शैक्षिक तथा गैर शैक्षिक कर्मचारियों का बकाया वेतन, छात्र निधि से दें और यह राशि दो सप्ताह के भीतर जारी की जाए। कालेज के कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। गौरतलब है कि डीयू से संबद्ध दिल्ली सरकार वित्त पोषित 12 कॉलेजों का फंड विवाद पिछले कई वर्षों से जारी है। जिसके तहत पिछले पांच महीनों से इन कॉलेजों के शिक्षक व कर्मी वेतन ना मिलने को लेकर आंदोलित हैं।

### एबीवीपी, एनएसयूआई ने दर्ज कराया था विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आदेश के बाद छात्र संघ ने तीखी हमला किया था। पिछले दिनों एबीवीपी के बैनर तले छात्रों ने आईटीओ मेट्रो स्टेशन पर धरना भी दिया था। डूसू अध्यक्ष अक्षित दहिया ने कहा सोसायटी फंड को छात्रों से फीस के रूप में लिया जाता है, ऐसे में फंड का छात्रों के कल्याण के लिए उपयोग न करके कहीं और उपयोग करना अनुचित है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा भी कहा था कि दिल्ली सरकार छात्रों के हितों का संरक्षण करने में विफल रही है। सरकार का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं कॉलेज प्रशासन ने हैरानी जताते हुए सरकार के फैसले को नियमों के खिलाफ बताया था।

# नियुक्ति विवाद, डीयू अपने कुलपति के साथ

## कार्यकारी रजिस्ट्रार ने शिक्षा मंत्रालय से कहा कुलपति त्यागी का नियुक्ति संबंधी निर्णय विवि के मानकों के अनुकूल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यकारी रजिस्ट्रार पीसी झा ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय को यह जानकारी दी कि कुलपति योगेश त्यागी द्वारा हाल ही में लिए गए नियुक्ति के फैसले विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुपालन में हैं। बृहस्पतिवार की रात को कुलपति और प्रो कुलपति पी सी जोशी के बीच विवाद में हस्तक्षेप करते हुए मंत्रालय ने कहा कि त्यागी द्वारा की गई नियुक्तियां वैध नहीं हैं क्योंकि वह अवकाश पर हैं।

बृहस्पतिवार को ही दिन में तब विवाद उठ खड़ा हुआ जब त्यागी ने जोशी को प्रो-कुलपति पद से हटा कर उनकी जगह विश्वविद्यालय के नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड की निदेशक गीता भट्ट को नियुक्त कर दिया। इस बीच, जोशी ने नए रजिस्ट्रार, विकास गुप्ता की नियुक्ति को अधिसूचित किया और बुधवार को कार्यकारी परिषद द्वारा उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी गई। हालांकि, उसी दिन, त्यागी ने कार्यकारी रजिस्ट्रार और साउथ कैंपस के निदेशक के रूप में पीसी झा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी थी।

झा ने मंत्रालय को लिखे एक पत्र में कहा, कुलपति योगेश त्यागी, ने डीयू के अधिनियम, कानून और अध्यादेश के अनुपालन में निर्णय लिया है। यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के निदेशक के रूप में पीसी झा अपनी जिम्मेदारी के अलावा अंतरिम व्यवस्था के तहत रजिस्ट्रार के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। साथ ही गीता भट्ट को पीसी जोशी के स्थान पर प्रो वीसी के रूप में नियुक्त किया गया है।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को लिखे अपने पत्र में, शिक्षा मंत्रालय में उप सचिव ने लिखा है कि कुलपति द्वारा अवकाश के दौरान कार्यालय आए बिना और आधिकारिक रुप से उपस्थित हुए बिना जारी किया गया यह आदेश वैध नहीं हैं और विश्वविद्यालय पदाधिकारी को इसे मानना नहीं चाहिए।

# एलएनजेपी में बनेगा सबसे ऊंचा 25 मंजिला ब्लॉक

## 500 बिस्तरों की होगी सुविधा, केजरीवाल ने रखी आधारशिला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में ।,500 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक ब्लॉक के निर्माण के लिए शुक्रवार को आधारशिला रखी। दिल्ली सरकार द्वारा संचालित इस अस्पताल में इस समय दो हजार बिस्तर हैं, जिनमें से सभी कोरोना वायरस रोगियों के लिए समर्पित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने एलएनजेपी के कोरोना योद्धाओं की प्रशंसा भी की, जो या तो अपनी जान गंवा चुके हैं या अपनी सेवाएं जारी रखे हुए हैं।

अस्पताल परिसर में इस 25 मंजिला ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद केजरीवाल ने कहा कि राजधानी के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। इस मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतएंद्र जैन भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा, 25 मंजिलों वाला यह अत्याधुनिक ब्लॉक पूरी तरह से वातानुकूलित होगा और साथ ही इसमें मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और अन्य सुविधाएं होंगी। इस ब्लॉक के निर्माण से एलएनजेपी अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 3,500 हो जाएगी और अस्पताल के एक अन्य ब्लॉक में भी 300 और बिस्तर बनाए जा रहे हैं। इसलिए बिस्तरों की कुल संख्या 3,800 हो जाएगी और इस तरह एलएनजेपी अस्पताल देश में सबसे बड़े अस्पतालों में से एक होगा।

# कांस्टेबल को बस चालक ने किया अगवा, यूपी में छोड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को कश्मीरी गेट इलाके से एक निजी बस के चालक और उसके सहायकों ने अगवा कर लिया और यूपी के फिरोजाबाद में रिहा कर दिया।

उन्होंने बताया कि बाद में बस मध्यप्रदेश के भिंड में पाई गई। पुलिस ने बस के मालिक और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया है। कश्मीरी गेट पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल सचिन गश्त ड्यूटी पर था। गश्त के दौरान कांस्टेबल को बस में से किसी महिला के चिल्लाने की आवाजें सुनाई पड़ी, उन्होंने बताया कि कांस्टेबल को कुछ संदिग्ध लगा जिसके बाद वह बस में चढ़ गया, लेकिन सहायक बस चालकों ने उसे पकड़ लिया और बस की जमीन पर बैठा दिया।

# कोरोना को लेकर सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी: हर्षवर्धन

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 8 से अधिक समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद करते स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य डॉ. हर्ष वर्धन ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के समिति अध्यक्षों से कोरोना से बचाव के प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के काम में जुट जाने का आग्रह किया। उन्होंने आज 80 से अधिक समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद करते हुए कहा कि अभी कोरोना का खतरा समाप्त नहीं हुआ, कुछ लोग कोरोना को समाप्ति के करीब मानते हुए एहतियात बरतने में लापरवाही कर रहे हैं। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि कोरोना को शीघ्र समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि सभी लोग सही तरीके से मास्क पहनें, मास्क से मुंह और नाक को ढके रखें, आपस में दो गज की दूरी बनाए रखें, नियमित रूप से हाथ धोएं और भीड़भाड़ से दूर रहें। उन्होंने कहा कि ये साधारण सावधानियां हैं, जो कोरोना से बचाव में राम-बाण का काम कर सकती हैं। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि आज भारत में रिकवरी दर लगभग 90 प्रतिशत है जो कि विश्व में सबसे अधिक है। इसी तरह मृत्यु दर 1.51 प्रतिशत है जो कि न्यूनतम है। हमने देश में जांच प्रयोगशालाओं का लगातार विस्तार किया है, शुरू में केवल एक प्रयोगशाला थी, जबकि आज लगभग 2000 प्रयोगशालाएं हैं। हमने कुल 10 करोड़ से अधिक जांच कर ली हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत अब कोरोना के खिलाफ जंग में निर्णायक स्थिति में है। डॉ. हर्ष वर्धन ने सर्दियों और त्योहारों के तीन महीनों में अधिक सावधानी बरतने पर जोर दिया।

# फीस बढ़ोतरी से परेशान अभिभावक, डीएम से गुहार

**नोएडा।** डीपीएस दिल्ली पब्लिक स्कूल जीबीएन एक्सप्रेसवे नोएडा के दर्जनों अभिभावक जिलाधिकारी से मिलने उनके कैम्प ऑफिस सेक्टर 27 पर जिलाधिकारी के पीआरओ को ज्ञापन सौंप दिया। अभिभावकों की मुख्य मांगों में बच्चों की ऑनलाइन एसाइनएनमेंट, उनके रिपोर्ट कार्ड और फ्रीस में रियायत है। आरोप है कि अभिभावकों द्वारा पूरी फीस नहीं देने पर 132 के बच्चों को ऑनलाइन एसाइनएनमेंट को भेजना बंद कर दिया है तथा बच्चों की के रिपोर्ट कार्ड भी रोक दिये गए हैं जिससे बच्चे और अभिभावक दोनों मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

# अंधेरे में डूब सकती हैं ग्रेनो की सड़कें

## दो नंवबर तक वेतन नहीं मिला तो कर्मचारी बंद करेंगे स्ट्रीट लाइट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सैलरी ना देने वह विद्युत विभाग में तैनात कर्मचारियों में भेदभाव करने के आरोप में विद्युत विभाग कर्मचारी संघ ने गौतम बुध नगर कमिश्नर वह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के नाम ज्ञापन दिया है।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष नरेश शर्मा कहना है कि यदि प्राधिकरण उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो 2 नवंबर 2020 से अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत की जाएगी जिसमें शहर की कोई भी एलईडी स्ट्रीट लाइट्स नहीं जलाई जाएंगी। शर्मा का कहना है कि वर्ष 2018 से और अब तक प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण से कई बार इस मामले में शिकायत की जा चुकी है परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात अधिकारी व नेता अपने अपने रिश्तेदारों को विद्युत विभाग में लगा रखा है और प्रमोशन के नाम पर केवल उन्हीं लोग लोगों का प्रमोशन किया गया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में लगभग 220 विद्युत विभाग के कर्मचारी तैनात हैं परंतु नरेश कुमार शर्मा का कहना है कि केवल 80 ऐसे कर्मचारी हैं जिनको प्रमोशन करके उनके वेतनमान में वृद्धि की गई थी।

# चौराहे पर पेड़ से फांसी लगाकर लटका इंजीनियर, लोगों ने बचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में थाना सेक्टर.20 क्षेत्र के सेक्टर 25 चौराहे पर एक इंजीनियर ने गुरुवार की सुबह पेड़ से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया है।

आसपास के लोगों ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। दूसरी ओर सोरखा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फ ंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शुभम द्विवेदी 30 वर्ष पुत्र धीरेंद्र द्विवेदी ने आज सुबह सेक्टर 21,25 चौराहे पर पेड़ से फं दा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे ऐसा करते हुए देख लिया। उसे फंदे से उतारकर नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि लॉकडाउन की वजह से उसकी नौकरी छूट गई थी।

# गाजियाबाद में बदमाशों का आतंक एक ही दिन में चार लोगों को लूटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

शुक्रवार दिन निकलते ही बदमाशों ने थाना कविनगर क्षेत्र में एक बार फिर तांडव मचाया। कार सवार हथियारबंद बदमाशों ने दो महिला समेत चार लोगों से लूटपाट की।

मॉर्निंग वॉक पर जा रहे एक युवक का जहां बदमाशों ने कटर से कड़ा काट कर लूट लिया, वही दूसरे युवक और महिला से हथियारों से बल पर कड़े उतरवा लिए। इसके अलावा दूसरी महिला से चेन लूट ली। थोड़ी ही देर में हुई लूटपाट की चार वारदातों से लोगों के साथ पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया।

कविनगर में रहने वाले रचिन सपरा को कार में सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने घेर लिया और करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का हाथ में पहना हुआ कड़ा लूट लिया। विरोध करने पर उन्हें गोली मारने की धमकी दी गई। उधर राजनगर निवासी महिला से भी बदमाशों ने हथियारों के बल पर हाथों में पहने कंगन उतरवा लिए और भाग निकले। वहीं शास्त्री नगर में भी बदमाशों द्वारा एक महिला से चेन लूटने की वारदात हुई है।

# दिल्ली-एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले दो धरे

**गाजियाबाद।** थाना कौशांबी पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी और चेन झपटमारी करने वाले एक 2 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार कर उनसे एक चोरी की बाइक और एक स्कूटी के अलावा अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी अंशु जैन ने बताया कि थाना कौशांबी इंचार्ज अजय कुमार सिंह चेकिंग अभियान के दौरान दो लोगों को एक चोरी की मोटरसाइकिल पर आते हुए गिरफ्तार किया गया। इनके नाम प्रेम सिंह तथा अजय यादव हैं। दोनों आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाहनों की चोरी करते थे।

# महिला अपराधों पर लगाम, 24 घंटे मिलेगी मदद

## हेल्प डेस्क शुरू, दो महिला कांस्टेबल पूरे दिन रहेंगी तैनात: एएसपी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर रोकथाम के लिए राज्य सरकार के मिशन शक्ति के तहत जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क को लोकार्पण कर दिया गया है।

गाजियाबाद नगर निगम की मेयर आशा शर्मा ने थाना कविनगर में रिबन काटकर इस जिला व्यापी महिला डेस्क का उद्घाटन किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी डा. अजय शंकर पांडे, एसएसपी कलानिधि नैथानी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि महिला डेस्क पर 24 घंटे दो महिला कांस्टेबल की ड्यूटी लगायी गई है।

# बेल पर छुटे कैदियों को 13 तक करना होगा सरेंडर

## दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, अब नहीं बढ़ेगी जमानत अवधि-लॉकडाउन में लगी थी रोक

### महामारी के चलते 356 विचाराधीन कैदियों को मिली थी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसला किया है कि कोविड-19 महामारी को काबू करने के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान और उससे पहले मंजूर की गई जमानत और अंतरिम रोक की अवधि बढ़ाने का उसका आदेश 31 अक्टूबर के बाद प्रभावी नहीं रहेगा।

अदालत ने कहा कि जिन विचाराधीन कैदियों की जमानत अवधि बढ़ाई गई थी, उन्हें दो नवंबर से 13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से आत्मसमर्पण करना होगा। उसने कहा कि यह आदेश उन 356 कैदियों पर भी लागू होगा, जिन्हें अदालत ने जमानत दी है और उन्हें 13 नवंबर को जेल प्राधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

इससे पहले, अदालत ने कोविड-19 महामारी के चलते अपने और जिला अदालतों में उन लंबित मामलों पर सभी अंतरिम आदेशों की अवधि 31 अगस्त से बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक कर दी थी, जिनमें अंतरिम आदेश की अवधि 31 अगस्त या उसके बाद समाप्त होने वाली थी। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पूर्ण पीठ ने कहा कि जघन्य अपराधों में संलिप्त जिन 2,318 विचाराधीन कैदियों की जमानत मंजूर की गई थी और जिनकी जमानत की अवधि अदालत के आदेश के आधार पर समय-समय पर बढ़ाई गई।

उनकी जमानत की अवधि 31 अक्टूबर को सप्ताह होगी और उन सभी को दो नवंबर से 13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से आत्मसमर्पण करना होगा।

# फेसबुक पर झांसा देकर रिटायर्ड अधिकारी से ठग लिए 50 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**डीडीए** के एक रिटायर्ड एक अधिकारी को फेसबुक पर विदेशी महिला से दोस्ती करना भारी पड़ गया। महिला ने उन्हें अपने जाल में फंसाकर 50 लाख रूपये ठग लिए।

आरोप है कि विदेशी महिला ने मिलने के लिए भारत आने का झांसा दिया था। कई तरह का गिफ्ट भेजकर और भी रुपए ठगने की कोशिश की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा के स्वर्णनगरी में रहने वाले आरएस पुंडीर डीडीए के रिटायर्ड अधिकारी हैं। फरवरी 2019 में एक विदेशी महिला से फेसबुक व व्हाइट्सप के माध्यम से दोस्ती हुई। विदेशी महिला ने अपना नाम विक्टोरिया ड्राइव और लंदन की रहने वाली बताया। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी।

अप्रैल 2019 में महिला का फोन आया और उसने बताया कि वह भारत आकर राजधानी दिल्ली एयरपोर्ट से फोन कर रही है। महिला ने ब्रिटिश लॉज में रूकने की बात कही और भारत भ्रमण की इच्छा जताई।

विदेशी महिला ने कहा कि वह ब्रिटिश बैंक का ड्रॉफ्ट भी साथ लाई है, जो भारतीय मुद्रा में बदलना चाहती है, लेकिन उनका ड्राफ्ट बदलने में समय रहा है। विदेशी महिला के झांसे में आकर रिटायर्ड अधिकारी ने कई बार में 50 लाख रुपए उनके बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

# संक्षिप्त समाचार



### सैकड़ों महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**नोएडा।** भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा काफी सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा किए देश में महिलाओं का बहुत योगदान है। महानगर ने इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति होने से नोएडा भाजपा को मजबूती मिलेगी। नोएडा महिला मोर्चा प्रभारी गिरजा सिंह, पूनम सिंह और महिला नेतृत्व कर रही प्रज्ञा पाठक शर्मा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ है। इस मौके पर जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा आदि सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

### गाजियाबाद में बढ़ेगी टीबी जांच सुविधा

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद को पांच ट्रूनेट मशीनें और मिलेंगी। इन मशीनों के आने से जनपद में टीबी जांच की सुविधा बढ़ जाएगी। अभी तक जनपद में केवल चार स्थानों पर सीबीनॉट मशीनों से बलगम की जांच की जाती है। एक ट्रूनेट मशीन जिला एमएमजी अस्पताल में कोविड जांच में लगी हुई है। नई ट्रूनेट मशीनें आने के बाद जनपद में सीबीनॉट और मशीनों की संख्या 10 हो जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी जेपी श्रीवास्तव ने बताया राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षय रोग विभाग को सशक्त बनाया जा रहा है। सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैंए ताकि कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। शासन ने हाल ही में जिले के लिए पांच नई मशीनें स्वीकृत की हैं। यह मशीनें 30 अक्टूबर को जिला क्षय रोग विभाग को सौंपी जाएंगी।

### निगम बोर्ड व कार्यकारिणी की बैठक बुलाने की मांग

**गाजियाबाद।** नगर निगम बोर्ड व कार्यकारिणी बैठक बुलाने की मांग को लेकर सभी विपक्षी दल लामबन्द हो गए है। बसपा सपा और कांग्रेस के सदन नेताओं ने साफ कर दिया है कि यदि आगामी 1 नवंबर तक नगर निगम की बोर्ड की बैठक नहीं बलायी गई तो आगामी 2 नवम्बर से तीनों दलो के सदन नेता निगम मुख्यालय पर बेमियादी भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। खास बात यह है कि गत वर्ष नगर निगम की बोर्ड बैठक नवम्बर 2019 में हुई थी इसके बाद बोर्ड की कोई बैठक अभी तक नही हुई । बसपा के नेता सदन आनन्द चौधरी काग्रेंस के नेता सदन जाकिर अली सैफी व सपा के नेता सदन कल्लन भाई ने यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा है कि नगर निगम का प्रशासन नगर निगम बोर्ड और नगर निगम कार्यकारिणी द्वारा लिये गये फैसलो के तहत ही कोई निर्णय ले सकता है लेकिन नगर निगम के अधिकारी निरंकुश होकर जनता से जुड़े फैसले ले रहे है जो बिल्कुल गलत है।

### चालीस देशों के नागारिक सीख रहे योग

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित एडवांस लेवल टेलीकाम ट्रेनिंग सेंटर (एएलटीटीसी) में इन दिनों तकनीकी प्रशिक्षण के लिये 40 देशों से आये विदेशी भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत होकर अचम्भित और आकर्षित हुए है। विदेश से आए इन इंजीनियरों ने यहां माथे पर तिलक लगाकर अभिवादन की प्रकिया के साथ ही गायत्री मंत्र का जाप, योग क्रियाओ में सूर्य नमस्कार, सरस्वती वंदना और हाथ जोड़कर अभिवादन करने की सीख आनंद की अनुभूति ले रहे है। एएलटी सेंटर में दक्षिण एशिया सहित विभिन्न देशों से काफी संख्या में इंजीनियर टेलीकाम सेक्टर का प्रशिक्षण लेने आये हुए है। मुख्य महाप्रबंधक एमके सेठ भारतीय संस्कृति की परम्परा निभाते हुये इनका तिलक लगाकर ओर फूल भेटकर स्वागत करते हैं। एक सप्ताह से एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के आरंभ होने से पूर्व तडके गायत्री मंत्र का जाप, सूर्य नमस्कार, सरस्वती वंदना व आरती ये विदेशी करते हैं। और तो और नमस्ते कर एक दूसरे का अभि ?वादन करते हैं। उसके बाद ऑनलाइन -5 जी के प्रशिक्षण में शमिल होते है।



# सीने में दर्द की शिकायत के बाद कपिल देव की एंजियोप्लास्टी की गई

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के पहले विश्वकप विजेता क्रिकेट कप्तान कपिल देव की दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को एंजियोप्लास्टी की गई और अगले दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। वह इस समय जिस अस्पताल में भर्ती हैं, उसने यह जानकारी दी। कपिल (61 वर्ष) को गुरुवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद यहां फोर्टिस एस्कोर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट आपात विभाग में ले जाया गया।

अस्पताल ने अपने शुरुआती बयान में सिर्फ सीने में दर्द का ही जिक्र किया था, लेकिन फिर अपडेट स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा कि क्रिकेटर कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा था। उनकी जांच की गई और रात में ही आपात कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इसके अनुसार, इस समय वह डा. अतुल माथुर और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में हैं। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। एंजियोप्लास्टी ब्लॉक हुई धमनियों को खोलने की प्रक्रिया है ताकि हृदय में सामान्य रक्त संचार हो सके।

भारतीय क्रिकेटर संघ (आईसीए) अध्यक्ष और कपिल के मित्र अशोक मल्होत्रा ने एजेंसी को यह जानकारी दी कि अब उनका स्वास्थ्य ठीक है। पूर्व टेस्ट खिलाड़ी मल्होत्रा ने कहा कि वह अब ठीक महसूस कर रहे हैं। मैंने अभी उनकी पत्नी (रोमी) से बात की। वह गुरुवार थोड़ी बेचैनी महसूस कर रहे थे। अस्पताल में उनके परीक्षण किए जा रहे हैं। हालांकि असत्यापित रिपोर्टों के अनुसार 1983 विश्व विजेता की दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी हुई है। हालांकि कपिल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा कि दिल के दौरे की बात अफवाह थी। वह बिलकुल ठीक हैं।

सोशल मीडिया पर कई खिलाड़ियों ने उनकी तेजी से उबरने की कामना की। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि अपना ध्यान रखें। आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली ने ट्वीट किया, आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहा हूं। जल्दी ठीक हो जाइए पाजी। भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया, कपिल देव सर आपके जल्दी से ठीक होने की कामना करता हूं। हमेशा मजबूत रहिए। इस महान आल राउंडर के पूर्व साथी मदनलाल ने ट्वीट किया, जिन्होंने भी जानने के लिए फोन किया, आपकी प्रार्थनाएं परिवार को पहुंचा दी गई हैं जिन्हें आभार के साथ लिया गया है। कैप्स (कपिल), स्वस्थ और मजबूत रहिए।

### 1983 में विश्वकप जिताया

बता दें कि हरियाणा हरिकेन के नाम से मशहूर कपिल देव ने 1983 के विश्व कप में भारत को वेस्टइंडीज पर जीत दिलाई थी और देश को विश्वकप विजेता बनाया था। उन्होंने देश के हजारों युवाओं को क्रिकेटर बनने के लिए प्रेरित किया है। कपिल ने 131 टेस्ट में 5248 और 225 वनडे में 3783 रन बनाए हैं। उन्होंने टेस्ट में 434 और वनडे में 253 विकेट भी लिए।



### 1994 में आखिरी मैच खेला था

कपिल ने 1 अक्टूबर 1978 को पाकिस्तान के खिलाफ क्वेटा में वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने पहला टेस्ट इसी साल 16 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ फैसलाबाद में खेला था। कपिल ने 1994 में क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने आखिरी मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ फरीदाबाद में वनडे खेला था।

### बॉलीवुड में बन रही कपिल की बायोपिक

कपिल देव के जीवन पर बॉलीवुड में बायोपिक फिल्म '83' बन रही है। इसमें लीड रोल रणवीर सिंह निभा रहे हैं। फिल्म में 1983 विश्वकप जीतने पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, इसलिए टाइटल '83' रखा गया है। कपिल को लेकर तीन बायोग्राफी 'बाय गोड्स डिक्री, क्रिकेट माय लाइफ और स्ट्रेट फ्रॉम द हार्ट' पहले ही लिखी जा चुकी हैं।

### एंजियोप्लास्टी ?

एंजियोप्लास्टी को बैलून एंजियोप्लास्टी (Ballon Angioplasty) और परक्यूटेनियस ट्रांसल्यूमिनाल एंजियोप्लास्टी (पीटीए) नामों से भी जाना जाता है। यह हृदय की सर्जरी है जिसमें धमनी के माध्यम से रक्त के प्रवाह को ठीक किया जाता है।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए भिड़ेंगे पंजाब और हैदराबाद

एजेंसी। दुबई



**लगातार** तीन जीत से फिर से पटरी पर लौटने वाला किंग्स इलेवन पंजाब और पिछले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से एक दूसरे का सामना करेंगे। किंग्स इलेवन और सनराइजर्स की स्थिति एक जैसी है। इन दोनों टीमों के 10 मैचों में आठ अंक हैं, लेकिन हैदराबाद की टीम बेहतर रन गति के कारण आठ टीमों की तालिका में अपने प्रतिद्वंद्वी से एक पायदान आगे पांचवें स्थान पर है।

प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए इन दोनों टीमों को अपने बाकी बचे मैच जीतने होंगे। किंग्स इलेवन के लिए टूर्नामेंट की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन पिछले तीन मैचों में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। किंग्स इलेवन ने दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराया तथा केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। किंग्स इलेवन की बल्लेबाजी सुरक्षित हाथों में है। कप्तान राहुल, मयंक अग्रवाल, क्रिस गेल और निकोलस पूरण अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल की फार्म चिंता का विषय है। जिम्मी नीशाम के आने से टीम की बल्लेबाजी और मोहम्मद शमी की अगुवाई वाली गेंदबाजी को भी कुछ मजबूती मिली है। सनराइजर्स को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने होंगे। लगातार तीन हार के बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को आठ विकेट से मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है। डेविड वार्नर की टीम अब प्लेऑफ की उम्मीदों का जीवंत रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

सनराइजर्स के लिए पिछले मैच में सकारात्मक पहलू यह रहा कि वार्नर और जॉनी बेयरस्टॉ की नाकामी के बावजूद टीम मनीष पांडे और विजय शंकर के अर्धशतकों की मदद से 155 रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। जैसन होल्डर को शामिल करने से सनराइजर्स की गेंदबाजी मजबूत हुई है। वेस्टइंडीज के इस आलराउंडर ने रॉयल्स के खिलाफ 33 रन देकर तीन विकेट लिए। लेकिन टीम के युवा खिलाड़ियों प्रियम गर्ग, अब्दुल समद और टी नटराजन को अधिक जिम्मेदारी संभालने की जरूरत है।

### टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद:** डेविड वार्नर (कप्तान), जॉनी बेयरस्टॉ, केन विलियमसन, मनीष पांडे, श्रीवत्स गोस्वामी, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, रिद्धिमान साहा, अब्दुल समद, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, जैसन होल्डर, अभिषेक शर्मा, बी संदीप शर्मा, संजय यादव, फैबियन एलेन, पृथ्वी राज यरा, खलील अहमद, संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, सिद्धार्थ कौल, बिली स्टानलेक, टी नटराजन, बासिल थम्पी।

**किंग्स इलेवन पंजाब:** केएल राहुल (कप्तान), हरप्रीत बराड़, इशान पोरेल, मनदीप सिंह, जेम्स नीशाम, तजिंदर सिंह, क्रिस जॉर्डन, करुण नायर, दीपक हुड्डा, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मुजीब उर रहमान, सरफराज खान, शेल्डन कॉटरेल, मयंक अग्रवाल, मोहम्मद शमी, दर्शन नालकंडे, निकोलस पूरण, क्रिस गेल, मुरुगन अश्विन, जगदीश सुचित, कृष्णप्पा गौथम, हार्डस विलजेन, सिमरन सिंह।

मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।

# दिल्ली के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम, केकेआर को जीत की दरकार

एजेंसी। अबुधाबी

**अंकतालिका** में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखना है, तो उसके बल्लेबाजों को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की तरफ से शिखर धवन बेहतरीन फार्म में हैं और उन्होंने पिछले दोनों मैच में शतक जमाए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण टीम को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

युवा पृथ्वी सॉव को शीर्ष क्रम में अधिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। सॉव पिछली चार पारियों में से दो में खाता नहीं खोल पाए थे। कप्तान श्रेयस अय्यर मांसपेशियों में खिंचाव आने से पहले जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे, वैसी अब नहीं कर पा रहे हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत भी पिछले मैच में क्रीज पर संघर्ष करते नजर आए। अय्यर और पंत के अलावा मार्कस स्टोइनिस दिल्ली के मध्यक्रम की रीढ़ हैं। तेज गेंदबाज एनरिच नोर्जे ने हमवतन दक्षिण अफ्रीकी कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई है। नोर्जे हालांकि चोटिल होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। अगर वह वापसी करते हैं, तो उसकी गेंदबाजी फिर धारदार बन जाएगी। ऐसे में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स को उनके लिए जगह छोड़नी होगी। केकेआर की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शर्मनाक प्रदर्शन के बाद इस मैच में उतरेगी। इस मैच में केकेआर की टीम 84 रन ही बना पाई। इससे टीम के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा होगा। केकेआर के अभी 10 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है, लेकिन इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली टीम प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने अंक बढ़ाने के लिए बेताब होगी।

तेज गेंदबाज लॉकी फर्गुसन का अच्छा प्रदर्शन ही टीम के लिए सकारात्मक रहा है। आंद्रे रसेल खराब फार्म में चल रहे हैं जिससे टीम को नुकसान हुआ है। वह चोटिल होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर वह फिट हो जाते हैं, तो क्या टीम प्रबंधन उन पर भरोसा दिखाता है। केकेआर को भी बल्लेबाजी में मोर्गन, दिनेश कार्तिक, शुभमन गिल और नितीश राणा से उपयोगी योगदान की दरकार है।



### टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), शुभमन गिल, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, आंद्रे रसेल, कुलदीप यादव, लॉकी फर्गुसन, पैट कमिंस, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, टॉम बैंटन, सिद्धेश लाड, कमलेश नागरकोटी, प्रिसिध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम मावी, रिंकू सिंह, क्रिस ग्रीन, एम सिद्धार्थ और निखिल नाइक।

**दिल्ली कैपिटल्स:** श्रेयस अय्यर (क्तान), कैगिसो रबाडा, मार्कस स्टोइनिस, संदीप लामिछाने, ईशांत शर्मा, अजिंक्य रहाणे, रविचंद्रन अश्विन, शिखर धवन, शिमरोन हेटमायर, एलेक्स केरी, मोहित शर्मा, पृथ्वी सॉव, ललित यादव, अवेश खान, अक्षर पटेल, तुषार देशपांडे, ऋषभ पंत, हर्षल पटेल, कीमो पॉल, अमित मिश्रा, एनरिच नोर्जे, डैनियल सैम्स।

मैच दोपहर 3.30 बज मिनट से शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई सिटी एफसी ने गोलकीपर लाचेंपा से किया करार

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मुंबई सिटी एफसी ने आगामी सत्र के लिए युवा गोलकीपर फुर्बा लाचेंपा को अनुबंधित किया है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने मुंबई के साथ 2024 तक करार किया है। शिलांग लाजोंग एफसी अकादमी से फुटबॉल की बारीकियां सीखने वाले लाचेंपा ने 2015 में मेघालय के इस क्लब के साथ पेशेवर करार किया था। सिक्किम के रहने वाले लाचेंपा ने शिलांग की तरफ से चार सत्र में 24 मैच खेले। इसके बाद वह 2019 में आई लीग क्लब रीयल कश्मीर से जुड़ गए थे।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अवधि बढ़ानी चाहिए: मिसबाह

**कराची।** पाकिस्तान के मुख्य कोच मिसबाह उल हक चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का आयोजन उसी तरह से करना चाहिए जैसी उसकी योजना बनाई गई थी और इसके लिए उसकी अवधि बढ़ाने में भी गुरेज नहीं करनी चाहिए। कोविड-19 महामारी के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में व्यवधान पड़ा है और रिपोर्टों के अनुसार आईसीसी उन मैचों में अंक बांटने पर विचार रहा है जो नहीं खेले गए हैं। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार चैंपियनशिप का समापन जून जुलाई 2021 में इंग्लैंड में होने वाले फाइनल से होगा। मिसबाह ने एक यूट्यूब चैनल पर साक्षात्कार में कहा, कोविड-19 के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रभावित हुई है, लेकिन मैं चाहता हूं कि आईसीसी चैंपियनशिप को पूरा करे ओर सभी टीमें अपने मैच खेलें। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मैचों का कार्यक्रम फिर से तय किया जाना चाहिए क्योंकि प्रत्येक टीम को फाइनल में जगह बनाने के लिए उचित मौका मिलना चाहिए।

### पिलिसकोवा और गॉफ ओस्ट्रावा ओपन से बाहर



**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)।** क्वालीफायर वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने दूसरी वरीयता प्राप्त कारोलिना पिलिसकोवा को 4-6, 6-4, 6-3 से हराकर ओस्ट्रावा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह रूसी खिलाड़ी अगले दौर में अमेरिका की जेनिफर ब्राडी से भिड़ेगी जिन्होंने क्वालीफायर डारिया कास्तकिना को 7-5 6-2 से पराजित किया। तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यना साबालेंका ने निर्णायक सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करके अमेरिकी किशोरी कोको गॉफ को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया। ओंस जाबेर ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-4 से जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टन्स ने कारोलिना मुचोवा को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी।

### मुनोज बढ़त पर, वुड्स का निराशाजनक प्रदर्शन

**थाउजेंड ऑक्स (अमेरिका)।** सेबेस्टियन मुनोज ने दो ईगल की मदद से आठ अंडर 64 का कार्ड खेलकर शेरवुड में चल रही जोजो गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में बढ़त बनाई, लेकिन दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। कोलंबिया के मुनोज ने पूरे दौर में उतार चढ़ाव वाला प्रदर्शन किया। उन्होंने दो ईगल किए और आठ बर्डी भी बनाई। इस बीच उन्होंने एक डबल बोगी और तीन बोगी भी की। मुनोज ने एक शॉट की बढ़त बना रखी है। दूसरी तरफ वुड्स के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने चार ओवर 76 का कार्ड खेला जो उनका शेरवुड पर अब तक का सबसे खराब स्कोर है। इससे वह मुनोज से 12 शॉट पीछे हो गए हैं। वुड्स इतने निराश थे कि उन्होंने बाद में बात करने से भी इन्कार कर दिया।

### आर्सनल, टोटेनहैम और एसी मिलान की जीत से शुरुआत

**लंदन।** कार्लोस विनिसियस ने दो गोल करने में मदद की जिससे टोटेनहैम ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लास्क पर 3-0 से जीत हासिल की जबकि आर्सनल ने भी जीत से शुरुआत की। आर्सनल ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके रैपिड वियना को 2-1 से हराया। प्रीमियर लीग के एक अन्य क्लब लीस्टर ने जोर्या लुहान्सक को 3-0 से शिकस्त दी। एसी मिलान ने सेलटिक को 3-1 से पराजित किया, जबकि रोमा ने भी शुरू में पिछड़ने के बाद यंग ब्वायज को 2-1 से हराया। ग्रेनाडा ने पीएसवी इंडहोवेन को हराकर उलटफेर किया। रेंजर्सने ने स्टैंडर्ड लीग को 2-0 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। नीदरलैंड की टीम अज अलकमार ने नैपोली को 1-0 से पराजित करके उलटफेर किया।

#### एशियाई ऑनलाइन टीम शतरंज

# भारतीय पुरुष और महिला टीम सेमीफाइनल में

एजेंसी। चेन्नई

**शीर्ष** वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशियाई नेशन्स (क्षेत्रीय) ऑनलाइन शतरंज कप 2020 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि पुरुष टीम ने मंगोलिया पर संघर्षपूर्ण जीत से अंतिम चार में जगह बनाई।

भारतीय महिला टीम ने अंतिम आठ के दौर में किर्गीस्तान को दोनों मुकाबलों में आसानी से 4-0 और 3.5-0.5 से हराया। सेमीफाइनल शनिवार को खेला जाएगा जिसमें भारतीय महिलाएं मंगोलिया का सामना करेंगी। दूसरी तरफ भारतीय पुरुष टीम को मंगोलिया से कड़ी चुनौती मिली। उसने अपने दोनों मुकाबले 2.5-1.5 के समान अंतर से जीते। पुरुष टीम शनिवार को सेमीफाइनल में ईरान से भिड़ेगी। युवा महिला ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपने दोनों मैच जीते। उन्होंने अलेक्सांदा समागनोवा को जबकि पद्मिनी राउत और पी वी नंदिता ने भी अपने दोनों मैचों में जीत हासिल की। भक्ति कुलकर्णी ने दूसरे मैच में बेगिमाइ जैरबेक के खिलाफ केवल आधा अंक गंवाया। वैशाली ने पूर्व के राउंड में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

## छिन सकती है अजहर अली की टेस्ट कप्तानी

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान अजहर अली को न्यूजीलैंड दौरे से पहले पद से हटाया जा सकता है और उनकी जगह सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम या मोहम्मद रिजवान को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अजहर ने अभी 81 टेस्ट मैच खेले हैं और वह टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी है। सूत्रों के अनुसार क्रिकेट समिति का एक प्रभावशाली व्यक्ति उन्हें पद से हटाना चाहता है, जबकि पीसीबी चेयरमैन और सीईओ भी अजहर को कप्तान बनाए रखने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। अजहर को पिछले साल अक्टूबर में सरफराज अहमद की जगह टेस्ट कप्तान बनाया गया था। इन 12 महीनों में पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया से दो टेस्ट मैच गंवाए। उसने श्रीलंका और बांग्लादेश घरेलू श्रृंखला में जीत दर्ज की लेकिन इंग्लैंड दौरे में तीन टेस्ट मैच की शृंखला में उसे 0-1 से हार झेलनी पड़ी।

# मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजों ने ढाया कहर, सस्ते में ढेर हुए धोनी के धुरंधर

एजेंसी। शारजाह

**मुंबई** इंडियन्स की घातक गेंदबाजी के आगे धोनी के धुरंधरों की एक नहीं चली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन बना सकी। सैम कुरेन अकेले मुंबई की कहर बरपाती गेंदों का सामना कर सके। उन्होंने 47 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह ने शुरुआत में कहर परपाते हुए चेन्नई को बैकफुट पर धकेल दिया उसके बाद टीम दोबारा नहीं उबर सकी। बोल्ट ने 18 रन देकर 4 और बुमराह ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा राहुल चाहर ने 2 और नाथन कुल्टर नाइल ने 1 विकेट झटका।



टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मुंबई के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ड और बुमराह ने शुरुआती ओवरों में ही कहर ढाते हुए चेन्नई को बैकफुट पर धकेल दिया। तीन ओवर में ही सीएसके के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए जिसमें से दो तो अपना खाता भी नहीं खोल पाए। सीएसके का हाल ऐसा बेहाल हुआ कि 3 रन के स्कोर पर ही उसके चार खिलाड़ी पवेलियन लौट गए थे।

# मेरे लिए एक मैच करो या मरो जैसा था : वियज शंकर

एजेंसी। दुबई


**आलराउंडर** विजय शंकर ने कहा कि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच को अपने लिए करो या मरो की तरह लिया था तथा वह जानते थे कि बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करने पर ही वह सनराइजर्स हैदराबाद के अंतिम एकादश में अपना स्थान बचा सकते हैं। मनीष पांडे (नाबाद 83) और शंकर (नाबाद 52) के बीच तीसरे विकेट के लिए 140 रन की अटूट साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ने रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट से जीत दर्ज की। इससे उसके 10 मैचों में आठ अंक हो गए हैं और पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

शंकर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगर मैं व्यक्तिगत तौर पर बात करूं, तो यह मेरे लिए करो या मरो जैसा मैच था। मैं इस मैच को इसी तरह से ले रहा था। मैं बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था और इसलिए मुझे इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करना था। दुर्भाग्य से कहो या सौभाग्य से हमने शुरू में दो विकेट गंवा दिए और ऐसे में टीम ने मुझे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेज दिया। गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करने वाले शंकर ने कहा कि टीम को पिछले दो मैचों में भी जीत दर्ज करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि हमने अंतिम क्षणों में वे मैच गंवाए। इस तरह की जीत से टीम के हर सदस्य का मनोबल बढ़ेगा। हम बाकी मैच जीतकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें बरकरार रख सकते हैं। शंकर ने कहा कि सनराइजर्स के दो विकेट गंवाने के बाद उनकी योजना लंबी साझेदारी निभाने की थी।

# मध्यक्रम के लिए अपनी क्षमता दिखाने का उपयुक्त मौका था : पांडे

एजेंसी। दुबई

**अनुभवी** बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शीर्ष क्रम की नाकामी के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के मध्यक्रम के लिए अपनी क्षमता दिखाने का यह उपयुक्त समय था और उन्हें खुशी है कि वह एक अच्छी पारी खेलने में सफल रहे, जिसका उन्हें लंबे समय से इंतजार था। सनराइजर्स को शीर्ष क्रम में कप्तान डेविड वार्नर और जॉनी बेयरस्टॉ से अच्छी शुरुआत मिल रही थी और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उसके मध्यक्रम को असली परीक्षा से नहीं गुजरना पड़ा था। रॉयल्स के खिलाफ हालांकि वार्नर और बेयरस्टॉ दोनों जल्दी आउट हो गए, जिसके पांडे (नाबाद 83) ने विजय शंकर (नाबाद 52) के साथ मिलकर 140 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई।



### कप्तान वार्नर ने की पांडे और शंकर की तारीफ

सनराइजर्स के कप्तान वार्नर ने इसे शानदार प्रदर्शन करार दिया तथा पांडे और शंकर की जमकर तारीफ की। वार्नर ने कहा कि यह जबर्दस्त प्रदर्शन था। हम इसी तरह का मैच चाहते थे। यह एक संपूर्ण प्रदर्शन था। यह देखकर अच्छा लगा कि इन दोनों (पांडे और शंकर) को अपनी कड़ी मेहनत का इनाम मिला। हमने पूर्व में शुरू में विकेट नहीं गंवाए थे और इसलिए उन्हें मौका नहीं मिला था। वार्नर ने जैसन होल्डर की भी प्रशंसा की जिन्होंने अपने पहले मैच में ही 33 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा कि जैसन के आने से टीम को अतिरिक्त मजबूती मिली है। उसका कद, उसका अनुभव। वह आज बल्लेबाजी नहीं कर पाया लेकिन वह आलराउंड खिलाड़ी है। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाई। आर्चर ने वार्नर और बेयरस्टॉ को जल्दी पवेलियन भेज दिया था। स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने वास्तव में अच्छी शुरुआत की थी। जोफ्रा ने शुरू में ही दो महत्वपूर्ण विकेट ले लिए थे लेकिन हम उन पर दबाव नहीं बना पाए। विकेट बेहतर होता गया। ओस ने भी कुछ भूमिका निभाई।

अपनी शानदार पारी के लिए मैन आफ द मैच बने पांडे ने कहा कि हमारी टीम के मध्यक्रम को लेकर काफी बातें की जा रही थी। यह हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करने का सबसे उपयुक्त समय था। मैंने (टीम मेंटर वीवीएस) लक्ष्मण सर और कोच से बात की। मैं बहुत नहीं सोचना चाहता था और सही तरह से अपने शॉट खेलना चाहता था। पांडे आईपीएल में सबसे पहला शतक लगाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने वर्तमान टूर्नामेंट में दो अर्धशतक बनाए, लेकिन चार अवसरों पर दोहरे अंक में पहुंचने में भी नाकाम रहे। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें पिछले कुछ समय से एक अच्छी पारी का इंतजार था। उन्होंने कहा कि हमने शुरू में ही दो अच्छे बल्लेबाज गंवा दिए थे। लेकिन किसी ने कहा कि यह हमारे पास टीम को मैच जितवाने का मौका है। मुझे लंबे समय से इसका इंतजार था। जोफ्रा (आर्चर) अगर तीसरा ओवर करता तो हम उसे संभलकर खेलते। हमने दो लेग स्पिनरों और भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाने की रणनीति बनाई थी।



# महागौरी की साधना से ही है संभव निष्पाप जीवन



**नवरात्र के नौ दिनों का पावन पर्व अब अंतिम पड़ाव पर है। नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, लेकिन नवरात्र के आठवें और नौवें दिन देवी दुर्गा के नौ रूपों के प्रतीक में कन्या पूजन का भी विधान है, जो इस पर्व के महत्व को और भी बढ़ा देता है। महागौरी को भगवान गणेश की माता के रूप में भी जाना जाता है।**

यह अमोघ फलदायिनी हैं और भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं। महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं।
नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बर धरा कहा गया है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है, इसीलिए इनको वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है और नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया, लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए ये महागौरी कहलाईं।

## महागौरी स्वरूप

महागौरी की चार भुजाएं हैं, उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा में है और नीचे वाली भुजा में त्रिशूल शोभायमान है। बायीं भुजा में डमरू डम-डम बज रहा है और नीचे वाली भुजा से देवी गौरी भक्तों की प्रार्थना सुनकर वरदान देती हैं। जो स्त्री इस देवी की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं, उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वयं करती हैं। कुंवारी लड़की मां की पूजा करती हैं, तो उसे योग्य पति प्राप्त होता है। पुरुष जो देवी गौरी की पूजा करते हैं, उनका जीवनसुखमय रहता है। देवी उनके पापों को जला देती हैं और शुद्ध अंतः करण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं।

## पूजा विधि

नवरात्रे के दसों दिन कुंवारी कन्या को भोजन कराने का विधान है, लेकिन अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है, उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। देवी का ध्यान करने के लिए दोनों हाथ जोड़कर इस मंत्र का उच्चारण करें 'सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यामाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥' महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं। देवी के इस रूप की प्रार्थना करते हुए देव और ऋषिगण कहते हैं 'सर्वमंगल मंग्ल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके. शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते...'

## मंत्र

**1- श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बराधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।**
**2- या देवी सर्वभूतेषु माँ गौरी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

## महागौरी कथा



देवी पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, एक बार भगवान भोलेनाथ पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं, जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्या करने पर जब पार्वती नहीं आतीं, तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचते हैं और माता पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के समान श्वेत और कुंद के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौरवर्ण का वरदान देते हैं। एक कथा के अनुसार भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी, जिसके कारण इनका शरीर काला पड़ गया था। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान इन्हें स्वीकार करते हैं और शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है, जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा, जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गई, लेकिन वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमजोर हो गया। देवी जब तप से उठीं तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है, और मां उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं।

# चित्रों में कृष्ण के उपदेश



**आशा गोस्वामी का कहना है कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में चित्रों का एक महत्वपूर्ण स्थान है चूंकि इसमें धर्म और दर्शन इसके अभिन्न अंग के रूप में होते हैं**

कृष्ण, कथानक अपने आपमें सिर्फ साहित्यिक कार्यों तक सीमित नहीं था, लेकिन इसने अपने आपको भारत के कला प्रारूपों में भी व्याख्यायित किया है, जिसमें मूर्तिकला प्रस्तुतियों, चित्रों, छवियों, पेंटिंग, भित्तिचित्रों व पुरातत्व शामिल हैं। (पुरातत्व, जिसकी अपनी उपांगी मोहरें होती हैं- पुरालेख, सिक्के और स्मारक आदि)। यह आलेख का उद्देश्य एक अनुमान प्रदान करना है कि कैसे श्रीकृष्ण ने भारत की इस विविधतापूर्ण कला परम्परा के जरिए स्वयं को गहराई से व्यक्त किया है। आम तौर पर, चित्रों के नाम हैं, कृष्ण का अर्च अवतार। चित्रों के लिए संस्कृति शब्द है अर्च विग्रह। इसके अलावा, चित्र का अर्थ अपने आप में प्रतिमा शब्द के समानांतर है। जिसका अर्थ होता है छवि। छवियों या प्रतिमाओं के विज्ञान के रूप में, चित्रावली का भारत में लंबा इतिहास रहा है, जो वैदिक काल तक जाता है। एक ऋग्वेद कालिक मंत्र के उल्लेख के अनुसार, एक सर्वोत्तम चित्र है (परम प्रतिमा)।

मौर्य काल के बाद, भारत में मंदिर मूर्तिकला विकसित हुई और यह मुस्लिम आक्रमणों के काल तक जारी रही। मूर्ति विज्ञान का भारत की सांस्कृतिक परम्परा में महत्वपूर्ण स्थान रहा है, चूंकि इसी में धर्म और दर्शन जो इसका अभिन्न हिस्सा था और जैसा कि मूर्ति पूजा धर्म का मूलआधार बनती है। चूंकि धार्मिक एवं दार्शनिक रूझान लोगों के मन से उपजते हैं और इस कारण उनके जीवन में प्रमुख भूमिका साबित होते हैं। चित्र इस प्रकार इन आदर्शों की अभिव्यक्ति की असरकारी पद्धतियों का काम करते हैं और कृष्ण के पसंदीदा चित्रों के संदर्भ में व्यक्त होते हैं और अन्य देवता भी मंदिरों में उनके साथ मूर्तियों में स्थापित कर दिए गए थे। कृष्ण पर आधारित यह कला परम्परा पुराणों व महाभारत के आधार पर विकसित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उन अवधारणाओं छवियों की विषयवस्तुओं का वर्णन करना था, जो समय समयपर कृष्ण से संबंधित थी। इसका उद्देश्य उत्तर पुराण काल में कृष्ण से संबंधित नयी आध्यात्मिक विषयों प्रवृत्तियों व प्रतीकों को चित्रित करना भी है। परिणामस्वरूप, उनके चित्र उनकी अवधारणा के नए अर्थों व आयामों को भित्ति चित्रण के साथ कलमबद्ध किए गए। हालांकि, इस प्रकार धर्मग्रंथों ने उनके चित्रों को ज्यादा आधारभूत संरचना प्रदान की है और कृष्ण की मूर्तिविज्ञान के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है, फिर भी इन दोनों स्रोतों द्वारा कृष्ण अवधारणा की प्रस्तुति में अंतर स्पष्ट नजर आते हैं।

जैसा कि भारत में किसी भी परंपरा को उभरने से रोका नहीं गया है बल्कि विकसित किया गया है, और यही कृष्ण के चित्रात्मक प्रकटन से संबंधित कला परंपरा में भी यही सोच लागू दिखती है। इसने समय और हालात की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं को एक नए प्रारूप में विकसित किया है। इसने अपने भीतर पुराणों से नए आध्यात्मिक विवरणों के अपना दायरा विकसित किए थे और इस प्रकार मूर्तियों ने भारतीय के धार्मिक परिदृश्य में पूजा के अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यमों के रूप में अपनी जगह बनाई। इसलिए, इस दौर के दौरान, कृष्ण की मूर्ति ने भारत की सांस्कृतिक कला में विराट हैसियत हासिल की।

**कृष्ण पर आधारित यह कला परम्परा पुराणों व महाभारत के आधार पर विकसित हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उन अवधारणाओं छवियों की विषयवस्तुओं का वर्णन करना था जो समय-समय पर कृष्ण से संबंधित थी। इसका उद्देश्य उत्तर पुराण काल में कृष्ण से संबंधित नए आध्यात्मिक विषयों, प्रवृत्तियों व प्रतीकों को चित्रित करना भी है।**

अब, मूर्ति को परिभाषित करने के लिए, यह पाया गया है कि आम तौर पर ईश्वर या कृष्ण के चित्र उनकी अनुकृति दर्शाते हैं। भारत में मूति विज्ञान का कला परंपरा का संदर्भ वेदों व उपनिषदों में, प्रतिकृति के रूप में, मिलता है। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि देवताओं की वैदिक अवधारणा ने देवताओं की मूर्तियां बनाने के लिए प्रेरित किया है, जैसा कि वेदों व बाद के कार्यों में देवताओं को आकाश पुरुष या दिवो-नरस कहा गया है और उनका नृ-पेश या इंसानों जैसा रूप भी बताया गया है।

जहां तक कृष्ण के मूर्ति विज्ञान का प्रश्न है यह अगमों व पुराणों जैसे धर्मग्रंथों के आधार पर विकसित हुआ है। ये कार्य कृष्ण के प्रतीक पर अधिक प्रामाणिक सामग्री प्रदान करते हैं, जिन्हें चल, अचल जैसे प्रारूप भी बताया गया है जिनका अर्थ होता है कि वे जो भार में बहुत हल्के और वजन में भारी हैं, हल्के भार वाले प्रतीक चार किस्म के बताए गए है। वौतका, (जिनकी रोज पूजा होती है), उत्सवा (विशेष अवसर पर जिनकी पूजा होती है), बलि (प्रसाद चढ़ाने के साथ हर रोज पूजा के लिए), स्नापना (पवित्र जल छिड़क कर)। जहां अचल प्रतीक पत्थर के बने होते हैं और जो मूल विग्रह व ध्रुव जैसे प्रारूपों के हैं। ध्रुव प्रतीक के निम्न प्रारूप होते हैं मसलन खड़ी मूर्ति (स्थानक), आसन (बैठी हुई) और शायन (लेटी हुई), जो मूर्तियों की वेशभूषा निर्धारण के संदर्भ में उन क्षेत्रों के अपने सांस्कृतिक मानकों व प्रचलनों के अनुसार लोगों द्वारा लागू किए जाते हैं। कृष्ण की इस प्रकार की मूर्तियों के अलावा, अन्य प्रकार की मूर्तियों का कृष्ण मूर्तियों द्वारा उल्लेख मिलता है जिन्हें भगवतपुराग में स्वयं कृष्ण द्वारा उद्धव के साथ संवाद में उल्लेख किया जाता है, जहां वह कहते हैं कि उनकी मूर्तियां मिट्टी, चंदन की लकड़ी, पत्थर, धातु, मिट्टी और मनोमाया द्वारा बनाई जा सकती हैं। आम तौर पर, कृष्ण संबंधी साहित्यिक परम्परा में, कृष्ण की मूर्तियां प्रतीकों के आधार पर बनी हैं, जो व्यक्तिगत स्तर पर मूर्ति बनाने के मुख्य वचनों का काम करती है और इन रूपों से अन्य से अलग करती हैं। मूर्तियों की संरचना अमूर्त रूप में कुछ प्रतीकों के अनुसार अपेक्षित हैं और फिर विशिष्ट प्रतीक के भौतिक अमूर्त रूप में अभिव्यक्त हुई हैं। समस्त देवताओं में, कृष्ण ही हैं जिनकी मध्यकाल की सबसे प्रभावी मंदिर कलारूप रहे हैं, जहां उन्हें वेणुगोपाल, अकेले या राधा के साथ व अन्य रास के दौरान गोपियों संग, गोवर्धन पर्वत थामे, नारद की दृष्टि में योगी के रूप में, बलराम और सुभद्रा के साथ युवा ग्वाले के रूप में, कंस का वध करते योद्धा के रूप में तथा जरासंध और शिशुपाल का वध करते व अर्जुन का रथ चलाते जैसे बहुआयामी रूपों में दिखाया गया है।

प्रतीकों में, कृष्ण या तो दो या चार भुजाओं से शोभायमान हैं। दो भुजाओं वाले कृष्ण अभयदान की मुद्रा में हैं। जबकि, चार भुजाओं वाले कृष्ण हाथों में कमल, चक्र, शंख और छड़ी लिए हुए हैं। विभिन्न संप्रदायों ने मूर्तिगत रूपों में कृष्ण के विभिन्न रूप दिखाए हैं। उदाहरण के लिए, कमल का और शंख का पंथ, यक्ष के साथ संबंधित छड़ी का पंथ का उल्लेख मिलता है (वह हमेशा छड़ी लिए होते हैं।) इसके अलावा, मिथकों में प्रतीकों की संरचना में उसकी भूमिका भी है जहां वह अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ चित्रित हैं। अंत में कहूं कि आइए मान लेते हैं कि कृष्ण की प्रतीकात्मक प्रस्तुति हमें पुराणों तथा महाकाव्य के साहित्यों के पाषाण रूप का सच्चा अनुवाद प्रदान करती है और उसे पूर्ण बनाती है।

**- लेखक प्रसिद्ध भारतीय विद तथा कृष्णकथा विशेषज्ञ हैं।**



## कन्या पूजन

दुर्गा अष्टमी या महानवमी के हवन के बाद कन्या पूजन कर लें। इसमें 02 से 10 वर्ष की आयु की 9 कन्याओं और एक छोटे बालक को भोज कराया जाता है। बालक बटुक भैरव का रूप होते हैं। यदि आपके यहां दुर्गा अष्टमी के दिन ही हवन होता है, तो आप कन्या पूजन के बाद व्रत का उद्यापन कर सकते हैं और पारण करके व्रत को पूरा कर सकते हैं। अन्यथा महानवमी के दिन हवन के बाद कन्या पूजा करें, उनसे आशीर्वाद लेने के बाद नवरात्रि व्रत का उद्यापन पारण के साथ करें।

## पूजा मंत्र

**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैर मरैरपि,**
**सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।**

**बीज मंत्र**

ॐ ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नमो नमः ।।
(मां सिद्धदात्री की पूजा में हवन करने के लिए दुर्गा सप्तशती के सभी श्लोकों का प्रयोग किया जा सकता है।)

# संपूर्णता की देवी हैं मां सिद्धिरात्री

नवरात्रि के नौवें और आखिरी दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति देवी सिद्धिदात्री की पूजा करने से भक्तों को सारी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। देवी सिद्धिदात्री को मां सरस्वती का भी एक रूप माना जाता है, क्योंकि माता अपने सफेद वस्त्र एवं अलंकार से सुसज्जित अपने भक्तों को महाज्ञान एवं मधुर स्वर से मंत्र-मुग्ध करती हैं। सिद्धिदात्री मां की पूजा के बाद ही अगले दिन दशहरा त्योहार मनाया जाता है।

देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है, देवी की चार भुजाएं हैं। दाईं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है और बाईं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल आसन पर विराजमान रहती हैं, मां की सवारी सिंह है। मां की आराधना वाले इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है और शारदीय नवरात्रि के अगले दिन अर्थात दसवें दिन को रावण पर राम की विजय के रूप में मनाया जाता है।

## पूजन विधि

इस दिन माता सिद्धिदात्री को नवाह्न प्रसाद, नवरस युक्त भोजन, नौ प्रकार के पुष्प और नौ प्रकार के ही फल अर्पित करने चाहिए। सर्वप्रथम कलश की पूजा व उसमें स्थपित सभी देवी-देवताओं का ध्यान करना चाहिए। इसके पश्चात माता के मंत्रों का जाप कर उनकी पूजा करनी चाहिए। इस दिन नौ कन्याओं को घर में भोग लगाना चाहिए। नव-दुर्गाओं में सिद्धिदात्री अंतिम हैं और इनकी पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कन्याओं की आयु दो वर्ष से ऊपर और 10 वर्ष तक होनी चाहिए और इनकी संख्या कम से कम 9 तो होनी ही चाहिए। यदि 9 से ज्यादा कन्या भोज पर आ रही हैं तो कोई आपत्ति नहीं है। इस तरह से की गई पूजा से माता अपने भक्तों पर तुरंत प्रसन्न होती हैं। भक्तों को संसार में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन भक्तों को अपना सारा ध्यान निर्वाण चक्र की ओर लगाना चाहिए। यह चक्र हमारे कपाल के मध्य में स्थित होता है। ऐसा करने से भक्तों को माता सिद्धिदात्री की कृपा से उनके निर्वाण चक्र में उपस्थित शक्ति स्वतः ही प्राप्त हो जाती है।

**मां सरस्वती का स्वरूप हैं मां सिद्धदात्री देती हैं सफलता का वरदान**

मां सिद्धदात्री को विद्या की देवी मां सरस्वती का भी स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि में जिन देवियों के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है, उनमें मां सिद्धदात्री को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। इन्हें संपूर्णता की देवी भी कहा गया है। वैसे तो मां सिद्धदात्री की पूजा कभी भी की जा सकती है, लेकिन नवरात्रि के नौवें दिन को श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन विधि-विधान और पूरी निष्ठा से इनकी पूजा करने वाले भक्तों को सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। दुनिया में कुछ भी उसके लिए असंभव नहीं रहता। मां की कृपा से साधक में सभी क्षेत्रों में विजय प्राप्त करने के लिए सामर्थ्य आ जाती है।

## मां सिद्धिदात्री की कृपा से बने महादेव अर्धनारीश्वर



देवी दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप को नव दुर्गाओं में सबसे श्रेष्ठ और मोक्ष प्रदान करने वाला माना जाता है। भगवान शिव ने भी इस देवी की कृपा से यह तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही महादेव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। शिव पुराण के अनुसार जब सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्माजी ने देखा कि उन्होंने जिस ब्रह्मांड की रचना की है, उसमें विकास की गति नहीं है। उन्होंने पाया कि पशु-पक्षी और मनुष्य की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। कहा जाता है कि तब आकाशवाणी के अनुसार ब्रह्माजी ने मैथुनी (प्रजननी) सृष्टि उत्पन्न करने का संकल्प किया। ब्रह्माजी ने जब इस बारे में भगवान विष्णु से पूछा तो उन्होंने महादेव की आराधना करने को कहा।

इसके बाद ब्रह्माजी ने शक्ति के साथ शिव को संतुष्ट करने के लिए तपस्या की। ब्रह्माजी की तपस्या से परमात्मा शिव संतुष्ट हो अर्धनारीश्वर का रूप धारण कर उनके पास गए और अपने शरीर में स्थित देवी शक्ति के अंश को पृथक कर दिया। तब ब्रह्माजी ने उस परम शक्ति की स्तुति की। ब्रह्माजी की स्तुति से प्रसन्न होकर शक्ति ने अपनी भृकुटि के मध्य से अपने ही समान कांति वाली एक अन्य शक्ति की सृष्टि की, जिसने हिमालय की पुत्री पार्वती रूप में जन्म लेकर महादेव से मिलन किया।